संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, शनिवार, 08 मार्च 2025 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive



चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने ऑस्ट्रेलियाई दौरे के आखिरी दिन विक्टोरिया बैरक का दौरा किया।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 | वर्षः 19 अंकः 65 पृष्ठः 12 | RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

# केंद्र सरकार 25,000 जन औषधि केंद्र खोलेगी: मोदी

## आयुष्मान योजना के तहत मुफ्त इलाज की सुविधा भी दे रहीः मोदी

**गुणवत्तापूर्ण**

**जन औषधि को सस्ते इलाज की गारंटी करार दिया, जन औषधि का मंत्र 'दाम कम, दवाई में दम' है : मोदी**



**टीम एक्शन इंडिया**

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को जन औषधि दिवस पर कहा कि केंद्र सरकार सस्ती और गुणवत्तापूर्ण जेनेरिक दवाइयां उपलब्ध कराने के लिए देशभर में 25,000 जन औषधि केंद्र खोलेगी। प्रधानमंत्री ने सिलवासा में एक कार्यक्रम में केंद्रशासित प्रदेश दादरा एवं नगर हवेली तथा दमन एवं दीव के लिए 2580 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं के उद्घाटन एवं शिलान्यास के बाद सभा को संबोधित करते हुए यह बात कही। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज जन औषधि दिवस भी है। उन्होंने जन औषधि को सस्ते इलाज की गारंटी करार दिया। उन्होंने कहा कि जन औषधि का मंत्र 'दाम कम, दवाई में दम' है। मोदी ने कहा कि हमारी सरकार अच्छे अस्पताल भी बनवा रही है, आयुष्मान योजना के तहत मुफ्त इलाज की सुविधा भी दे रही है और जन औषधि केन्द्रों के जरिए सस्ती दवाएं भी दे रही है। आने वाले वर्षों में हम देशभर में 25,000 जन औषधि केंद्र खोलने का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ रहे हैं। अब तक सरकार ने 6,400 करोड़ रुपये से अधिक की सस्ती दवाइयाँ बेची हैं, जिससे लाभार्थियों को लगभग 30,000 करोड़ रुपये से अधिक की बचत होने का अनुमान है। प्रधानमंत्री ने देशवासियों के मोटापे से ग्रसित होने पर चिंता जताई और खाद्य तेल की खपत में कटौती की जरूरत पर बल दिया।

### '2050 तक 44 करोड़ भारतीय मोटापे से ग्रस्त होंगे'

उन्होंने एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि 2050 तक 44 करोड़ भारतीय मोटापे से ग्रस्त होंगे। उन्होंने इसे चौंकाने वाला और खतरनाक आंकड़ा बताया। उन्होंने आगाह किया कि मोटापे के कारण हर तीसरा व्यक्ति गंभीर बीमारियों से ग्रस्त हो सकता है। मोदी ने मोटापे से निपटने के लिए खाद्य तेल की खपत में 10 प्रतिशत की कमी लाने का आह्वान दोहराया। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि समय रहते इस पर ध्यान नहीं दिया गया तो भविष्य में इससे बड़ी स्वास्थ्य समस्याएं पैदा होंगी। उन्होंने कहा, हम सभी को अपने खाने के तेल में 10 प्रतिशत की कटौती करनी चाहिए। हमें हर महीने 10 प्रतिशत कम तेल में काम चलाने का प्रयास करना है। मोटापा कम करने की दिशा में ये एक बहुत बड़ा कदम होगा। इसके अलावा हम व्यायाम को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं। उन्होंने कहा कि सिंगापुर कभी एक द्वीप था, जहां कुछ मछुआरे रहते थे, लेकिन अपने नागरिकों की कड़ी मेहनत के कारण यह बहुत कम समय में एक विकसित देश बन गया। इसी तरह दादरा और नगर हवेली, दमन और दीव को भी बदल सकते हैं। मोदी ने कहा कि केंद्रशासित प्रदेश के लोग यह बदलाव ला सकते हैं।

# तुष्टीकरण की राजनीति कर रही है कांग्रेसः भाजपा

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने शुक्रवार को राज्य का बजट पेश किया। इस बजट में मुसलमानों का विशेष ध्यान रखा गया है। कर्नाटक के इस बजट को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने तीखा हमला करते हुए इसे मुस्लिम लीग का बजट बताया है। शुक्रवार को भाजपा मुख्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में राष्ट्रीय सचिव अनिल एंटनी ने कहा कि कांग्रेस की सरकार तुष्टीकरण की राजनीति कर रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 140 करोड़ भारतीयों को 'विकसित भारत' के लक्ष्य की ओर सशक्त बनाने के लिए समर्पित हैं। हमारा विकास मंत्र है- सभी का सशक्तीकरण और किसी का तुष्टीकरण नहीं। हालांकि, कांग्रेस पार्टी सामाजिक न्याय पर अपनी साख को नजरअंदाज करती दिख रही है और तेजी से मोहम्मद अली जिन्ना की मुस्लिम लीग के आधुनिक संस्करण में तब्दील होती जा रही है। हाल ही में कर्नाटक ने अपने नए आइकन औरंगजेब से प्रेरित बजट जारी किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने वक्फ संपत्तियों की मरम्मत, जीर्णोद्धार और मुस्लिम कब्रिस्तानों के बुनियादी ढांचे और संरक्षण के लिए 150 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृति की है।

कांग्रेस संविधान के खिलाफ धर्म के आधार पर आरक्षण देने का काम कर रही है। हम धर्म के आधार पर समाज को बांटने वाली कांग्रेस सरकार की नीति का विरोध करते हैं।

# पर्यावरण अनुकूल पहलों को बढ़ावा देना आवश्यक : राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु

**वंचितों को लाभ**

**विकास का लाभ समाज के सभी वर्गों, विशेष रूप से वंचितों और हाशिए पर पड़े लोगों तक पहुंचना चाहिए**



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली। राष्ट्रपति** द्रौपदी मुर्मु ने शुक्रवार को सिविल सेवा अधिकारियों से कहा कि जलवायु परिवर्तन और पर्यावरण क्षरण की चुनौतियों से निपटने के लिए पर्यावरण अनुकूल पहलों को बढ़ावा देना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि विकास का लाभ समाज के सभी वर्गों, विशेष रूप से वंचितों और हाशिए पर पड़े लोगों तक पहुंचना चाहिए।

एलबीएसएनएए में 126वें प्रेरण प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग ले रहे राज्य सिविल सेवा अधिकारियों ने आज राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों से अपने कामकाज में स्थिरता और समावेशिता के सिद्धांतों को बनाए रखने का आग्रह किया।

इस अवसर पर राष्ट्रपति ने अधिकारियों को उनकी पदोन्नति और भारतीय प्रशासनिक सेवा में शामिल होने पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को अपनी नई भूमिका में दूसरों को प्रेरित करना चाहिए।


# प्रत्यर्पणः पाक आतंकी तहव्वुर राणा की अर्जी फिर खारिज

**टीम एक्शन इंडिया**

**वॉशिंगटन डीसीः** 2008 मुंबई हमलों के दोषी तहव्वुर राणा के भारत प्रत्यर्पण पर रोक लगाने की याचिका अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को खारिज कर दी। तहव्वुर ने भारत आने से बचने के लिए याचिका दायर की थी। इसमें उसने कहा था कि पाकिस्तानी मूल का मुस्लिम होने की वजह से उसे भारत में प्रताड़ित किया जाएगा। राणा ने याचिका में कहा था कि वह कई बीमारियों से पीड़ित है, अगर उसका प्रत्यर्पण नहीं रोका गया तो वह भारत में सर्वाइव नहीं कर पाएगा। इसलिए उसके प्रत्यर्पण पर इमरजेंसी स्टे लगाया जाए। हालांकि सुप्रीम कोर्ट की जज एलेना कगान ने यह दलील नहीं मानी और याचिका खारिज कर दी। तहव्वुर राणा को 2009 में एफबीआई ने गिरफ्तार किया था। राणा को अमेरिका में लश्कर-ए-तैयबा का समर्थन करने के लिए दोषी ठहराया गया था। फिलहाल वह लॉस एंजिल्स के एक हिरासत केंद्र में बंद हैं।

**अमेरिकी कोर्ट ने प्रत्यर्पण के खिलाफ याचिका को पहले भी खारिज किया था**

13 नवंबर 2024 को राणा ने निचली अदालत के प्रत्यर्पण के



फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अपील की थी, जिसे 21 जनवरी को खारिज कर दिया गया था। इससे पहले उसने सैन फ्रांसिस्को की एक अदालत में अपील की थी, जो खारिज कर दी गई थी।

**प्रत्यर्पण संधि**

**अमेरिकी कोर्ट में प्रत्यर्पण रोकने की मांग की थी, कहा- पाकिस्तानी मुस्लिम हूं, भारत गया तो मारा जाऊंगा**

कोर्ट ने फैसले में कहा था कि दोनों देशों के बीच प्रत्यर्पण संधि के तहत उसे भारत भेजा जा सकता है। मुंबई हमले की 405 पन्नों की चार्जशीट में राणा का नाम भी आरोपी के तौर पर दर्ज है। इसके मुताबिक राणा आईएसआई और लश्कर-ए-तैयबा का मेंबर है। चार्जशीट के मुताबिक राणा हमले के मास्टरमाइंड मुख्य आरोपी डेविड कोलमैन हेडली की मदद कर रहा था।

**पाकिस्तानी मूल का बिजनेसमैन है तहव्वुर राणा**

64 साल का तहव्वुर हुसैन राणा पाकिस्तानी मूल का कनाडाई नागरिक है।

उस पर पाकिस्तानी-अमेरिकी आतंकवादी डेविड कोलमैन हेडली की मदद करने का आरोप है। हेडली 26/11 मुंबई हमलों के मुख्य साजिशकर्ताओं में से एक है।






# स्कूल बस ने दो साल की मासूम बच्ची को कुचला, सीसीटीवी में कैद हुई घटना





**दर्दनाक हादसा**

**पोते को स्कूल बस में बैठाने के लिए आई तो बच्ची भी अपनी दादी पीछे-पीछे आ गई**

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर:** बड़ी गांव में एक स्कूल बस ने दो साल की मासूम बच्ची को कुचल दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। पोते को स्कूल बस में बैठाने के लिए आई तो बच्ची भी अपनी दादी पीछे-पीछे आ गई। इसी दौरान लापरवाही से चालक ने बच्ची को देखे बिना अपनी बस चला दी जिससे वह टायर के नीचे आ गई। यह घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई। घटना के बाद बस चालक मौके से फरार हो गया। जिसके बाद बच्ची को सोनीपत के निजी अस्पताल में ले जा गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक बच्ची के पिता ने बस चालक के खिलाफ थाना बड़ी में शिकायज दर्ज करवाई है।
शिकायत में बड़ी गांव के प्रदीप ने बताया कि उसकी दो बेटिया हैं। उसकी बड़ी बेटी प्रांजल बड़ी लडकी प्रांजल 2 साल 3 महीने की थी। प्रांजल शुक्रवार की सुबह गली में मकान के बहार खेल रही थी। इस दौरान उसकी मां सुनीता देवी उनके भतीजे विहान को अपोलो इंटरनेशनल स्कूल की बस में बैठाने के लिए गली बाहार सड़क पर गई थी। जब बस आई तो उसकी बेटी प्रांजल अपनी दादी के पास जाने लगी। जब वह बस के आगे से गुजर रही थी तो बस चालक ने उसे न देखकर बस को चला दिया। जिससे उसकी बेटी बस के दोनों टायरों के नीचे आ गई। प्रदीप ने आरोप लगाया है कि यह हादसा बस चालक ने लापरवाही की वजह से हुआ है।
**-बस चालक पर केस दर्ज**
बड़ी थाना प्रभारी युद्धवीर सिंह ने बताया कि पुलिस ने मृतक बच्ची के पिता प्रदीप की शिकायत पर बस चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस स्कूल से बस चालक का पता लगा कर उसे जल्द गिरफ्तार करेगी। वहीं बच्ची का सोनीपत सिविल अस्पताल में पोस्टमार्टम करवा कर उसे परिवार को सौंप दिया गया है।
**-परिवार की लाडली थी प्रांजल**
प्रांजल अपने माता-पिता की सबसे बड़ी बेटी थी। वह हमारे पूरे परिवार की लाडली थी, लेकिन अब हमेशा के लिए सभी को छोड़ कर चली गई। प्रांजल के अचानक चले जाने के बाद परिवार वालों के आंखो से आंसू थमने का नाम नहीं ले रहे थे। ढांढस बंधाने पहुंच रहे पड़ोस वालों की भी आंखे नम थी। गांव के शमशान घाट में प्रांजल का अंतिम संस्कार किया गया।

# प्रेमिका के पति की हत्या में मकान मालिक गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** इंदिरापुरम थाना क्षेत्र में एक मकान मालिक ने प्रेमिका के पति का पत्थर से सिर कूचकर हत्या कर दी थी। पुलिस ने हत्याकांड मेंआरोपित मकान मालिक को गिरफ्तार कर लिया। एसीपी अभिषेक श्रीवास्तव ने शुक्रवार को बताया कि थाना इंदिरापुरम अंतर्गत लोकप्रिय विहार खोडा कॉलोनी निवासी महिला ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसके पति मुहम्मद जलाल की अज्ञात व्यक्ति ने ग्रीन पार्क प्रथम इंदिरापुरम में हत्या कर दी।


## उत्तर रेलवे
### ई–नीलामी सूचना

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/यात्री सेवा, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल, नई दिल्ली द्वारा पार्किंग लॉटस/साइट्स के आवंटन हेतु ई-नीलामी, IREPS पोर्टल (**https://ireps.gov.in**) पर ई–बोली निम्नलिखित प्रकार से आमंत्रित कि जाती है:

| ई – कैटलॉग संख्या | ई – नीलामी की तिथि एवं समय | रेलवे स्टेशन / स्थान / पार्किंग लॉट |
|---|---|---|
| Parking -06- 2025 | दिनांक. 24.03.2025 को 11:00 बजे | नई दिल्ली (AGS Side) (PCCV), मेरठ कैंट (कंकनखेड़ा), नया गाजियाबाद, नई दिल्ली (AG Side) (TW Parking), करनाल (641.62 वर्गमीटर), कुरुक्षेत्र 1st Entry, कुरुक्षेत्र 2nd Entry, दिल्ली 2nd Entry KGS Side (TW Parking), बरेटा, मुरादनगर, खतौली, कुरुक्षेत्र Site-1, कुरुक्षेत्र Site–2, आदर्श नगर (PRS), करनाल (375 वर्गमीटर), शाहाबाद मारकंडा, दिल्ली सदर बाजार (1603-94 वर्गमीटर), ओखला = कुल 18 साइटें |
| वेबसाइट विवरण जहां ई–नीलामी दस्तावेज का पूरा विवरण देखा जा सकता है | | **https://ireps.gov.in/** |
| ई–नीलामी में भाग लेने के लिए ठेकेदारों के लिए पूर्वापेक्षाएँ | | आईआरईपीएस के माध्यम से आयोजित ई–नीलामी में भाग लेने हेतु निम्नलिखित आवश्यकताओं को पूरा करना अनिवार्य है: 1. इच्छुक बोलीदाताओ को आई आर पी एस (वाणिज्यिक नीलामी मोड्यूल) में ऑनलाइन पंजीकृत करना होगा। पहले से ही अन्य आई आर पी एस खाता रखने वाली संस्थाए भी खुद को वाणिज्यिक नीलामी मोड्यूल के लिए नामांकित करने में सक्षम होंगी। 2. एकमुश्त पंजीकरण शुल्क का भुगतान 3. भारतीय स्टेट बैंक में चालु खाता 4. आई आर पी एस खाते के साथ भारतीय स्टेट बैंक के खाते का एकीकरण 5. फण्ड का लियन मार्किंग 6. टर्नओवर का अद्यतनीकरण (updation) 7. जिन ठेकेदारों के पास आईआरपीएस के किसी भी मोड्यूल के लिए आई आर पी एस खाता नही है, वे आईआरपीएस होम पेज पर नए विक्रेताओ/ठेकेदारों (ई–निविदा/ई–नीलामी लीजिंग) लिंक पर क्लिक करके पंजीकरण हेतु अपना अनुरोध प्रस्तुत कर सकते है। |
| सम्बंधित जानकारी हेतु रेलवे प्राधिकारी | | वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक/पीएस, डीआरएम कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली-110055 Email: pkg.delhidivision@gmail.com Tel: 011- 23743084 |

**संख्या: 23AC/393/E Auction/Pkg/2025 दिनांक: 07.03.2025** **738/2025**
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



## उत्तर रेलवे
### खुली निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल अभियंता / प्रथम, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्य के लिए ई–टेंडर के माध्यम से निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम | वरिष्ठ मंडल अभियंता–प्रथम / दिल्ली के अधीन सहायक मंडल अभियंता / पानीपत, सहायक मंडल अभियंता / करनाल के अनुभाग में दिन–प्रतिदिन के रखरखाव कार्य के लिए 12 महीने की अवधि के लिए तकनीकी कुशल और अर्ध–कुशल कर्मचारियों की तैनाती। |
| अनुमानित लागत | ₹ 34765249.18/- |
| धरोहर राशि | ₹ 323800/- (यह नेट बैंकिंग या केवल मुगतान gate way के रूप में होना चाहिए। **नोटः–** एफ. डी. आर या डिमांड ड्राफ्ट के रूप में ई. एम. डी. स्वीकार नहीं की जाएगी। (रेलवे बोर्ड के पत्र संख्या 2015 / सीई–1 / सीटी / 5/1 दिनांक 31/08/2016) के अनुसार आई. आर. ई. पी. एस. पर आमंत्रित निविदा के लिए । |
| समापन अवधी | 12 महीने |
| ई–निविदा खोलने और प्रस्तुत करने के लिए दिनांक और समय | 01.04.2025 को 15:00 बजे तक प्रस्तुत करने तथा निविदा खुलने का समय दिनांक 01.04.2025 को 15:00 बजे। |
| निविदा की वेब साइट जहां निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है | www.Gem.gov.in पर उपलब्ध है। |
| सामान प्रकार के कार्य | ट्रैक कार्य के अलावा परिसंपत्तियों के रखरखाव के लिए कारीगर/माली और सहायक खलसी आदि की जनशक्ति आपूर्ति से संबंधित कोई भी कार्य। |

**नोटः–** शपथ पत्र संलग्नक XXIV अनिवार्य रूप के रूप में निविदा शर्तों के साथ संलग्न नए प्रारूप में प्रस्तुत किया जाना चाहिए। और सभी संलग्न दस्तावेज निविदाकर्ता द्वारा स्वयं सत्यापित किया जाना चाहिए।
**पत्रसंख्या: -128-डब्ल्यू/280/निविदा सूचना/24-25/डब्ल्यू-I (NIT- 63)**
**दिनांक: 06.03.2025** **733/2025**
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर करें सख्त कार्रवाई: एसडीएम



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर:** एसडीएम प्रवेश कादियान ने शुक्रवार को यातायात प्रबंधन को लेकर समीक्षा बैठक ली। बैठक में नायब तहसीलदार गजे सिंह, बीडीपीओ पूनम चंदा, बड़ी थाना प्रभारी युद्धवीर सिंह, यातायात पुलिस चौकी इंचार्ज शमशेर सिंह, एचएसआईआईडीसी बड़ी के प्रबंधक तरुण कुमार, एनएचएआई के अधिकारी उपस्थित हुए। इस दौरान एसडीएम ने यातायात पुलिस को निर्देश दिए कि वाहनों की फिटनेस और ओवरलोडिंग वाहनों की नियमित चेकिंग की जाए और नियमों का उल्लंघन करने वालों के वाहन जब्त किए जाएं। उन्होंने कहा कि जीटी रोड पर बड़ी काली माता मंदिर के निकट व बड़ी औद्योगिक क्षेत्र के फेज 1 और 2 के पास सड़क दुर्घटनाओं के मामले ज्यादा सामने आते हैं। ऐसे में वहां जगहों का चयन कर वहां सीसीटीवी कैमरे लगवाएं। उन्होंने एनएचएआई के अधिकारियों को निर्देश दिए जहां भी जीटी रोड पर अवैध कट खुले हैं उन्हें तुरंत बंद करें और यदि कहीं ग्रिल टूटी हुई है उन्हें भी ठीक करवाएं। वहीं थाना बड़ी प्रभारी युद्धवीर सिंह व एचएसआईआईडीसी बड़ी के प्रबंधक तरुण कुमार को औद्योगिक क्षेत्र फेज 1 और 2 के सामने सीसीटीवी लगवाने की प्रक्रिया शुरू करें।


## उत्तर रेलवे
### ई–नीलामी हेतु सूचना

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/माल भाड़ा, दिल्ली डिवीजन, उत्तर रेलवे, रेलवे बोर्ड के पत्र सं. 2022/टीसी(एफएम)/10/04 दिनांक 13.06.2022, के अनुसार दिल्ली मंडल के विभिन्न स्टेशनों से चलने वाली निम्नलिखित ट्रेनों में एसएलआर और पार्सल वान (राउंड ट्रिप के आधार पर) के स्थान को 02 वर्षो के पट्टे पर देने के लिए आईआरईपीएस के ई–नीलामी मॉड्यूल के माध्यम से बोलियां आमंत्रित की जाती हैः–

| क्र. सं. | ई–नीलामी के आरम्भ होने की तिथि तथा समय | एस्सेट्स जिनकी नीलामी की जानी है |
|---|---|---|
| 1. | 10.03.2025 को 10:30 बजे | 12015 (F1), 12050 (F1), 12459 (F1), 14087 (F1, F2, R1), 14089 (F1, F2, R1), 14316 (F2), 15035 (F2), 15060 (F1, R1), 22472 (F1, F2, R1), 54076(F1, F2), 54076 (R1) (मंगलवार, बुधवार, गुरुवार, शुक्रवार, शनिवार और रविवार) 54076 (R1) (सोमवार) |
| 2. | 11.03.2025 को 10:30 बजे | 12265 (F1), 12430 (F1), 12463 (F1), 12584 (F1), 12754 (F1), 14035 (F1, F2, R1), 14053 (R1), 14152 (F1), 14164 (F1), 14521 (F1, F2, R1), 14681 (F1), 20473 (F1, R1), 22168 (F1, F2), 22210 (F1), 22401 (F1), 22438 (F1), 22654 (F1). |
| 3. | 17.03.2025 को 10:30 बजे | 12191 (F1 & F2), 12215 (F1), 12457 (F1, F2 & R1), 12628 (F1), 12963 (F1) (बुधवार, गुरूवार, शनिवार और रविवार) 12963 (F1) (सोमवार, मंगलवार और शुक्रवार) 14041 (R1) (रविवार), 14507 (F1, F2 & R1), 15035 (F1 & R1), 19338 (F1), 20914 (F1), 22421 (F1), 22429 (F1), 22463 (F1) |
| 4. | 18.03.2025 को 10:30 बजे | 12005 (F1), 12038 (F1), 12055 (F1), 12057 (F1), 12060 (F1) (सोमवार और मंगलवार) 12191 (R1), 12274 (F1), 12506 (F1), 14014 (F1), 14331 (F1, F2 & R1), 14714 (F1), 20452 (F1), 22168 (R1), 22421 (F2 & R1), 22950 (F1), 22986 (F1) |
| 5. | 21.03.2025 को 10:30 बजे | 12011 (F1), 12013 (F1), 12017 (F1), 12040 (F1), 12045 (F1), 12066 (F1), 12148 (F1, F2), 12428 (F1) (सोमवार) 12448 (F1) (बुधवार, शुक्रवार और शनिवार 12448 (F1) (सोमवार, मंगलवार, गुरूवार और रविवार) 12455 (F1), 12481 (F1), 12612 (F1), 14041 (F1), 14053 (F2), 14212 (F1), 14305 (F1, F2, R1), 14731 (F1), 20938 (F1), 20946 (F1), 22454 (F1, F2, R1) |

**महत्वपूर्ण सूचनाः** 1. ई–नीलामी के विभिन्न पहलुओं के बारे में अधिक जानकारी के लिए इच्छुक बोलीदाताओं को **https://www.ireps.gov.in/html/helpdesk/learning_centre.html.** (e-Auction leasing section) पर जाने की सलाह दी जाती है। 2. निम्नलिखित एस्सेट्स जिन्हें पुनः संशोधित रिजर्व प्राइस (RP) पर आमंत्रित किया जा रहा है : **a.** 12265 (F1), **b.** 22401 (F1), **c.** 14041 (F1, R1), **d.** 54076 (F1, F2, R1), **e.** 22454 (F1, F2, R1). **3.** रेलवे प्रशासन किसी भी समय इन निविदाओं / अनुबंधों को समाप्त करने का सम्पूर्ण अधिकार रखता है या इनके संबंध में किसी संशोधन अथवा अतिरिक्त नियमों और शर्तों के साथ इन निविदाओं अथवा अनुबंधों के बीच में ही समाप्त करने अथवा जारी रखने के संबंध में, जो की इन ट्रेनों के जारी रहने अथवा समाप्त होने की स्थिति पर निर्भर करता है।
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ **727/25**



## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा
### धारा 82 Cr. P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **आरोपी (1) प्रेम कुमार गोयल, पुत्र:** कश्मीरी लाल गोयल, **(2) नकुल गोयल पुत्र:** प्रेम कुमार, **पता:** डी–18 साउथ एक्सटेंशन भाग–1, दूसरी मंजिल, **दिल्ली FIR No: 294/2018, U/S: 498A/406/34 IPC, पुलिस थानाः उत्तरी रोहिणी दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उन्होने किया है), और उन पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **(1) प्रेम कुमार गोयल (2) नकुल गोयल** मिल नही रहे है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **(1) प्रेम कुमार गोयल (2) नकुल गोयल** फरार हो गए है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहे है)।
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **(1) प्रेम कुमार गोयल (2) नकुल गोयल FIR No: 294/2018, U/S: 498A/406/34 IPC, पुलिस थानाः उत्तरी रोहिणी दिल्ली** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **09.04.2025** को या उससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**सुश्री ऐश्वर्या शर्मा**
**न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी**
**(महिला कोर्ट–01 उत्तर–पश्चिम)**
**कमरा नं. 106, प्रथम तल, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली**
**DP/2780/RD/2025**
**(Court Matter)**



## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा
### धारा 84 BNSS देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **राजू मेहतो** पुत्र रामबीर, **निवासीः** गली नं0 12, जीवन पार्क, लिबासपुर, दिल्ली, ने **FIR No. 772/2015, U/S 33/58 Delhi Ex. Act, पुलिस स्टेशन बवाना, बाहरी – उत्तर जिला, दिल्ली,** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किया गया गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राजू मेहतो** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राजू मेहतो** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 772/2015, U/S 33/58 Delhi Ex. Act, पुलिस स्टेशन बवाना, बाहरी–उत्तर जिला, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **राजू मेहतो** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **22.04.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**श्री सार्थक पंवार**
**न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–05 (उत्तर),**
**न्यायालय कमरा नं0 114, प्रथम तल,**
**रोहिणी कोर्ट, दिल्ली**
**DP/2865/ON/2025**
**(Court Matter)**


# अवैध कब्जाधारियों पर कसा शिकंजा, ढहाए अवैध निर्माण



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर:** गांवों में अवैध कब्जाधारियों पर पंचायत विभाग ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के आदेश पर शुक्रवार को पंचायत विभाग ने दातौली गांव में अवैध कब्जा कर किए गए अवैध निर्माण को जेसीबी मदद से ढहा दिया। ड्यूटी मजिस्ट्रेट पंचायत विभाग के एसडीओ विपुल छोक्कर के नेतृत्व में विभाग के कर्मचारी पुलिस बल के साथ दातौली गांव में पहुंचे और अवैध कब्जाधारियों के द्वारा बनाए गए मकानों, चार दिवारी को ध्वस्त कर दिया। पंचायत विभाग की सख्ती को देखते हुए बाकी गांव जिनमें शाहपुर तगा, खेड़ी तगा, पुगथला ने पंचायत विभाग को लिखित में आश्वासन दिया कि वह खुद ही पांच दिन के भीतर अपने कब्जे कब्जे हटवा लेंगे। जिस पर विभाग द्वारा इन गांवों में कब्जा खाली करवाने की कार्रवाई नहीं की। बीडीपीओ पूनम चंदा ने आदेश दिए कि जिस भी गांव में अवैध कब्जे कर रखे हैं उन्हें खुद खाली कर दें अन्यथा विभाग द्वारा

# बाइक पर ड्यूटी जा रहे रेलवे कर्मी को ट्रैक्टर ने मारी टक्कर

**गन्नौर:** गन्नौर-शाहपुर रोड पर यूनिक स्टेडियम के पास एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने बाइक पर ड्यटी जा रहे चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी को टक्कर मार दी। इस हादसे में रेलवे कर्मचारी गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को इलाज के लिए खानपुर मेडिकल में दाखिल करवाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी अनुसार कैलाना गांव का रहने वाला 26 वर्षीय रवि रेलवे विभाग में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी कार्यरत था। उसकी ड्यटी भोड़वाल माजरी रेलवे स्टेशन पर थी। वह अपनी बाइक पर वीरवार की शाम को ड्यूटी करने जा रहा था। जब वह गन्नौर-शाहपुर रोड स्थित यूनिक स्टेडियम के पास पहुंचा तो एक तेज रफ्तार से आ रहे ट्रैक्टर-ट्राली चालक उसकी बाइक को सीधे टक्कर मार कर मौके से फरार हो गया। रवि के चाचा अनिल ने ट्रैक्टर चालक के खिलाफ थाना गन्नौर में शिकायत दी।

# मोबाइल पर वीडियो बनाते समय कार पलटी

**गन्नौर:** गन्नौर जीटी रोड पर एक युवक को मोबाइल पर वीडियो बनाना महंगा पड़ गया। मार्डन स्कूल के पास वीडियो बनाते समय उसकी कार डिवाइडर से जा टकराई। जिसके बाद कार आगे चल रही गाड़ी को टक्कर मारते हुए पलट गई। गनीमत रही इस हादसे में किसी तरह कोई जनहानि नहीं हुई। जानकारी अनुसार एक युवक अपने साथी के साथ कार में वीडियो बनाने के लिए जीटी रोड पर निकला था। जब वह गढ़ीकला से यूटर्न लेकर जैसे ही हाईवे पर चढ़ने लगा तो वीडियो बनाते समय उसकी कार आगे चल रही कार को टक्कर मारते हुए पलट गई।

# सक्रिय शातिर चेन लुटेरा सोनू गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** थाना मधुबन बापूधाम पुलिस ने गुरुवार की रात में मुठभेड़ के दौरान दिल्ली एनसीआर में सक्रिय शातिर स्नैचर के पैर में गोली लगी है जब पुलिस उसे बरामदगी के लिए ले जा रही थी। और वह लंगड़ा हो गया है। उसके कब्जे से 01 तमंचा, 01 खोखा कारतूस, एक लूटा गया मोबाइल फोन व स्नेचिंग की गई चैन को बेचकर प्राप्त 3400 रुपये बरामद हुए है।


## उत्तर रेलवे
### खुली ई–निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल इंजीनियर–चतुर्थ, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्य के लिए ई–टेंडर के माध्यम से निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम | सहायक मंडल अभियंता जाखल के अनुभाग में ट्रैक के दैनिक रखरखाव के लिए दो वर्षों के लिए वाहनों को किराए पर लेने कार्य हेतु। |
| अनुमानित लागत | (1) रु.1,39,99,938.90 |
| धरोहर राशि | (1) रु.2,20,000.00 |
| ई–निविदा खोलने और प्रस्तुत करने के लिए दिनांक और समय | ई–निविदा भरने का समय कार्य 07.03.2025 को 18.00 बजे तक प्रस्तुत करने तथा निविदा खुलने का समय दिनांक 28.03.2025 को 18.30 बजे |
| निविदा की वेबसाइट जहां निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है | www.gem.gov.in पर उपलब्ध है |

पत्र संख्या : 128–डब्लू / 260 / निविदा सूचना / जैम / 2025 / बी / 6018105
दिनांकः 07.03.2025 739/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा–ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 73476708**

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश 9815119633, 9855577523**

**कैनेडा–ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 7087033731**

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े–लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कहीं खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करें।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी- नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेंगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कहीं खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करें।

# महिलाओं को 2500 रुपये देने की योजना का मानक तैयार

## महिलाओं को 2500 रुपये देने की दिल्ली सरकार की योजना का फायदा अभी बीपीएल परिवारों को ही मिलेगा

**फायदा**

**महिला समृद्धि योजना पूरी तरह लागू होने पर करीब 20 लाख महिलाओं को इसका फायदा होगा**





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** महिलाओं को 2500 रुपये देने की दिल्ली सरकार की योजना का फायदा अभी बीपीएल परिवारों को ही मिलेगा। वहीं वह कामकाजी महिलाएं भी इसकी पात्र होंगी, जो इनकम टैक्स नहीं देती हैं। इसके अलावा दूसरी किसी सरकारी योजना का लाभ न लेने वाली महिलाएं भी योजना के दायरे में आएंगी।

**योजना के मानक तैयार**
अधिकारियों ने बताया कि भाजपा सरकार की महिला समृद्धि योजना के मानक तैयार हैं। महिला दिवस पर इसकी शुरूआत हो सकती है। पहचान आसान होने से योजना की शुरूआत बीपीएल कार्ड धारक परिवारों की महिलाओं से होगी। बाद में इसका विस्तार किया जाएगा। योजना पूरी तरह लागू होने पर करीब 20 लाख महिलाओं को इसका फायदा होगा। अधिकारी बताते हैं कि अभी आवेदन प्रक्रिया का तरीका पूरी तरह स्पष्ट नहीं है। जल्द ही इसका प्रारूप भी तैयार कर लिया जाएगा।

**ऐसे करवाया जा सकता है पंजीकरण**
अधिकारियों का कहना है कि दिल्ली सरकार की मौजूदा कई योजनाओं की अपनी बनी-बनाई प्रक्रिया है। इसके लिए सरकार का ई-डिस्ट्रिक पोर्टल काम कर रहा है। आवेदक इस पर अपना यूजर आईडी बनाकर प्रक्रिया की शुरूआत कर सकते हैं। यूजर आईडी और पासवर्ड से लॉग-इन करते ही दिल्ली सरकार के सभी विभागों की योजनाओं और सेवाओं के लिए आवेदन का विकल्प खुल जाता है। महिला समृद्धि योजना के लिए सरकार ने इस विकल्प को ज्यादा कारगर माना है। संभव है कि इस तरीके से इस योजना के लिए भी पंजीकरण करवाया जाए।

**ई-डिस्ट्रिक पोर्टल का इस तरह होगा इस्तेमाल**
इसके लिए आपको सबसे पहले / पर जाना होता है। अगर आप नए यूजर हैं तो पोर्टल के सिटिजन कार्नर में न्यू यूजर रजिस्ट्रेशन लिंक पर क्लिक करें। आपको डॉक्यूमेंट टाइप में आधार कार्ड चुनना होगा।
नीचे आधार नंबर और कंसेंट पर टिक कर आगे बढ़ सकते हैं। महिला समृद्धि योजना का फार्म अपलोड हो जाने पर आप ऑनलाइन पंजीकरण कर सकेंगे।

**पोर्टल पर मिलती है सरकार की सभी योजनाओं का फायदा**
दिल्ली सरकार की सभी योजनाओं के लिए ऑनलाइन पंजीकरण इसी पोर्टल पर होता है। इसमें ड्राइविंग लाइसेंस समेत किसी तरह का बदलाव, शादी का सर्टिफिकेट बनवाना, जाति प्रमाण पत्र समेत दूसरी सरकारी सेवाओं के दस्तावेज बनवाए जा सकते हैं।


**'8 मार्च याद है न': 'उम्मीद है 2500 रुपये का मैसेज आएगा' आतिशी ने सीएम रेखा को पत्र लिख याद दिलाया पीएम का वादा**
दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष आतिशी ने महिला समृद्धि योजना को लेकर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को पत्र लिखा है।
आतिशी ने लिखा है कि पीएम मोदी ने वादा किया था कि महिला दिवस पर दिल्ली की महिलाओं के खाते में 2500 आएंगे। कल महिला दिवस है, अब सिर्फ एक दिन बाकी है। मुझे उम्मीद है 8 मार्च (महिला दिवस) के दिन महिलाओं के मोबाइल में 2500 रुपये उनके खाते में आने का मैसेज आ जाएगा। आतिशी ने अपने पत्र में लिखा, 'दिल्ली की लाखों माताओं-बहनों की ओर से आपको यह पत्र लिख रही हूं और आपको याद दिलाना चाहती हूं कि 31 जनवरी 2025 को बुधवार के दिन, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने द्वारका में आयोजित रैली में दिल्ली की माताओं-बहनों से वादा किया था कि भाजपा सरकार बनते ही पहली कैबिनेट बैठक में 2500 प्रतिमाह देने की योजना पास होगी और महिला दिवस पर महिलाओं के खातों में पैसे आने शुरू हो जाएंगे। इसलिए उन्होंने सभी महिलाओं को सलाह दी थी कि वे अपने बैंक खाते से अपने मोबाइल नंबर को जोड़ लें, ताकि जब उनके अकाउंट में पैसे आएंगे तो उनके फोन पर इसकी जानकारी मिल सके।'

# सांसद ने आवास की नेमप्लेट पर सड़क का नाम बदला



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** नई दिल्ली नगरपालिका परिषद क्षेत्र में सड़कों के नाम बदलने को लेकर चल रहे विवादों के बीच बृहस्पतिवार को राज्यसभा सांसद डॉ. दिनेश शर्मा ने सरकारी आवास के द्वार पर तुगलक लेन की जगह स्वामी विवेकानंद मार्ग की पट्टिका लगा दी। शर्मा को 6 तुगलक लेन पर सरकारी आवास आवंटित हुआ है।
उन्होंने परिवार के साथ आवास में प्रवेश किया। साथ ही, सोशल मीडिया पर यह तस्वीर पोस्ट की। भाजपा सांसद दिनेश शर्मा ने कहा, यह सामान्य प्रक्रिया है कि जब कोई किसी घर में जाता है तो नाम पट्टिका लगा दी जाती है। मैं वहां नहीं गया था, मैंने नहीं देखा था, जब मुझसे उससे संबंधित लोगों ने पूछा कि किस तरह की नाम पट्टिका होनी चाहिए तो मैंने कहा कि आसपास के हिसाब से होनी चाहिए। आस-पास के घरों पर विवेकानंद मार्ग लिखा था और नीचे तुगलक लेन लिखा था, दोनों एक साथ लिखे थे। नेमप्लेट पर आज भी तुगलक लेन लिखा है और सुविधा के लिए विवेकानंद मार्ग लिख दिया है।

# नमामि गंगे प्रोजेक्ट को पर रही है मान्यता: केंद्र



**मान्यता दी**

**बहाली पर संयुक्त राष्ट्र दशक ने इसे शीर्ष 10 विश्व बहाली प्रमुख पहलों में से एक के रूप में मान्यता दी**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** केंद्रीय जलशक्ति मंत्रालय ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के नमामि गंगे प्रोजेक्ट को लेकर उठाए गए सवाल पर कहा कि गंगा के कायाकल्प में इस प्रोजेक्ट की सफलता को वैश्विक स्तर पर मान्यता मिल रही है। दिसंबर 2022 में पारिस्थितिकी तंत्र बहाली पर संयुक्त राष्ट्र दशक ने इसे शीर्ष 10 विश्व बहाली प्रमुख पहलों में से एक के रूप में मान्यता दी। इसके अलावा अंतरराष्ट्रीय जल संघ ने राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन (एनएमसीजी) को जलवायु स्मार्ट उपयोगिता की उपाधि से सम्मानित किया, जिससे स्थायी जल प्रबंधन के लिए कार्यक्रम की प्रतिबद्धता और मजबूत हुई। खरगे ने एक्स पोस्ट में कहा था कि नमामि गंगे प्रोजेक्ट के लिए आवंटित फंड का 55 प्रतिशत भी खर्च नहीं किया गया। इस पर जलशक्ति मंत्रालय ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि 2014 में शुरू किया गया नमामि गंगे कार्यक्रम गंगा नदी के स्वास्थ्य को बहाल करने के लिए अब तक की सबसे महत्वाकांक्षी और समग्र पहलों में से एक है। इसका बहुआयामी दृष्टिकोण प्रदूषण निवारण, पारिस्थितिकी बहाली, क्षमता निर्माण और सामुदायिक सहभागिता को एकीकृत करता है, जिसमें नदी की पर्यावरणीय अखंडता और उस पर निर्भर लाखों लोगों की आजीविका दोनों पर ध्यान केंद्रित किया गया है। बयान में कहा गया है कि वर्ष 2014-15 से 2023-24 की अवधि के लिए 20,424.82 करोड़ रुपये के उपलब्ध संसाधनों के मुकाबले एनएमसीजी ने 16,648.49 करोड़ रुपये वितरित किए हैं, जो बजटीय प्रावधानों का 82 प्रतिशत है। यह ध्यान देने योग्य है कि कार्यक्रम के 42,500 करोड़ रुपये के वित्तीय परिव्यय को तत्काल व्यय लक्ष्य (नकद व्यय) के रूप में नहीं माना जाना चाहिए।

# सुप्रीम कोर्ट से अडानी को राहत, धारावी रिडेवलपमेंट प्रोजेक्ट पर रोक नहीं



**प्रोजेक्ट**

**सेक्लिंक कंपनी ने बॉम्बे हाई कोर्ट में चुनौती दी। हाई कोर्ट ने सेक्लिंक की याचिका खारिज कर दी थी**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने धारावी रिडेवलपमेंट प्रोजेक्ट मामले में गौतम अडानी को राहत दी है। सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुनाया कि अडानी ग्रुप की ओर से चलाए जा रहे इस प्रोजेक्ट पर कोई रोक नहीं लगाई जाएगी। चीफ जस्टिस संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली बेंच ने ये फैसला सुनाया है। धारावी रिडेवलपमेंट प्रोजेक्ट को एशिया का सबसे बड़ा शहरी पुनर्वास कार्यक्रम माना जा रहा है। सेक्लिंक कंपनी ने 2018 में इस प्रोजेक्ट के लिए 7200 करोड़ रुपये की सबसे बड़ी बोली लगाई थी, लेकिन इस टेंडर को बाद में सरकार ने निरस्त कर दिया था। इस प्रोजेक्ट को दुबई की कंपनी सेक्लिंक ने कोर्ट में चुनौती दी थी। इसके बाद अडानी ग्रुप ने 2022 में 5069 करोड़ रुपये की सबसे बड़ी बोली लगाई थी और उसे इस प्रोजेक्ट का टेंडर मिल गया। उसके बाद सेक्लिंक कंपनी ने बॉम्बे हाई कोर्ट में चुनौती दी। हाई कोर्ट ने सेक्लिंक की याचिका खारिज कर दी थ



## न्यूज फ्लैश

### ऑटो सवार महिला के गले से सोने की चेन चोरी

**सोनीपत: मुरथल** थाना क्षेत्र में ढाबे पर खाना-खाने जा रही महिला के गले से सोने की चेन चोरी करने का मामला सामने आया है। महिला ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। खटीक मोहल्ला निवासी कोमल ने बताया कि वह परिवार के साथ सुखदेव ढाबे पर खाना खाने के लिए जा रही थी। बस स्टैंड से मुरथल के लिए ऑटो में सवार हो गई। ऑटो के अंदर भीड़ ज्यादा थी। उसके बाद उसे ध्यान आया तो गले से मंगलसूत्र गायब था। ऑटो में उसके साथ करीब 40 साल की एक महिला बैठी थी। आशंका है कि उसी ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस महिला की तलाश के लिए क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि महिला का कोई सुराग हाथ लग सके।

### विदेश भेजने के नाम पर अधिवक्ता से लाखों रुपये की राशि ऐंठी

**सोनीपत: शहर** थाना क्षेत्र में विदेश भेजने के नाम पर अधिवक्ता से लाखों रुपये की राशि के ऐंठने के आरोप का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस आयुक्त कार्यालय में शिकायत दी। शिकायत को संबंधित थाने में भेजा गया। जहां पुलिस ने आरोपित दंपति के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपितों की तलाश के प्रयास कर रही है। पुलिस लाइन पदम सिंह ने बताया कि उसकी रिषभ निवासी कृष्णा नगर पूर्वी दिल्ली से जान पहचान है। वह उसे व उसकी पत्नी सादगी को करीब ढाई साल से जानता है। उनके साथ रुपयों का लेनदेन था। जोकि उसे समय पर वापस दे दिया करते थे। गत पांच मई 2024 को दोनों उसके घर पर पहुंचे। जहां उसका भांजा उत्तम भी उसके साथ पुलिस लाइन में रहता है। दोनों ने बातचीत में कहा कि वह विद्यार्थियों को विदेश भेजने का कार्य करते है। उसका भांजा ऑस्ट्रेलिया में जॉब करना चाहता था। रिषभ व सादगी ने कहा कि उसके लिए उन्हें 26 लाख रुपये का खर्च देना होगा। उन्होंने अपने भांजे के कागजात भी उन्हें दे दिए। दंपति ने एक सप्ताह में नौ लाख रुपये देने की मांग की। इसके बाद बाकी की राशि एक माह में देने की बात कही। उसके बाद 19 जून को 17 लाख रुपये की राशि बैंक खाते में जमा करवा दी। उसके बाद दंपति उन्हें एक-दो सप्ताह का समय देकर कागजात तैयार करवाने व उन्हें विदेश भेजने का झांसा देते रहे। अपने स्तर पर उनकी तलाश की। जिससे जानकारी मिली कि दंपति लोगों से विदेश भेजने के नाम पर ठगी करते रहते है। उन्होंने अपनी राशि वापस मांगी तो दंपति ने कहा कि उक्त राशि से दिल्ली में फ्लैट खरीद लिया। अपने रुपये वापस देने की मांग की तो उन्हें जान से मारने व उसके भांजे को मारने की धमकी दी। मामले को लेकर पुलिस आयुक्त कार्यालय में शिकायत दी। शहर थाना सोनीपत पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### माल से भरी गाड़ी चोरी करने की वारदात में शामिल आरोपित गिरफ्तार, अदालत में पेश

**सोनीपत: कुंडली** थाना सोनीपत पुलिस ने माल से भरी गाड़ी को चोरी करने की वारदात में शामिल आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित मोहिन उर्फ मोहिम निवासी अलिमेव पलवल का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उन्हे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। एक महिला ने कुंडली थाने में शिकायत देकर बताया कि उसकी मेसर्स एयरवेज रोडवेज ट्रांसपोर्ट कारपोरेशन के नाम से फर्म है। उसकी गाड़ी का चालक वर्ष 2020 में चार सौ पेटी रजनीगंधा से भरा हुआ था। जिसकी कीमत करीब दो करोड़ के करीब थी। वह वेस्ट बंगाल के लिए निकला था, लेकिन नहीं पहुंचा।

# शिक्षक संघ ने जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी से सौंपा मांग पत्र

## जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी ने सभी मांगे पूरी करने का दिया आश्वासन

**एजेंडा**

▶▶ प्राथमिक शिक्षक संघ की महत्वपूर्ण बैठक जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी विनोद कौशिक से हुई



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ कुरुक्षेत्र की एक महत्वपूर्ण बैठक जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी विनोद कौशिक से हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला प्रधान राजेंद्र टंडन ने की। बैठक का मुख्य एजेंडा सभी खंडों में शिक्षकों के सैलरी बजट में आ रही समस्या को दूर करना ,एसीपी मामले जिन पर रोक लगा दी गई है उन्हें जल्द पूरा करने के लिए प्रयास करना। 2017 बैच के जिन शिक्षकों का नोशन बेनिफिट संबंधी मामले ऑफिस में आए हुए हैं उनको तुरंत उनके लाभ प्रदान करवाना । मिड डे मील थानेसर ,पेहवा और लाडवा में जो इस्कॉन के द्वारा भेजा जाता है उसकी गुणवत्ता में आ रही समस्याओं को दूर करने बारे इसके अतिरिक्त जिले के सभी खंडों में स्कूलों या कर्मचारी से संबंधित कई मुद्दों को पूरा करवाना रहा। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी विनोद कौशिक ने निम्नलिखित समस्याओं के समाधान के लिए सकारात्मक रुख अपनाते हुए उन्हें तुरंत दूर करने की बात कही। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी ने इस्कॉन की तरफ से आए प्रतिनिधियों को संगठन के समक्ष बिठाकर बातचीत की और उन्हें असल समस्याओं से अवगत कराया। साथ ही संगठन से लिखित में लेकर रिपोर्ट को आगे भेजने को कहा। डॉ मोनिका भारद्वाज ने नोशन बेनिफिट के मुद्दे पर जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी के समक्ष अपनी बातें राखी कि बहुत से शिक्षक ऐसे हैं कि जिन्हें अभी तक भी नोशन बेनिफिट नहीं मिला है। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए अधिकारी ने बताया कि हमारे पास 100 केस आए हुए हैं। जिनको हमने पूरा कर दिया है। उनका रिकॉर्ड मेंटेन करने में एक-दो दिन का समय और लगेगा ।उसके तुरंत बाद लाभार्थियों को लाभ दे दिया जाएगा ।जिला प्रधान राजेंद्र टंडन के बजट के विषय में पूछने पर अधिकारी ने बताया कि सत्र के अंत के होने पर कुछ परिवर्तन विभाग द्वारा किए जा रहे हैं। उसमें कुछ समस्याएं सामने आ रही है जिनको बहुत जल्द हम दूर कर लेंगे। इसके साथ ही जिले के सभी खंडों से आए कुछ कर्मचारियों के जितने भी समस्याएं थी मौके पर सुनकर उन्हें तुरंत हल कर दिया गया। मौके पर जिला सचिव संदीप चौहान, जिला कोषाध्यक्ष सतीश भारद्वाज, अनुपम, सुबे सिंह सुजान, लाडवा प्रधान अमन पाल, पेहवा प्रधान राजेंद्र जांगड़ा,,देवदत्त, थानेश्वर प्रधान नरेश फुले, शाहाबाद प्रधान सुरेश, रमेश रंगा, नरेंद्र , मनोज जतिन, रामफल, राजेश नरवाल, रमेश , विनोद, राम निवास आदि सैकड़ों अध्यापक अध्यापिकाएं मौजूद रहे।

# शोरूम में ग्राहक बनकर आए चोर, आठ हजार रुपये चोरी

**चोरी का मामला**

▶▶ चोरी की वारदात दुकान में लगे सीसीटीवी में कैद हो गई। जिसमें एक युवक व एक महिला दिखाई दे रहे

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: सिविल** लाइन थाना क्षेत्र में स्थित बड़ा बाजार में जूते के शोरूम से हजारों रुपये की राशि के चोरी होने का मामला सामने आया है। चोरी की वारदात दुकान में लगे सीसीटीवी में कैद हो गई। जिसमें एक युवक व एक महिला दिखाई दे रहे है। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। बड़ा बाजार स्थित बूट हाउस में तैनात सेल्समैन अशोक ने बताया कि वह बुधवार को अपनी दुकान पर मौजूद था। करीब तीन बजे के बाद दो युवक व एक महिला दुकान पर पहुंचे। शोरूम संचालक राजेश खाना खाने के लिए अपने घर पर गया हुआ था। दुकान पर आए ग्राहकों को उन्होंने जूतें दिखाने के लिए कहा। वह उनको जूते दिखाने लगे। काफी देर तक वह बदल-बदल कर जूते देखते रहे। इस दौरान महिला और युवक ने बातों में उलझाए रखा। दूसरे युवक ने इस दौरान गल्ले से आठ हजार रुपये की नकदी चुरा ली। बाद में जब मालिक दुकान पर आए तो चोरी का पता चला।

**दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई वारदात:** दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज में दिख रहा है। कि एक महिला और दो युवक के जूते देख रहे हैं। जहां सेल्समैन दुकान के रैक से अलग-अलग जूते उतार कर दिखा रहा है। सीसीटीवी में नजर आ रहा है कि तीनों मौके की फिराक में है। वह वह चोरी की नियत से ही दुकान में आए है। इस बीच एक युवक के दुकान के मुख्य गेट की तरफ से जूता देखने के लिए जाता है और सेल्समैन को दूसरी तरफ उधर बुला लेता है। महिला युवक को गल्ले की तरफ जाने का इशारा कर रही है और युवक कुछ सेकेंड में गल्ले से रुपये निकाल लेता है।

***दुकान से आठ हजार रुपये की राशि के चोरी होने का मामला सामने आया है। इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। सीसीटीवी की जांच की जा रही है। जल्द से जल्द चोर का पता लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।***
**सतबीर सिंह, प्रभारी सिविल लाइन थाना।**

# फैक्टरी में कर्मचारियों द्वारा जालसाजी व धोखाधड़ी करने का आरोपित गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: कुंडली** थाना सोनीपत पुलिस ने फैक्टरी में कर्मचारियों द्वारा जालसाजी व धोखाधड़ी करने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित पवन निवासी प्रताप गढ़ यूपी का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे पांच दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपित से पूछताछ की जा रही है। गांव नाथूपुर निवासी अजय ने बताया कि उनकी कंपनी में तैार कर्मचारी जालसाजी व धोखाधड़ी करके कंपनी से सामान चोरी कर रहे है। जिसमें एसवी मेटल व और अलॉय, अराजिम, सहुलैल ट्रेडर्स उनकी कंपनी में तैनात कर्मचारियों के साथ मिलकर धोखाधड़ी कर रहे है। जिसमें कर्मचारी कंपनी से वाहन में 250 किलोग्राम स्क्रैप चोरी कर लेता है। इस तरह बिना स्क्रैप के कई टन सामग्री की बिलिंग हो जाती है। कंपनी को करीब एक करोड़ से अधिक का नुकसान हुआ है। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया।

# ब्रह्मसरोवर में एक बाल्टी के लिए एक रुपया जजिया कर लगाया था औरंगजेब नेः धुमन

**क्रूर शासक**

▶▶ औरंगजेब सबसे क्रूर शासक था। इस शासक ने हिन्दुओं पर अत्याचार करने में कोई कसर नहीं छोड़ी थी



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** हरियाणा सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता धुमन सिंह किरमच ने कहा कि औरंगजेब सबसे क्रूर शासक था। इस शासक ने हिन्दुओं पर अत्याचार करने में कोई कसर नहीं छोडी थी। इतना ही नहीं कुरुक्षेत्र के ब्रह्मसरोवर में 1700 ई० में श्रद्वालुओं पर भारी भरकम जजिया कर लगाने का काम किया था। इस शासक ने पानी की एक बाल्टी पर एक रुपया और स्नान करने पर 5 रुपए का जजिया कर लगाया था। यह जजिया कर उत्तर भारत में सबसे ज्यादा कर था।

भाजपा के वरिष्ठ नेता धुमन सिंह किरमच शुक्रवार को सेक्टर 7 आवास पर समाजवादी पार्टी के सांसद अब्बू आजमी के ब्यान की निंदा कर रहे थे। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि देश में महाकुंभ के बाद एक अच्छा, सुंदर और सनातन का एक वातावरण बना था। जब-जब भी देश में अच्छा वातावरण बनता है तब-तब इंडिया जैसे गठबंधन और विपक्षी पार्टियां देश का माहौल खराब करने का प्रयास करते है। इस कडी में ही इंडिया गठबंधन से जुड़ी समाजवादी पार्टी के सांसद अब्बू आजमी ने औरंगजेब को एक अच्छा शासक कहा है। इस ब्यान की पूरे देश में आम व्यक्ति भी कडी निंदा कर रहा है। इस शासक ने हिन्दुओं पर अत्याचार करने में कोई कसर नहीं छोडी और इतिहासकारों की माने तो रोजाना सवा मण जनेऊ उतारने का काम औरंगजेब के कार्यकाल में ही किया गया। इस शासक ने हिन्दुओं को मुस्लिम धर्म अपनाने के लिए जो अत्याचार किए वो किसी से छिपे नहीं है। उन्होंने कहा कि औरंगजेब ने लगभग 50 साल शासन किया और अपने शासन काल में जजिया कर को भी तबजो दी। इस जजिया कर से धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र भी अछूता ना रहा। इस धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र में स्थित पवित्र ब्रह्मद्सरोवर, सन्निहित सरोवर और सरस्वती में हजारों लोग

# नवनिर्मित मंदिर में मूर्ति स्थापना, प्राण प्रतिष्ठा समारोह आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत :** दी गोल्डन एरा पब्लिक स्कूल के नवनिर्मित मंदिर में मूर्ति स्थापना, एवं प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जैन परिवार- चेयरमैन जय भगवान जैन जी, सेक्रेटरी सतपाल जैन जी व समस्त मैनेजमेंट, प्रिंसिपल महोदया नितिन खंडवाल जी व समस्त स्टाफ सभी उपस्थित रहे कजैन परिवार की महिलाओं, प्रिंसिपल, विद्यालय अध्यापिकओ एवं नगर वासी महिलाओं के द्वारा एक भव्य



कलश यात्रा निकाली गई कमंदिर में मूर्ति स्थापना से पूर्व हवन किया गया क
छात्र मन्नत ने गणेश वंदना की प्रस्तुति दी ।भक्ति पूर्ण भजनों पर प्रियांशी एवं प्रगति दो छात्रों ने बहुत ही भावपूर्ण नृत्य प्रस्तुत किया क जैन परिवार द्वारा कन्या पूजन के बाद विशाल भंडारे का शुभ आरंभ किया गया विद्यालय परिवार के सदस्यों, जनप्रतिनिधियों, विद्यार्थी एवं जन नागरिकों ने हवन में आहुतियां दी ।मंत्रोचार व छात्रों की जय जयकार से पूरा परिसर गूंजयामन हो उठा। जैन परिवार की यह पहल अनुकरणीय है। स्कूल के प्रांगन में जैन परिवार अपने माता पिता की स्मृति में खजान चंद भतेरी देवी चैरिटेबल हस्पताल का निर्माण कराने जा रहा है , जिसकी नींव आज रखी गई क विद्यालय में मंदिर स्थापना से बच्चों के आध्यात्मिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। मूर्ति स्थापना के पश्चात विद्यालय में एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।

**निर्माण**

▶▶ माता पिता की स्मृति में खजान चंद भतेरी देवी चैरिटेबल अस्पताल का निर्माण कराने जा रहा है

# महात्मा ज्योतिबा फूले शिक्षा विकास ट्रस्ट शिक्षा के लिए प्रयासरतः डॉ निर्मला

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** महात्मा ज्योतिबा फूले शिक्षा विकास ट्रस्ट द्वारा ट्रस्ट की राष्ट्रीय राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती स्वीटी रंगा के मार्गदर्शन में हर वर्ष महिला दिवस पर महिलाओं को सम्मानित जाता है। आज ट्रस्ट द्वारा डॉक्टर निर्मला चौधरी प्रोफेसर यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ मैनेजमेंट कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी कुरुक्षेत्र को शिक्षा व सामाजिक क्षेत्र में कार्य करने पर शिक्षा सम्मान से सम्मानित किया गया है। ट्रस्ट के चेयरमैन मिहा सिंह रंगा ने बताया कि ट्रस्ट हमेशा ही शिक्षा और सामाजिक क्षेत्र में लगातार कार्य कर रही है।



जिन बेटियों के माता-पिता या पिता नहीं है उन बेटियों को निःशुल्क शिक्षा दी जा रही है । डॉ निर्मला चौधरी ने ट्रस्ट की अध्यक्ष श्रीमती स्वीटी रंगा और सभी पदाधिकारियो का ट्रस्ट द्वारा शिक्षा सम्मान देने पर आभार व्यक्त किया । डॉ निर्मल चौधरी ने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले ट्रस्ट शिक्षा के लिए हमेशा ही प्रयासरत रहते हुए शिक्षा के क्षेत्र में सराहनीय कार्य कर रही है। डॉ निर्मला चौधरी ने कहा कि हम भी ट्रस्ट के कार्यों में बढ़-चढ़कर सहयोग करेंगे।

# सैन्य मनोविज्ञान विषय पर व्याख्यान आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र:** केयू एलुमनी एसोसिएशन द्वारा प्रायोजित तथा केयू मनोविज्ञान विभाग द्वारा आयोजित एक्सटेंशन लेक्कर कार्यक्रम में बतौर मुख्य वक्ता डॉ. उपदेश कुमार, पूर्व साइंटिस्ट एवं अध्यक्ष, मानसिक स्वास्थ्य डिविजन, रक्षा मनोविज्ञान अनुसंधान संस्थान डीआरडीओ ने बताया कि किस प्रकार एक रक्षा मनोवैज्ञानिक बन सकते हैं तथा सैनिकों के मानसिक स्वास्थ्य को बनाए रखने में मनोविज्ञान के रक्षा क्षेत्र का क्या योगदान है। इसके साथ ही उन्होंने रक्षा मनोविज्ञान की सैन्य बलों में भूमिका को रेखांकित किया।

# गन्ने की खेती से दूर हो रहे किसान, कम हुआ रकबा

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: जिले** में किसान गन्ने की खेती से दूर होते जा रहे है। जिससे कृषि विभाग की चिंता को बढ़ गई है। जानकारी के अनुसार जिले में गन्ने की खेती का रकबा काफी मात्रा में कम पाया गया है। विभाग की तरफ से पहली बार किसानों को गन्ने की खेती करने व उसके फायदे बताने के लिए कृषि मेले का आयोजन किया जा रहा है। जिसको लेकर कृषि अधिकारी ने अन्य अधिकारियों के साथ बैठक करके मेले की रूपरेखा व जरूरी दिशा-निर्देश जारी किए है। विभाग की तरफ से मेले का आयोजन 11 मार्च को शहर के कामी रोड स्थित दी सहकारिता चीनी मिल में किया जायेगा। बता दें कि देश भर में अन्य राज्यों से ज्यादा हरियाणा प्रदेश में गन्ने के भाव सरकार की तरफ से गन्ना उत्पादकों को दिए जा रहे है। वहीं सोनीपत जिले की बात करे तो किसानों का गन्ना लेने के लिए गोहाना के आहुलाना व शहर के कामी रोड पर चीनी मिल स्थापित है। सरकार की तरफ से दी जा रही सुविधा के बावजूद जिले में गन्ने का रकबा कम होता जा रहा है। ऐसे में गन्ने के उत्पादन को बढ़ाने के लिए सोनीपत कृषि विभाग ने गन्ना किसान मेला आयोजित करने का फैसला किया है। जिसे सोनीपत चीनी मिल परिसर में आयोजित किया जायेगा। आयोजित होने वाले इस गन्ना किसान मेले में सोनीपत जिले के लगभग 500 गन्ना उत्पादक किसान शामिल होंगे।

गन्ना किसान मेले के दौरान उचानी रिसर्च सेंटर से गन्ना विशेषज्ञ भी पहुंचेंगे। जोकि न सिर्फ किसानों को नई गन्ने की किस्मों के बारे में जागरूक करेंगे, बल्कि गन्ने की फसल में होने वाले विभिन्न प्रकार के रोगों की रोकथाम के उपाय भी बताए जाएंगे। गन्ना किसान मेले में गन्ने से तैयार होने वाले अलग-अलग उत्पादों के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी जाएगी, ताकि किसान गन्ना उत्पादन करने के साथ-साथ खुद का ब्रांड भी तैयार करे और अधिक आय कमाए।

**उत्पादन में कमी**

▶▶ जानकारी के अनुसार जिले में गन्ने की खेती का रकबा काफी मात्रा में कम पाया गया है

**यमुना क्षेत्र में सबसे ज्यादा गन्ने का रकबा, अन्य जगहों पर घटा:** विभाग से मिली जानकारी के अनुसार जिले में गन्ना उत्पादक किसान यमुना के साथ लगते हुए क्षेत्रों में गन्ने का उत्पादन ज्यादा करते हैं। आहुलाना चीनी मिल और सोनीपत चीनी मिल क्षेत्र की बात करे तो गन्ने का रकबा करीब 22 हजार एकड़ ही रह गया है।

# सांसद नवीन जिन्दल के प्रयास से रेलवे ने श्याम प्रेमियों को दी सौगात

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** सांसद नवीन जिन्दल के प्रयास से खाटू श्याम बाबा के दर्शनों के लिए शुरू हुई ट्रेन को लेकर श्रद्धालुओं में खुशी का माहौल है। बाबा खाटू श्याम से यहां पहुंचने पर श्रद्धालुओं ने ट्रेन यात्रियों के जत्थे का भव्य अभिनंदन किया। समाजसेवी एवं वैश्य अग्रवाल पंचायत के कार्यकारिणी सदस्य विनोद गर्ग के नेतृत्व में ट्रेन चालक विनोद शर्मा और सह चालक बलजीत सिंह को फूल मालाएं पहनाकर उनका स्वागत किया। इस मौके पर समाजसेवी एवं वैश्य अग्रवाल पंचायत के कार्यकारिणी सदस्य विनोद गर्ग ने कहा कि यहां से खाटू श्याम बाबा के दर्शनों के




लिए ट्रेन सेवा नहीं थी, जिसे शुरू करने की मांग को लेकर धर्म प्रेमियों और श्रद्धालुओं की ओर से सांसद नवीन जिन्दल को मांग पत्र सौंपा गया था। सांसद जिन्दल ने रेल विभाग से बातचीत करके ये सेवा शुरू कराई है। उन्होंने बताया कि जयपुर, खाटू श्याम जी और शकूरबस्ती स्पेशल ट्रेन कुरूक्षेत्र से जयपुर, खाटू श्याम, शकूर बस्ती स्पेशल ट्रेन होगी। जिसका रूट जयपुर खाटू श्याम जी शकूर बस्ती होगा। इसके अलावा सांसद नवीन जिन्दल के प्रयास से दूसरी अन्य ट्रेन मदार अजमेर कुरुक्षेत्र स्पेशल ट्रेन भी जल्द शुरू होगी। सांसद कार्यालय के प्रभारी धर्मवीर सिंह ने बताया कि मांग को लेकर रेल यात्रियों द्वारा सांसद को मांग पत्र सौंपा गया था। जिसे लेकर उन्होंने रेलवे विभाग के बड़े अधिकारियों से पत्राचार करके इस मांग को तुरंत पूरा करने को कहा था। अब सांसद नवीन जिन्दल के प्रयास से यह मांग पूरी होने जा रही है क्षेत्र के लोगों ने सांसद नवीन जिन्दल का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जिन्दल ऐसे व्यक्ति हैं। जो प्रत्येक नागरिक की बात सुनते हैं और उसकी समस्या को गंभीरता से लेकर हल करवाने का प्रयास करते हैं। इस अवसर पर अशोक कुमार, शिवांग गर्ग, अभिषेक गर्ग, वीरेंद्र कुमार, सिद्धार्थ तिवारी, वीरेंद्र कुमार, विवेक शर्मा, संजीव जिंदल, सोनू शर्मा, साहिल गुप्ता सहित भारी संख्या में धर्म प्रेमी उपस्थित रहे।

**अभिनंदन**

▶▶ सांसद नवीन जिन्दल ने बाबा खाटू श्याम से यहां पहुंचने पर श्रद्धालुओं ने ट्रेन यात्रियों के जत्थे का भव्य अभिनंदन किया

# बाबा सवारनाथ नाथ डेरा बाहरी में वार्षिक उत्सव का दूसरे दिन का हुआ शुभारंभ

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** बाबा सवारनाथ डेरा बाहरी में फागुन मास की नवमी के अवसर हर वर्ष तीन दिन का सॉन्ग और विशाल भंडारे का आयोजन किया जाता है इस वर्ष भी बाबा सवारनाथ चेला मोहरू नाथ चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा 6 मार्च से 8 मार्च तक सॉन्ग और 8 मार्च को विशाल भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। पवित्र सॉन्ग के माध्यम से डेरे का गुणगान करने के लिए सुप्रसिद्ध सांगी सूरज बेदी और उनकी पूरी टीम द्वारा किया जा रहा है ।आज 7 मार्च को सांग के दूसरे दिन शुभारंभ पर मुख्य अतिथि थानेसर



के विधायक अशोक अरोड़ा के सुपुत्र हिमांशु अरोड़ा और शाहाबाद के विधायक रामकरण काला के सुपुत्र कँवरपाल जिला परिषद मेम्बर ने अपने कर कमलों द्वारा पवित्र सांग का शुभारंभ रिबन काट कर किया । ट्रस्ट द्वारा मुख्य अतिथियों को फूल माला और सिरोपा पहनाकर हार्दिक स्वागत किया। ट्रस्ट द्वारा सुखदीप सरपंच मोहडी, गगन सरपंच किशनगढ़, गुरविंदर ढोला माजरा को शिरोपा पहनाकर उनका स्वागत किया। मुख्य अतिथियों ने कहा कि इस पवित्र डेरे में सदियों से पूजा अर्चना होती आई है।

# चुलकाना धाम में श्रीश्याम बाबा का तीन दिवसीय फाल्गुनोत्सव कल से होगा शुरू

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा( कुलदीप सिंह )**

**चुलकाना धाम** पर श्रीश्याम फाल्गुनोत्सव वैसे तो विगत 2 मार्च से शुरू हो चुका है,लेकिन प्राचीन श्रीश्याम मंदिर का मुख्य उतसव 9,10 व 11 मार्च को आयोजित होगा जिसको लेकर मंदिर समिति द्वारा जोरो शोरो से तैयारिया की जा रही है। श्रीश्याम मंदिर सेवा समिति के प्रधान रोशन लाल छौंककर ने बताया कि फाल्गुन मास की विक्रमी संवत के अनुसार शुक्ल पक्ष की दशमी से मेला शुरू होगा जो द्वादशी की शाम तक चलेगा। यानि 11 मार्च तक श्रद्धालु शयाम बाबा के दर्शन कर सकेंगे। शयाम बाबा के तीन दिवसीय मेले को लेकर की जा रही तैयारियो की जानकारी देते हुए प्रधान रोशन लाल छौक्कर ने बताया कि कोलकाता के मशहूर



फूलों से श्याम बाबा का आलौकिक श्रृंगार किया जाएगा। पूरा मंदिर परिसर को रंग-बिरंगे फूलों और लाइटों से सजाया जा रहा है। रंग-बिरंगे फव्वारे और उनमें बहता पानी भक्तों के आकर्षण का केंद्र रहेगा। उन्होने बताया कि हरियाणा,दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, राजस्थान, मध्य प्रदेश और दक्षिण भारत के कई शहरों से श्याम यहां पहुंचते हैं। श्याम बाबा के दर्शन करने मे भक्तो की सुविधा के लिए समिति ने व्यापक प्रबंध किये है। दर्शन के लिए बनाई गई लाइनो के पास ही पीने के पानी की व्यवस्था की गई है। प्रसाद व बाबा का निशान बाहर लाइन के पास ही लेने की व्यवस्था की गई है। श्रद्धालुओ की सुरक्षा को देखते हुए जहा मंदिर के बाहर पुलिस प्रशासन तैनात रहेगा वही मंदिर परिसर के अंदर 200 के सुरक्षा गार्ड तैनात रहेगे,वही गांव के सैकड़ो नौजवान निस्वार्थ भक्तो की सेवा मे तत्पर रहेगे।

**मंदिर की तरफ से निशुल्क मेट्रो सेवा**

मंदिर प्रधान रोशन लाल के मुताबिक गांव को चार जोन मे विभाजित किया गया है। प्रशासन द्वारा गांव के बाहर पार्किंग की व्यवस्था की गई है। निजी वाहनो व डीजे आदि को गांव के बाहर पार्किंग स्थल मे ही रोका जाएगा।वहा से श्रद्धालुओ को मंदिर तक पैदल आना पडेगा।दिव्यांग व बुजुर्ग श्रद्धालुओ के लिए मंदिर समिति की ओर से पार्किंग स्थल से मंदिर परिसर तक निशुल्क मैट्रो सेवा चलाई जायेगी। मंदिर समिति के पदाधिकारी सुरेश कुमार ने बताया कि चुलकाना धाम श्रीश्याम मंदिर महाभारत काल से जुडा हुआ है। प्राचीन पीपल का वृक्ष मंदिर परिसर मे आज भी मौजूद है। मान्यता है कि वीर बर्बरीक ने अपने बाणों से इस वृक्ष के पत्तों में छेद किया था। उनका दावा है कि महाभारत के युद्ध के दौरान बर्बरीक ने अपने शीश का दान चुलकाना मे ही किया था जिस पर खुश होकर भगवान श्री कृष्ण ने उनको अपना नाम देते हुए कलियुग मे श्याम नाम से पूजा होने का आशिर्वाद दिया। उल्लेखनीय है कि विगत 2 मार्च से ही श्री श्याम बाबा की पैदल ध्वज यात्रा और रथ यात्रा चुलकाना धाम पहुंच रही है। भक्त रंग, गुलाल और फूलों से होली खेलते हुए यहां पहुंच रहे हैं। जिन परिवारों में बाबा श्याम कुल देवता के रूप में पूजे जाते हैं, वे फाल्गुन शुक्ल पक्ष की एकादशी और द्वादशी को विशेष पूजा करेंगे।

# शहर के कबाड़ व्यापारी नगर निगम के अंतर्गत ट्रिपल आर के तौर पर करेंगे कार्य

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। नगर निगम ने स्वच्छ** सर्वेक्षण 2024 की थीम ट्रिपल आर (रिड्यूज, रियूज व रिसाईकल) को शहर में लागू करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम आगे बढ़ाया है। इसके तहत नगर निगम ने शहर के कबाड़ व्यापारियों के साथ एक बैठक कर ट्रिपल आर के प्रति जागरूक किया। बैठक की अध्यक्षता नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने की, जिसमें करीब 55 व्यापारियों ने भाग लिया। बैठक में अतिरिक्त निगम आयुक्त अशोक कुमार, नगर निगम के स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर कर्नल बिन्द्रा तथा सफाई शाखा के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। निगमायुक्त ने कबाड़ व्यापारियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि जिस प्रकार गहणों की पहचान जोहरी को होती है, उसी प्रकार आप भी अपने कार्य के माहिर व्यक्ति हैं। इसलिए उन्होंने



बैठक में मौजूद व्यापारियों को कबाड़ी की जगह ज्वैलर्स कहकर उन्हें सम्मान दिया। उन्होंने कहा कि आप लोग नगर निगम के अंतर्गत ट्रिपल आर के तौर पर कार्य करें। इसके लिए आपकी दुकानों पर आर.आर.आर. के बोर्ड भी प्रदर्शित किए जाएंगे। उन्होंने शहर को स्वच्छ बनाए रखने का भी आग्रह करते कहा कि आप इस कार्य में नगर निगम का सहयोग करें। नगर निगम आपकी मदद के लिए हमेशा खड़ा रहेगा। उन्होंने व्यापारियों से अतिक्रमण न करने की भी अपील की। उन्होंने बैठक में एकता, अनुशासन और व्यवसाय के आधुनिकीकरण की आवश्यकता पर बल दिया। ज्वैलर्स को कहा कि ऐसा कचरा जो आगे नहीं बिकता, उसे एक अलग बोरे में एकत्र करते रहें और उसे नगर निगम को दे दें। नगर निगम उसका अपने स्तर पर निस्तारण करवाएगा। बैठक में दुकानों के मानकीकरण, अग्नि सुरक्षा, कचरा पृथक्करण और सामाजिक जिम्मेदारी को लेकर विस्तृत रूप चर्चा की गई। बैठक में व्यापारियों ने उपरोक्त सुधारों को लागू करने पर अपनी सहमति जताई।

# 12 मार्च को होगी मतगणना, प्रशासन की तैयारियां पूरी : गौरव



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिला परिषद** के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव कुमार ने नगर निगम करनाल आम चुनाव 2025 की मतगणना के दृष्टिगत शुक्रवार को डॉ. मंगलसेन ऑडिटोरियम में मतगणना स्टाफ को प्रशिक्षण दिया गया। इससे पूर्व मास्टर ट्रेनर अमरीश व रणजीत सिंह ने भी मतगणना को लेकर ईवीएम के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस मौके पर प्रशिक्षण के नोडल अधिकारी एवं डीडीपीओ संजय टांक मौजूद रहे। प्रशिक्षण के दौरान मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव कुमार ने बताया कि मतगणना को लेकर जिला प्रशासन की तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी है। मतगणना का कार्य 12 मार्च को प्रातः 8 बजे सेक्टर-14 स्थित पंडित चिरंजी लाल राजकीय महाविद्यालय में शुरू होगा। उन्होंने प्रशिक्षण के दौरान कहा कि मतगणना में लगे हुए

**मतगणना**

**पूर्व मास्टर ट्रेनर अमरीश व रणजीत सिंह ने भी मतगणना को लेकर ईवीएम के बारे में विस्तार से जानकारी दी।**

सभी अधिकारी एवं कर्मचारी पूरी निष्ठा व ईमानदारी से अपनी ड्यूटी का निर्वहन करें। मतगणना के दौरान निर्वाचन आयोग की हिदायतों का शत प्रतिशत पालन किया जाए।
उन्होंने कहा कि मतगणना संपूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया का अंतिम पड़ाव है। इसलिए प्रशिक्षण के दौरान मतगणना को लेकर सभी प्रकार की शंकाओं को दूर कर लें। मतगणना से संबंधित सभी पहलुओं का ज्ञान होना चाहिए, ताकि मतगणना के दौरान किसी प्रकार की दिक्कत का सामना न करना पड़े।

# उपायुक्त ने किया जनता स्कूल के परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर। हरियाणा विद्यालय**

शिक्षा बोर्ड की परीक्षाओं को नकल मुक्त आयोजित करवाने के लिए उपायुक्त डॉ मनोज कुमार ने अधिकारियों के साथ परीक्षा केन्द्रों हिंदी की दसवीं कक्षा की परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण कर रहे हैं। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त सबसे पहले पुगथला गांव अति सवेदनशील केन्द्र का दौरा किया। परीक्षा केन्द्रों में सुरक्षा व्यवस्था जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि परीक्षाओं को पूरी तरह नकल मुक्त बनाना प्रशासन की प्राथमिकता है। इसके तहत



परीक्षा केंद्रों की सुरक्षा को चाक-चौबंद किया गया है। एसडीएम फ्लाइंग दस्तों द्वारा परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण करते हुए एग्जाम सेंटरों पर परीक्षार्थियों की प्रवेश प्रक्रिया, निगरानी तंत्र और सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की। इसके बाद उपायुक्त गन्नौर स्थित जनता वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के परीक्षा केन्द्र में पहुंचे और निरीक्षण किया। उपायुक्त ने परीक्षा केंद्रों पर तैनात अधिकारियों और पुलिस कर्मियों को निर्देश दिए कि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि पर तुरंत कार्रवाई करें व ड्यूटी में किसी भी प्रकार की लापरवाही पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर जिला शिक्षा अधिकारी नवीन गुलिया व अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।
उपायुक्त ने उप-स्वास्थ्य केन्द्र का भी किया औचक निरीक्षण
परीक्षा केन्द्र में निरीक्षण के बाद उपायुक्त डा. मनोज कुमार ने गांव पुगथला स्थित उप-स्वास्थ्य केन्द्र का भी औचक निरीक्षण किया। उन्होंने हाजिरी रजिस्टर, दवाई स्टॉक रजिस्टर तथा ओपीडी रजिस्टर की भी चैकिंग की। उन्होंने निर्देश दिए कि यहां ईलाज के लिए आने वाले लोगों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए।

# एक ट्रैक्टर-ट्राली व ट्रक से 5 लाख 32 हजार रुपए वसूला गया जुर्माना

**सोनीपत। महानिदेशक,** खान एवं भू विज्ञान विभाग, हरियाणा के आदेशानुसार एवं उपायुक्त के निदेर्शानुसार जिले में अवैध खनन को पूर्ण रूप से रोकने के लिए विभाग द्वारा दिन-रात चैकिंग की जा रही है। इस कड़ी में गुरूवार को खान एवं भू विज्ञान विभाग की टीम द्वारा खनिज से लोड़ गाड़ियों की जांच की गई थी। जो आने वाले दिनों में भी जारी रहेगी।

उपायुक्त ने बताया कि अवैध खनन के अन्य केस के संबंध में पवन कुमार पुत्र उमेद सिंह निवासी गढ़ मिरकपुर के 01 ट्रेक्टर-ट्राली व 01 ट्रक को एक माह पहले अवैध खनिज परिवहन करते हुए पाये जाने पर पुलिस थाना में बंद करवाया गया था। जिनको जुमार्ना राशी 5 लाख 32 हजार रुपए सरकारी खजाने में जमा करवाने उपरांत ही छोड़ा गया है और आगे भी अवैध खनन करने वाले व्यक्तियों व इसमें सलिप्त वाहनों के साथ भी विभाग सख्ती से निपटेगा तथा अवैध खनन को किसी भी सूरत में बर्दाशत नहीं किया जाएगा।

# दिव्यांगजनों की मानसिक भलाई में उनकी भूमिका पर दिया संदेश

**टीम एक्शन इंडिया**
**राई। रेणु विद्या मंदिर द्वारा आयोजित तीन दिवसीय** राष्ट्रीय सम्मेलन के तीसरे दिन दिव्यांगजन और उनके परिवारों के मानसिक स्वास्थ्य एवं कल्याण को बढ़ावा देने, उत्साह, जागरूकता और प्रेरणादायक संदेश दिया गया। शिक्षाविदों और समाजसेवियों ने दिव्यांगजनों की मानसिक भलाई, समावेशन और समाज में उनकी भूमिका को सशक्त बनाने पर विचार साझा किए। दूसरे सत्र में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता, सरकारी योजनाओं, पुनर्वास



तकनीकों और परिवारों की भागीदारी पर चर्चा की। रामेश्वर सेवा संस्थान के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम की अतिथियों ने सराहना की। स्पेशल एजुकेशन एसडीटी विश्वविद्यालय के डीन डा. जयंती पुजारी ने दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण, मानसिक स्वास्थ्य पर केंद्रित, परिवारों की भूमिका और सहयोग पर संवाद किया।

# स्टेट हाइवे पर लगे दो सिटी बस क्यू सैल्टर हुए गायब, तीन बस क्यू सैंटर हो रहे है कबाड़

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़। नगरपालिका** द्वारा यात्रियों को सर्दी, गर्मी, बरसात से बचाने व शहर की सुन्दरता के लिए लाखों की रुपये की लागत से लगाए गए बस क्यू सेल्टर देखरेख के अभाव में कबाड़ हो चुके है। वहीं दो बस क्यू सेल्टर गायब हो चुके है। लेकिन एक वर्ष बीत जाने के बाद भी नगर पालिका के अधिकारियों की ओर से चोरी की शिकायत तक नहीं दी गई है। बता दें कि नगर पालिका की ओर से शहर के बस स्टैंड के बाहर, राव तुलाराम चौक, महिला कॉलेज के पास, न्यायिक परिसर के पास, कैंची टी प्वाइंट पर पांच स्थानों पर 45 लाख रुपए खर्च करके बस क्यू सेल्टर की सुविधा उपलब्ध करवाई थी। इस सुविधा के पीछे नगरपालिका द्वारा यात्रियों, विद्यार्थियों को सर्दी, गर्मी, बरसात से बचाना व शहर की सुन्दरता में वृद्धि करना था। इससे न केवल आमजन बल्कि छात्र-छात्राओं को भी निर्धारित स्थान पर बसें मिलने में सुविधाएं मिल रही थी। स्टेट हाइवे को फोरलेन करने को लेकर नगरपालिका द्वारा बनाए गए शहर के मुख्य राव तुलाराम चौक व एक अन्य सिटी बस क्यू




सैल्टर को हटा दिया गया था तथा इसी मार्ग पर अन्य बस क्यू सेल्टर भी रोड के हिस्से में व किनारे आने के कारण उनमें तोड़फोड़ की गई, जो अब रिपेयर मांग रहे हैं तथा कुछ तो हादसों का कारण भी बन रहे हैं, जिस ओर नगरपालिका प्रशासन का कोई ध्यान नहीं है। बताया जा रहा है कि उखाड़े गए बस क्यू सेल्टर का सामान ही गायब है। सामाजिक संगठनों से जुड़े लोगों ने नपा से हटाए गए बस क्यू सेल्टर को पुनः स्थापित करवाने तथा शेष को रिपेयर करवाकर वहां सुरक्षा के लिए पाइप लगाने की मांग की है।
स्टेट हाइवे के फोरलेन बनाने के चलते आई परेशानियां
दो वर्ष पहले लगाए गए बस क्यू सेल्टर मार्ग के आगामी भविष्य को देखते हुए स्थापित नहीं किए गए जिस कारण यह समस्या उत्पन्न हुई है। रोड निर्माण के चलते शहर के व्यस्तम राव तुलाराम चौक स्थित बस क्यू सेल्टर को तो हटाना ही पड़ा। इसके अलावा न्यायिक परिसर के पास बना बस क्यू सेल्टर तो करीब आधा रोड के बीच आ गया तथा अन्य बस क्यू सेल्टर भी रोड के पूरी तरह से किनारे पर आ गए हैं जिससे यहां हादसों का अंदेशा भी बना रहता है।रिपेयर व समस-समय पर साफ-सफाई की आवश्यकताः
नगरपालिका दो वर्ष पहले स्थापित किए गए बस क्यू सेल्टर को शायद भूल चुकी है। शायद ही नपा ने इनकी साफ-सफाई को लेकर कोई कदम उठाए हो। साफ-सफाई नहीं होने के कारण गंदगी युक्त बस स्टैंड के पास बने सेल्टर के पीछे तो लोग टायलेट भी करने लगे हैं। इसके अलावा स्टेट हाइवे निर्माण के चलते जिन बस क्यू सेल्टरों को क्षति पहुंची उनकी वहां पर रिपेयर करना आवश्यक हो गया है।

# जीवन में महिलाएं सशक्त होकर चुनौतियों का सामना करें : रेणू

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : हरियाणा राज्य** महिला आयोग की अध्यक्षा रेनू भाटिया ने कहा कि जीवन में महिलाएं स्वयं को सशक्त एवं मजबूत बनाकर जीवन की चुनौतियों का सामना करें। समाज में महिलाओं के प्रति नजरिया बदलने की जरूरत है क्योंकि जब तक महिलाओं के प्रति नकारात्मक सोच समाप्त नहीं होगी तब तक महिलाओं का शोषण समाप्त नहीं होगा।वे शुक्रवार को हरियाणा राज्य महिला आयोग द्वारा कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के महिला अध्ययन शोध केन्द्र के सहयोग से अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के




उपलक्ष्य में आयोजित अद्भुत काव्य प्रतियोगिता कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि बोल रही थी। रेनू भाटिया ने महिलाओं को अपने अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति जागरूक रहने का आह्वान करते हुए कहा कि महिलाओं को जीवन में कठिनाइयों का डटकर सामना करना चाहिए। उन्होंने पुरुषों द्वारा महिलाओं का सम्मान करने तथा उन्हें अपमान से बचाने की बात कही। उन्होंने लिव-इन-रिलेशनशिप जैसी सामाजिक बुराईयों का जिक्र करते हुए उनसे दूर रहने के लिए कहा। मुख्य अतिथि द्वारा काव्य प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए।
कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि लड़कियों के प्रति होने वाले भेदभाव को समाप्त करने की जरूरत है। वर्तमान में महिलाएं हर क्षेत्र में देश के विकास के लिए अहम् भागीदारी कर उल्लेखनीय योगदान दे रही हैं। महिला अध्ययन शोध केन्द्र की निदेशिका प्रो. अनिता दुआ ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। इस अवसर पर केयू महिला शिक्षिकाओं सहित विद्यार्थी एवं प्रतिभागी मौजूद थे।

**काव्य प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने जीते पुरस्कार**

अद्भुत काव्य प्रतियोगिता में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय सहित गीता विश्वविद्यालय तथा महर्षि मारकंडेय विश्वविद्यालय के 26 विद्यार्थियों ने भाग लिया जिसमें छह प्रस्तुतियों को अंतिम राउंड के चुना गया। प्रतियोगिता में आयोग द्वारा प्रथम पुरस्कार के विजेता सुमित कुमार को 21 हजार रुपये, द्वितीय पुरस्कार की विजेता अंजलि बंगा को 11हजार रुपये तथा तृतीय पुरस्कार के विजेता संजीव कुमार को 5100 रुपये की राशि प्रदान की गई। निर्णायक मंडल की भूमिका में डॉ. विजयवंती, गायत्री कौशल तथा एडी भट्ट शामिल थे।

# महिला दिवस के अवसर पर प्रो. नीलिमा गुप्ता 1426 विद्यार्थियों व शोधार्थियों को प्रदान करेंगी

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़। हरियाणा** केंद्रीय विश्वविद्यालय का 11वां दीक्षांत समारोह शनिवार को आयोजित होने जा रहा है। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित दीक्षांत समारोह में डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर की कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता मुख्यातिथि व हरियाणा लोक सेवा आयोग की सदस्य ममता यादव की विशिष्ट अतिथि के रूप में गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। पिडिलाइट इंडस्ट्रीज लिमिटेड के निखिल माथुर भी विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम की शोभा



बढ़ाएंगे। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने बताया कि इस दीक्षांत समारोह में 1426 विद्यार्थियों व शोधार्थियों को पीएचडी, स्नातक व स्नातकोत्तर की डिग्री प्रदान की जाएगी। कुलपति ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित हो रहे विश्वविद्यालय के 11वें दीक्षांत समारोह में 1426 विद्यार्थियों व शोधार्थियों को डिग्रियां प्रदान की जाएगी। इनमें 647 छात्राएं हैं। विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक प्रो. राजीव कौशिक के अनुसार दीक्षांत समारोह में 45 को पीएचडी, 811 को स्नातकोत्तर।

# दो प्रशिक्षण कार्यक्रमों के समापन समारोह का आयोजन किया गया

**पंचायत**

**सेफ्टी हेड अंका बाबू पलाती, आप्रेशन हैड कुमार घोष, विकास सिंह ने जागरूक किया**

**पानीपत ( कमाल हुसैन)**

चौधरी चरण सिंह कृषि विश्वविद्यालय के कृषि विज्ञान केंद्र ऊझा, पानीपत के प्रांगण में चल रहे पांच दिवसीय, दो प्रशिक्षण कार्यक्रमों के समापन समारोह का आयोजन किया गया। इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों में पानीपत जिले से 50 महिला प्रतिभागियों ने भाग लिया। इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों का शीर्षक ह्वपोस्ट हार्वेस्ट




मैनेजमेंट ऑफ एग्रीकल्चर प्रोड्यूसह्व था, जिसमें की सही प्रतिभागियों को फसल की कटाई के उपरांत किए जाने वाले विभिन्न क्रियाओं के बारे में विस्तार से जानकारी देना था व इन्हें अपने एक व्यवसाय के रूप में अपनाकर खुद का आर्थिक विकास करने के लिए जागरूक करना था। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम ह्वअनुसूचित जाति उपयोजनाह्व के अंतर्गत चलाए गए हैं। इस योजना का मुख्य उद्देश्य जिले के अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों को प्रशिक्षणो के द्वारा उनकी आर्थिक उन्नति में उनकी सहायता करना है। यह योजना कृषि विज्ञान केंद्र, पानीपत में 2022 से लागू की गई। डॉक्टर सतपाल, संयोजक कृषि विज्ञान केंद्र, पानीपत ने सभी प्रतिभागियों को ह्वअनुसूचित जाति उपयोजनाह्व के बारे में विस्तार से समझाया व अन्य अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों को भी इस योजना के बारे में बताने के लिए आग्रह किया। उन्होंने यह भी बताया कि यदि वे इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों के बाद अपना कोई व्यवसाय छोटे स्तर पर शुरू करते हैं ।डॉ कुलदीप डूडी, पशु वैज्ञानिक ने सभी प्रतिभागियों को दूध उत्पादन से संबंधित विभिन्न समस्याओं के बारे में चर्चा व उन्हें घर में ही तैयार हो सकने वाली औषधियां के बारे में बताया जिससे कि वह बहुत ही कम खर्चे में अपने पशुओं का सही तरह रख रखाव कर सके व उचित लाभ कमा सके। इंजीनियर सुधीर, सहायक कृषि अभियंता, पानीपत में सभी प्रतिभागियों को विभिन्न स्कीमों के बारे में अवगत करवाया व उन्हें उनमें जुड़ने की प्रक्रिया के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी।

## संपादकीय

# होलीः लोक रंगों का महापर्व

**कहा जाता है** कि वसंत ऋतु को ऋतुओं का राजा की मान्यता देने के लिए बाकी पांच ऋतुओं ने अपने में से कुछ-कुछ दिन दे दिए, इसीलिए वसंत ऋतु का आगमन विद्या और कला-संगीत की देवी मां सरस्वती के पूजन यानी वसंत पंचमी के साथ शुरू होता है। कायदे में भारतीय (हिंदू) कैलेंडर के हिसाब से सभी छह ऋतुएं-वसंत, ग्रीष्म, वर्षा, शरद, हेमंत और शिशिर, दो-दो महीने की होती है लेकिन वसंत करीब ढाई महीने का होता है। महीनों का निर्धारण विक्रमी संवत से होता है। सभी ऋतुओं की पहचान मौसम से होती है। वसंत के आगमन की सूचना वातावरण में मस्ती से होता है और वह फाल्गुन पूर्णिमा को होली (पूर्वांचल में फगुआ और आम बोलचाल में होरी) के दिन शीर्ष पर पहुंच जाता है। वातावरण में फूलों महक भी वसंत के होने का एहसास कराती है। गुलाबी ठंड, खेत पीले सरसों से भरे पड़े, उस पर मंडराते भौंरे, गेहूं की बालियां, हर तरफ फूल ही फूल, फिजा में मस्ती बिखेरते हैं। अपना देश विविधताओं का देश है। तरह-तरह की भाषा-बोली, पहनावा, खानपान और सैकड़ों पर्व-त्यौहारों को हम सभी साल भर मनाया करते हैं। अनेक त्यौहार देश के सर्वाधिक राज्यों में उत्साह से मनाया जाता है। होली भी देश के ज्यादातर राज्यों में मनाया जाने वाला त्यौहार है। होली की सबसे बड़ी विशेषता है कि वह हर वर्ग और खासकर गरीब तबके का सबसे लोकप्रिय पर्व है। ब्रज की होली की लोकप्रियता आज भी कायम है। देश-दुनिया से बड़ी तादाद में लोग मथुरा, वृंदावन, बरसाना, नंदगांव और भगवान कृष्ण और राधा-रानी से जुड़े जगहों पर लोग आते हैं। इसकी तैयारी महीनों पहले शुरू हो जाती है। किसी अनजान व्यक्ति को यह आश्चर्य लगेगा कि बड़ी तादाद में लोग कृष्ण भक्त गोपियां बनी ब्रज की महिलाओं के साथ होली खेलने और उनके डंडे झेलने (लट्ठमार होली) के लिए दूरदराज से समय और पैसे खर्च करके लोग आते हैं। यह संख्या लाखों में होती है। मान्यता है कि सभी लोग वहां इस अनुभव के लिए जाते हैं कि जैसे उन्होंने राधे-कृष्ण के साथ होली खेल ली। इसके अलावा हर राज्यों में अलग-अलग तरीके से होली खेली और गीत गाए जाते है। अलग-अलग तरह के पकवान खासकर होली के लिए बनाए जाते हैं। इतना ही नहीं अलग-अलग इलाकों में होली का नाम भी अलग है और मनाने के तरीके भी अलग है। दीपावली की तरह होली भी सालों पहले देश की सीमा पार कर अनेक देशों का बड़ा पर्व बन गया है। नेपाल तो हाल ही तक दुनिया का अकेला हिंदू देश था। वहां तो अपने देश की तरह होली पर सार्वजनिक अवकाश होता है। दुनिया के अन्य देशों में जहां भारतवंशी रहते हैं वहां होली उत्साह से मनाया जाता है। होली मिलन समारोह भी कई देशों में आयोजित होते हैं। प्रचलित कथा है कि दैत राजा हिरण्यकश्प अपने को ही भगवान मानता था और अपनी प्रजा से इसे मनवाता था। उसने भीषण तपस्या कर अपने को अमर होने का वरदान पा लिया था। उसे वरदान था कि वह न तो दिन में और न ही रात में, न तो अस्त्र से और न ही शस्त्र से, न तो घर में न ही बाहर, न ही मनुष्य से न ही जानवर से मारा जा सकता है। उससे ठीक विपरित उसका पुत्र प्रह्लाद नारायण भक्त था।

# सार्वजनिक मूत्रालयों के लिए महिलाओं का संघर्ष

**अमरपाल सिंह वर्मा-**

> टॉयलेट के अभाव में महिलाओं को स्वास्थ्य की कई समस्याएं हो रही हैं। अदालत ने कहा कि घर से बाहर निकली महिलाएं अपने लिए टॉयलेट तलाश करती हैं लेकिन उन्हें या तो टॉयलेट ही नहीं मिलता या उसमें पर्याप्त साफ सफाई नहीं होती, जिस कारण महिला वापस घर पहुंचने तक यूरिन रोक लेती हैं। हाई कोर्ट ने इस पर चिंता जताई कि प्रदेश में अपने लिए शौचालयों की कमी के चलते महिलाएं कम पानी पीती हैं और यूरिन रोक लेती हैं, इससे उन्हें बीमारियां हो सकती हैं। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने भी बिलासपुर जिले के 150 सरकारी स्कूलों में शौचालय न होने और 200 से अधिक स्कूलों में शौचालय उपयोग के लायक नहीं होने पर स्वत: संज्ञान लेकर सरकार से जवाब मांगा है। हाई कोर्ट के ध्यान में आया कि स्कूलों में शौचालयों की कमी के कारण महिला शिक्षक और छात्राएं प्रभावित होती हैं

**हमारे** देश में अक्सर महिलाओं के अधिकारों की बात की जाती है। समानता के नारे गूंजते हैं लेकिन क्या कभी हमने यह सोचा है कि समानता तो दूर, महिलाओं के लिए सार्वजनिक शौचालय तक पहुंच पाना भी एक बड़ा संघर्ष है? हाल में यह जानकार हैरानी की सीमा नहीं रही कि कोरो इंडिया नामक संगठन को मुम्बई में महिलाओं के लिए मूत्र करने का अधिकार अभियान चलाना पड़ रहा है। इस अभियान के तहत मुंबई के व्यस्ततम इलाकों में महिलाओं के लिए निःशुल्क, स्वच्छ और सुरक्षित सार्वजनिक मूत्रालयों की स्थापना की वकालत की जा रही है। इससे यह समझ पाना मुश्किल नहीं है कि देश में महिलाओं की बुनियादी सुविधाओं तक पहुंच भी एक गंभीर समस्या बनी हुई है। छोटे और बड़े शहरों में सडकों, बाजारों, बस अड्डों और रेलवे स्टेशनों पर पुरुषों के लिए यूरीनल आसानी से उपलब्ध होते हैं लेकिन महिलाओं के लिए ऐसी सुविधाएं या तो बहुत कम हैं या फिर बेहद खराब स्थिति में होती हैं। ऐसे में महिलाएं मूत्र रोकने को मजबूर हो जाती हैं या फिर असुरक्षित और अस्वच्छ जगहों पर जाने के लिए विवश होती हैं। जिसका खामियाजा उन्हें यूरिनरी ट्रैक्ट इंफेक्शन (यूटीआई), किडनी की समस्याओं और अन्य बीमारियों के रूप में भुगतना पड़ता है। शहरों में ही नहीं, गांवों में भी महिलाओं के लिए शौचालय का अभाव है। कई बार सार्वजनिक शौचालय इतनी असुरक्षित स्थिति में होते हैं कि महिलाएं वहां जाने से डरती हैं। खुले में सार्वजनिक स्थानों पर निवारण करने से उनकी गरिमा और आत्म सम्मान पर असर पड़ता है। संविधान के अनुच्छेद 21 (जीवन एवं व्यक्तिगत स्वतंत्रता का अधिकार) और 15 (लैंगिक भेदभाव के खिलाफ सुरक्षा का अधिकार) के तहत सरकार की यह जिम्मेदारी है कि वह सभी नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराए। कुछ समय पहले राजस्थान हाईकोर्ट ने कार्यस्थलों और सार्वजनिक जगहों पर महिलाओं के लिए टॉयलेट की कमी और मौजूदा टॉयलेट के खराब हालत पर स्वप्रेरित प्रसंज्ञान लेकर सरकार से जवाबतलब किया है।




**यह अभियान महिलाओं के लिए सार्वजनिक यूरीनल के अभाव को सामान्य स्थिति मानने की मानसिकता को चुनौती देता है। दरअसल, यह महिलाओं की लंबे समय से ऐसी उपेक्षित समस्या है, जिस पर राष्ट्रीय स्तर पर बहस की दरकार है। किसी भी समस्या का हल बात करने से ही निकलता है। अगर हम इस पर व्यापक विचार-विमर्श करेंगे तो महिलाओं की यह मांग मजबूती से उठेगी**

अपने आदेश में अदालत ने कहा है कि महिलाएं विकासशील देश की रीढ़ की भूमिका निभाती हैं।

टॉयलेट के अभाव में महिलाओं को स्वास्थ्य की कई समस्याएं हो रही हैं। अदालत ने कहा कि घर से बाहर निकली महिलाएं अपने लिए टॉयलेट तलाश करती हैं लेकिन उन्हें या तो टॉयलेट ही नहीं मिलता या उसमें पर्याप्त साफ सफाई नहीं होती, जिस कारण महिला वापस घर पहुंचने तक यूरिन रोक लेती हैं। हाई कोर्ट ने इस पर चिंता जताई कि प्रदेश में अपने लिए शौचालयों की कमी के चलते महिलाएं कम पानी पीती हैं और यूरिन रोक लेती हैं, इससे उन्हें बीमारियां हो सकती हैं।

छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने भी बिलासपुर जिले के 150 सरकारी स्कूलों में शौचालय न होने और 200 से अधिक स्कूलों में शौचालय उपयोग के लायक नहीं होने पर स्वतः संज्ञान लेकर सरकार से जवाब मांगा है। हाई कोर्ट के ध्यान में आया कि स्कूलों में शौचालयों की कमी के कारण महिला शिक्षक और छात्राएं प्रभावित होती हैं क्योंकि उन्हें पेशाब करने के लिए खुले मैदान में जाना पड़ता है।

राजस्थान और छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट के प्रसंज्ञान लेने से जाहिर है कि अब यह केवल सामाजिक समस्या नहीं बल्कि एक कानूनी अधिकार का मामला भी बन गया है पर बड़ा सवाल यह है कि इस समस्या का समाधान कब होगा? क्या मुम्बई की तर्ज पर सब जगह मूत्र त्याग का अधिकार अभियान चलाकर महिलाओं को आवाज उठानी पड़ेगी? महिलाओं की गंभीर समस्या को हल करने के लिए कोरो इंडिया ने जिस मूत्र करने का अधिकार नामक महत्वपूर्ण अभियान की शुरूआत की है, वह इस गंभीर मुद्दे की ओर ध्यान आकर्षित करता है। यह पहल सिर्फ महिलाओं के लिए विशेष यूरीनल की उपलब्धता सुनिश्चित करने तक सीमित नहीं है बल्कि यह महिलाओं के स्वास्थ्य, गरिमा और उनके मूलभूत अधिकारों की रक्षा की दिशा में एक बड़ा कदम है।

महिलाओं के लिए स्वच्छ और सुरक्षित यूरीनल की सुविधा कोई विशेषाधिकार नहीं बल्कि एक बुनियादी मानवाधिकार है जो उन्हें मिलना ही चाहिए। यह केवल उनके स्वास्थ्य से जुड़ा मुद्दा ही नहीं है बल्कि समानता, गरिमा और आत्मसम्मान का प्रश्न भी है। सरकार, प्रशासन और समाज को मिलकर इस विषय पर गंभीर पहल करनी होगी ताकि महिलाओं को एक ऐसा बुनियादी अधिकार पाने के लिए संघर्ष न करना पड़े जो पुरुषों को बिना किसी प्रयास के उपलब्ध है।

कोरो इंडिया के इस अभियान के बारे में सुनकर एकबारगी किसी को भी अजीब लग सकता है पर इस पर विचार करने से समझ में आता है कि यह मुद्दा कितना गंभीर है और इस पर चर्चा करना क्यों जरूरी है? यह अभियान महिलाओं के लिए सार्वजनिक यूरीनल के अभाव को सामान्य स्थिति मानने की मानसिकता को चुनौती देता है। दरअसल, यह महिलाओं की लंबे समय से ऐसी उपेक्षित समस्या है, जिस पर राष्ट्रीय स्तर पर बहस की दरकार है। किसी भी समस्या का हल बात करने से ही निकलता है। अगर हम इस पर व्यापक विचार-विमर्श करेंगे तो महिलाओं की यह मांग मजबूती से उठेगी। शासन और प्रशासन पर दबाव बनेगा और इससे महिलाओं के जीवन को और अधिक सुरक्षित एवं सुविधाजनक बनाने की दिशा में काम करने का मार्ग प्रशस्त होगा।

यह जरूरी है कि सार्वजनिक स्थलों पर महिलाओं के लिए अधिक संख्या में स्वच्छ और सुरक्षित यूरीनल बनाए जाएं। महिला शौचालयों के बाहर सीसीटीवी कैमरे, उचित रोशनी, सैनिटरी नैपकिन वेंडिंग मशीन और नियमित सफाई व्यवस्था होनी चाहिए। जरूरी है कि सरकार इस विषय पर स्पष्ट नीति बना कर तत्काल नए बिल्डिंग प्लान में महिला यूरीनल अनिवार्य करने जैसे कदम उठाए। शिक्षा का अधिकार की तर्ज पर मूत्र करने का अधिकार जैसे अभियान चलाने पर महिलाओं का मजबूर होना हमारे लिए शर्मिन्दगी का विषय है।

## कविता

इक हथनी सूंड में भरकर
पानी की पिचकारी
घूम घूम धार तेज मारती
सब पर बारी बारी।

बंदर के नन्हे पंजों में
मुट्ठी भर गुलाल
भालू जी को उछल उछल कर
कर दिया पूरा लाल।

लोमड़ गर कीकर पीछे
छिपकर ना घात लगाता
तेज घना ये हिरण छबीला
हाथ न आने पाता।

भीड़ जमा कोयल के
घर पर
परिचित या अनजान
मोर बाज तोता तितली मस्त
खा भिन्न भिन्न पकवान

एक ताल पर सभी नहाते
भूले बैर पुराने
चीता, भैंसा, शेर भी आया
गाने और बजाने

होली में जंगल झूमा
झरना भी इठलाए
फागुन की है हवा नशीली
पेड़ो को छेड़े जाए।

(तेजेश सिंह नेगी)

## महिलाओं की सामाजिक उपलब्धियां

**किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया**

**वैश्विक स्तरपर** दुनियाँ के अनेक देशों में पिछले एक सप्ताह से 8 मार्च 2025 को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की उत्सुकता से इंतजार कर रहे थे, क्योंकि इस हफ्ते में संयुक्त राष्ट्र से लेकर दुनियाँ के अनेक देशों में अनगिनत सार्वजनिक व शासकीय स्तरपर भी तैयारीयाँ वेबीनार कार्यक्रम कर रहे थे। कई महिलाएं अपने हित के तोहफे के लिए इंतजार कर रही थी,जैसे दिल्ली (भारत) में महिलाओं को प्रतिमाह 2100 रूपए मिलने जैसे अन्य कारण है, तो आगाज तो होना ही था ।भारत में सर्वोच्च पदों पर आसीन व्यक्तित्वों के बधाई संदेशों नें महिलाओं को प्रोत्साहित किया है, तो भारत सरकार में प्रशासनिक सुधार व लोक शिकायत विभाग ने 6 मार्च 2025 को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 2025 के उपलक्ष में नारी शक्ति विकसित भारत का वर्चुअल वेबीनार आयोजित किया था। अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस प्रतिवर्ष, 8 मार्च को विश्व के विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं के प्रति सम्मान, प्रशंसा और प्रेम प्रकट करते हुए, महिलाओं के आर्थिक, राजनीतिक और सामाजिक उपलब्धियों एवं कठिनाइयों की सापेक्षता के उपलक्ष्य में उत्सव के तौर पर मनाया जाता है। यह मनाने के लिए हर साल एक थीम रखी जाती है। इस साल की थीम तेजी से कार्रवाई करें निर्धारित की गई है। यह थीम महिलाओं के जीवन को बेहतर बनाने के लिए तेजी से प्रगति करने की अपील करती है। यह लोगों, सरकारों और संगठनों को महिलाओं के उत्थान, समान अवसर प्रदान करने और भेदभाव समाप्त करने की दिशा में सक्रिय कदम उठाने के लिए प्रेरित करती है। तारीख याद रखें!10-21 मार्च 2025-संयुक्त राष्ट्र दुनिया के सभी क्षेत्रों के सदस्य देशों और गैर सरकारी संगठनों के साथ मिलकर लैंगिक समानता की मौजूदा चुनौतियों और उपलब्धियों पर चर्चा करेगा।हम इसे यूएन वेब टीवी के माध्यम से ऑनलाइन देख सकते हैं। चूँकि विजन 2047 का सशक्त आधार नारी शक्ति से विकसित भारत है तथा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस महिलाओं के आर्थिक राजनीतिक व सामाजिक उपलब्धियों एवं कठिनाइयों की सापेक्षता के उपलक्ष में उत्सव है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग के इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 8 मार्च 2025 की थीम का जबरदस्त आगाज कार्यवाही में तेजी लाएं।

साथियों बात अगर हम प्रतिवर्ष 8 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाने की करें तो,दुनिया भर में हर साल 8 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है। यह दिन महिलाओं के अधिकार, समानता और सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के साथ किसी भी क्षेत्र में महिलाओं के साथ होने वाले भेदभाव को रोकने के उद्देश्य से मनाया जाता है।यह दिवस को मनाने के लिए हर साल एक नई थीम भी रखी जाती है।

## विचार

# सेक्स ऑब्जेक्टिफिकेशन के दौर में कैसे हो महिला सशक्तिकरण?

**डॉ सत्यवान सौरभ**

**आज मनोरंजन** मीडिया में महिलाओं को वस्तु के रूप में पेश करने का चलन बढ़ रहा है। भारतीय फिल्मों, सोशल मीडिया, संगीत वीडियो और टेलीविजन में महिलाओं को अक्सर महज यौन वस्तु के रूप में दिखाया जाता है। यह घटना समाज के लिए एक महत्वपूर्ण नुकसान का प्रतिनिधित्व करती है, क्योंकि यह हानिकारक रूढ़ियों को कायम रखती है। कई फिल्में और गाने एक पूवार्नुमानित पैटर्न का पालन करते हुए महिला रूप को वस्तु के रूप में पेश करते हैं। एक पूरी पीढ़ी यह मानने के लिए प्रभावित हुई है कि जीवन स्क्रीन पर जो दिखाया जाता है, वही होता है। नतीजतन, गाँव के मेलों, स्थानीय थिएटर और विभिन्न कला रूपों में "आइटम डांस" के दौरान महिलाओं को अक्सर वस्तु के रूप में देखा जाता है, जिसमें सभी उम्र के पुरुष भाग लेते हैं। अखबारों, पत्रिकाओं, रेडियो, टेलीविजन, इंटरनेट, बिलबोर्ड और फ़्लायर्स पर विज्ञापनों में अक्सर महिलाओं को यौन रूप से चित्रित किया जाता है, जिसका उद्देश्य महिला ग्राहकों को आकर्षित करना होता है। भारतीय समाज में, एक प्रचलित धारणा है कि महिलाएँ स्वाभाविक रूप से कमजोर होती हैं। सोशल मीडिया पर शोध से पता चलता है कि लड़कियों को लड़कों की तुलना में अधिक बार कामुक बनाया जाता है, जिससे किशोर लड़कियों पर विशिष्ट यौन कथाओं में फिट होने का दबाव बढ़ जाता है। उदाहरण के लिए, एक डिओडोरेंट विज्ञापन है जिसमें एक महिला को सेक्स ऑब्जेक्ट के रूप में दशार्या गया है, यह सुझाव देते हुए कि वह एक पुरुष की ओर सिर्फ.इसलिए आकर्षित होती है क्योंकि वह उस विशेष ब्रांड का उपयोग करता है। यह प्रतिनिधित्व महिलाओं को ऐसी वस्तुओं में बदल देता है जिनकी अपनी पहचान नहीं होती। विज्ञापनों में इस तरह का चित्रण न केवल अपमानजनक है बल्कि महिलाओं की वास्तविक स्थिति और गरिमा को भी कमजोर करता है। भारत में महिलाओं और लड़कियों के खिलाफ हिंसा के मामले बढ़ रहे हैं, जो एक परेशान करने वाली मानसिकता को दशार्ता है जो उनसे बदला लेना चाहती है। यह प्रवृत्ति समाज में मौजूद हानिकारक पितृसत्तात्मक रूढ़ियों को मजबूत करती है। "स्व-वस्तुकरण" की घटना महिलाओं को शर्म और चिंता जैसी नकारात्मक भावनाओं का अनुभव कराती है, जिससे उन्हें स्थायी मनोवैज्ञानिक नुकसान हो सकता है। दुर्भाग्य से, भारत में मास मीडिया महिलाओं को प्रभावित करने वाले मुद्दों को संबोधित करने या उन्हें अपने अधिकारों की वकालत करने और समानता हासिल करने के लिए सशक्त बनाने में काफी हद तक विफल रहा है। इसके बजाय, महिलाएँ अक्सर खुद को मीडिया में चित्रित आदर्श शरीर की छवियों के अनुरूप होने पर केंद्रित पाती हैं, अपनी शारीरिक और मानसिक भलाई की उपेक्षा करती हैं। मीडिया में महिलाओं के वस्तुकरण का समाज पर स्पष्ट रूप से हानिकारक प्रभाव पड़ता है। इससे निपटने के लिए, हमें लड़कियों और महिलाओं के वस्तुकरण को कम करने के उद्देश्य से सामाजिक समर्थन और पहल को बढ़ाने की आवश्यकता है। महिलाओं के खिलाफ भेदभाव को खत्म करके लैंगिक समानता को बढ़ावा देने वाले कानूनों को स्थापित करना और लागू करना महत्वपूर्ण है।

इसमें मीडिया जागरूकता को बढ़ावा देना, मीडिया उपभोग में माता-पिता और परिवार की भागीदारी को प्रोत्साहित करना, धार्मिक संवेदनशीलता सुनिश्चित करना, मीडिया में लड़कियों का सकारात्मक प्रतिनिधित्व करना, युवाओं को जीवन कौशल सिखाना और व्यापक यौन शिक्षा के भीतर समतावादी लिंग मानदंडों की वकालत करना शामिल है। केवल इन प्रयासों के माध्यम से ही हम यौन वस्तुकरण से चिह्नित युग में महिला सशक्तिकरण पर वास्तव में चर्चा कर सकते हैं। हाल ही में, सोशल मीडिया पर बॉयज लॉकर रूम की घटना सामने आई, जहाँ एक खास समूह से लीक हुई बातचीत के जरिए कम उम्र की लड़कियों की अश्लील तस्वीरें शेयर की गईं। यह पहचानना जरूरी है कि यह घटना सिर्फ.युवा लड़कों द्वारा बलात्कार की संस्कृति को बढ़ावा देने की एक अकेली घटना नहीं है।

## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com

**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

## चिंतन

# सबरी से द्रौपदी मुर्मू तक का सफर...

**प्रियंका सौरभ**

**दलित म**हिलाएँ भारत की आबादी का एक महत्त्वपूर्ण हिस्सा हैं। लंबे समय से, उन्हें सामाजिक बहिष्कार और अपमान का सामना करना पड़ा है। भारत में ऐतिहासिक और सांस्कृतिक आख्यान अक्सर हाशिए के समुदायों की महिलाओं के योगदान को नजरअंदाज करते हैं, इसके बजाय पुरुष-केंद्रित दृष्टिकोण या प्रमुख जातियों के दृष्टिकोण पर ध्यान केंद्रित करते हैं। दलित महिला नायकों की अनकही कहानियों और पूरे इतिहास में उनके संघर्षों को याद करके, हम इन आख्यानों को समृद्ध कर सकते हैं और संस्थागत भेदभाव का सामना कर सकते हैं जिसे दलित महिलाएँ पीढ़ियों से झेलती आ रही हैं। आज की महिला नेता लचीली और विविधतापूर्ण हैं। वे वैश्विक जलवायु आंदोलन में सबसे आगे हैं, सामाजिक सुरक्षा की वकालत कर रही हैं, संकटों से निपट रही हैं और प्रणालीगत नस्लीय भेदभाव को खत्म करने के लिए काम कर रही हैं। दुनिया भर में, महिला नेता जीवन बदल रही हैं और सभी के लिए एक उज्ज्वल भविष्य की प्रेरणा दे रही हैं। रामायण में सबरी की कहानी स्वीकृति, निस्वार्थता और बिना शर्त प्यार के विषयों का उदाहरण है, जो कई भजनों और कविताओं को प्रेरित करती है। भक्ति के उदय ने संत निर्मला और सोयराबाई जैसी महार जाति की महिलाओं को पारंपरिक हिंदू मान्यताओं को चुनौती देने के लिए प्रेरित किया। नांगेली ने कठोर "स्तन कर" का बहादुरी से विरोध किया, जो निचली जाति की महिलाओं को लक्षित करता था जो अपने स्तनों को ढकती थीं। कुइली, एक दलित महिला, जिसने तमिलनाडु में शिवगंगा की रानी वेलु नचियार की सेना का नेतृत्व किया, ने 1780 के आसपास ब्रिटिश सेना के खिलाफ लड़ाई लड़ी। एक अन्य साहसी दलित योद्धा झलकारीबाई, 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में एक प्रमुख व्यक्ति थीं, जो झांसी की रानी लक्ष्मीबाई की एक विश्वसनीय सहयोगी के रूप में सेवा कर रही थीं। उजीराव, लखनऊ समाज सुधारकों में, सावित्रीबाई फुले दलित शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी के रूप में उभरीं, उन्होंने 1848 में मात्र नौ लड़कियों के साथ एक स्कूल की स्थापना की।

# धरती पर विधाता की साकार प्रतिनिधि है नारी

**विवेक रंजन**

**एक अदृश्य शक्ति ,** जिसे आध्यात्मिक दृष्टि से हम परमात्मा कहते हैं,इस सृष्टि का निर्माण कर्ता , नियंत्रक व संचालक है। स्थूल वैज्ञानिक दृष्टि से इसी अद्भुत शक्ति को प्रकृति के रूप में स्वीकार किया जाता है । स्वयं इसी ईश्वरीय शक्ति या प्रकृति ने अपने अतिरिक्त यदि किसी को नैसर्गिक रूप से जीवन देने तथा पालन पोषण करने की शक्ति दी है तो वह महिला ही है। समाज के विकास में महिलाओं की भूमिका निर्विवाद एवं महत्वपूर्ण है।

समाज , राष्ट्र की इकाई होता है और समाज की इकाई परिवार, तथा हर परिवार की आधारभूत अनिवार्य इकाई महिला ही होती है। परिवार में पत्नी के रूप में , महिला पुरुष की प्रेरणा होती है। वह माँ के रूप में बच्चों की जीवन दायिनी,ममता की प्रतिमूर्ति बनकर उनकी परिपोषिका तथा पहली शिक्षिका की भूमिका का निर्वाह करती है। इस तरह परिवार के सदस्यों के चरित्र निर्माण व बच्चों को सुसंस्कार देने में घर की महिलाओं का प्रत्यक्ष , अप्रत्यक्ष योगदान स्वप्रमाणित है।

विधाता के साकार प्रतिनिधि के रूप में महिला सृष्टि की संचालिका है, सामाजिक दायित्वों की निर्वाहिका है, समाज का गौरव है। महिलाओं ने अपने इस गौरव को त्याग से सजाया और तप से निखारा है, समर्पण से उभारा और श्रद्धा से संवारा है। विश्व इतिहास साक्षी है कि महिलाओं ने सामाजिक, धार्मिक, सांस्कृतिक एवं साहित्यिक विभिन्न क्षेत्रों में सर्वांगीण विकास किया है,एवं निरंतर योगदान कर रहीं हैं। बहुमुखी गुणों से अलंकृत नारी समाज के महाप्रासाद की अविचल निमार्ता है। नारी चरित्र, शील, दया और करूणा के साथ शक्ति और चातुर्य का समग्र स्वरूप है।

कन्या भ्रूण हत्या, स्तनपान को बढ़ावा देना , दहेज की समस्या , अश्लील विज्ञापनों में नारी अंग प्रदर्शन , स्त्री शिक्षा को बढ़ावा , घर परिवार समाज में महिलाओं को पुरुषों की बराबरी का दर्जा दिए जाने का संघर्ष , सरकार में स्त्रियों की अनिवार्य भागीदारी सुनिश्चित करना आदि वर्तमान समय की नारी विमर्श से सीधी जुड़ी वे ज्वलंत सामाजिक समस्यायें हैं , जो यक्ष प्रश्न बनकर हमारे सामने खड़ी हैं।

## न्यूज फ्लैश

### मार्डन पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव समारोह 9 मार्च को

**गन्नौर। मार्डन पब्लिक** स्कूल का वार्षिकोत्सव समारोह 9 मार्च को रेलवे रोड चिराग गार्डन में धूमधाम से मनाया जाएगा। यह जानकारी स्कूल की प्रधानाचार्या महक धनखड़ ने दी। उन्होंने बताया कि समारोह के मुख्यातिथि गन्नौर के विधायक देवेन्द्र कादियान होंगे। विशेष अतिथि जैन कालेज के प्रधानाचार्य डा. मनोज व अति विशिष्ठ अतिथि समाजसेवी हरीश वधवा होंगे। इसके अलावा स्कूल के चेयरमैन अशोक वर्मा भी शिरकत करेंगे। धनखड़ ने अभिभावकों से कार्यक्रम में पहुंचने की अपील की।

### खेत में काम करते समय किसान की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़ । गांव जड़वा** निवासी एक किसान की अचानक मौत हो गई। मृतक किसान के दो बच्चे हैं। मृतक किसान अपने खेत में पड़ा हुआ था। पुलिस ने मृतक किसान का नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया है। मृतक किसान के बेटे मोहित ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि वह गांव जड़वा का निवासी है और आईटीआई की पढ़ाई कर रहा है। उन्होंने बताया कि हम दो भाई-बहन हैं। वह सबसे बड़ा व छोटी बहन है। उसके पिता हंसराज जमींदारे का काम करता है। पिता हंसराज छह-सात मार्च की रात को खेत में पानी लगाने के लिए गया था, सुबह तक पिता घर पर नहीं आया तो उसने अपने खेत में जाकर देखा तो खेत की मेड के पास पिता पड़ा हुआ दिखाई दिया। बाद उसने पिता को हिलाया और आवाज लगाई तो पिता नहीं उठे। इसके बाद उन्होंने अपने परिजनों को सूचना दी और साधन का इंतजाम करके सरकारी अस्पताल महेंद्रगढ़ लेकर आए, जहां पर चिकित्सकों ने पिता को चेक करके मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि उसके पिता की मौत बारे परिवार के सभी व्यक्तियों से तसल्ली कर की है कि पिता हंसराज की मृत्यु अचानक हृदय गति रूकने से हुई है।

### श्रीकृष्णा स्कूल सीहमा की छात्रा प्रीति ने सीए परीक्षा में पाई सफलता



**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़। श्रीकृष्णा स्कूल** सिहमा से छात्रा प्रीति ने इंस्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट अकाउंटेंट ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित फाउंडेशन कोर्स की परीक्षा में सफलता अर्जित कर विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। प्राचार्य डॉ. एसएस यादव ने बताया कि स्कूल की छात्रा प्रीति ने इंस्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट अकाउंटेंट ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित फाउंडेशन कोर्स की परीक्षा में सफलता प्राप्त की है। जो एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। उन्होंने बताया कि यह कोर्स कम से कम तीन वर्ष का होता, जिसमें तीन चरण होते हैं। पहला फाउंडेशन, दूसरा इंटरमीडिएट तथा तृतीय चरण फाइनल कहलाता है। इसके बाद विद्यार्थी किसी भी भारतीय और विदेशी कंपनी में कोस्ट अकाउंटेंट, फाइनेंशियल एनालिस्ट, फाइनेंस रिसर्चर, कॉस्ट एंड वर्क्स अकाउंटेंट के पद पर कार्य कर सकता है। चेयरमैन डा. बीरसिंह यादव ने कहा कि चार्टर्ड अकाउंट वाणिज्य जगत की प्रतिष्ठित परीक्षा होती है। जिसमें सफलता पाना बेहद चुनौतीपूर्ण कार्य होता है, लेकिन श्रीकृष्णा स्कूल की छात्रा ने यह अपनी अदम्य प्रतिभा तथा शिक्षक के सर्वश्रेष्ठ मार्गदर्शन में सफलता हासिल करके यह सिद्ध कर दिया है कि हर चुनौती को सहृश स्वीकार किया तो सफलता स्वयं आपके कदमों को चुमेगी। यही ही श्रीकृष्णा ग्रुप की परंपरा रही है तथा कॉमर्स संकाय पढ़ा रहे शिक्षकों को बधाई दी। इस अवसर पर कोर्डिनेटर सुशीला यादव स्मृति शर्मा सहित स्कूल का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# महिलाओं के सशक्तिकरण में अहिल्या बाई होल्कर का अमूल्य योगदानः ऋषि

## अहिल्याबाई होल्कर ने पूरे भारत में मंदिरों के निर्मा मिं महत्वपूर्‌ भूमिका अदा कीः प्रो. महासिंह

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र,ः कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय** के जनसंचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी संस्थान और पंचनद शोध संस्थान, कुरुक्षेत्र के तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर पुन्याश्लोका अहिल्याबाई होल्करः आईडल ऑफ विमेनहुडह्व विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्टेट इस्टियूट ऑफ एंडवास स्टडीज इन टीचर एजुकेशन, हरियाणा, झज्जर के निदेशक डॉ. ऋषि गोयल ने कहा कि महिलाओं के सशक्तिकरण में अहिल्या बाई होल्कर का अमूल्य योगदान है क्योंकि वर्तमान में जिस सामाजिक, प्रशासनिक, राजनीतिक, आर्थिक जिम्मेवारियों



के पदों पर महिलाओं की भागीदारी दिखाई देती है उसके पीछे देवी अहिल्या बाई होल्कर की झलक दिखती है। उन्होंने कहा कि पूर्व में समाज में महिलाओं के प्रति जो भेदभाव रहा है उन्हें दूर करने में उन्होंने अपनी प्रशासनिक नीतियों से दूर करने में अहम भागीदारी निभाई। उन्होंने कहा कि एक छोटे से राज्य की प्रशासिका अपने अच्छे कार्यों से संपूर्ण भारत में जानी जाती है। इस अवसर पर पर महिला अध्ययन अनुसंधान केंद्र, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की निदेशक प्रोफेसर अनिता दुआ ने कहा कि समाज में महिलाओं की समान सहभागिता की जरूरत है क्योंकि समाज में महिलाओं की 50 प्रतिशत भागीदारी है। उन्होंने कहा कि समाज और राष्ट्र का विकास महिलाओं को समान भागीदारी देने ही होगा। उन्होंने कहा कि भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत-2047 के सपने को तभी पूर्ण किया जा सकेगा जब तक महिला और पुरुष बराबर समझे जायेंगे।

जनसंचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी संस्थान के निदेशक प्रोफेसर महासिंह पूनिया ने विश्व महिला दिवस पर समस्त विश्व की महिलाओं को बधाई देते हुए कहा कि अहिल्याबाई होल्कर ने पूरे भारत में मंदिरों के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है। पिछले दो दशकों में सामाजिक, आर्थिक, राजनीति और शैक्षणिक क्षेत्रों में भारत की महिलाओं में अद्धितीय उन्नति की है।

## वार्ड 26 का डोर टू डोर कार्यक्रम का किया गया आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , (कमाल हुसैन )**

भारतीय जनता पार्टी की पानीपत नगर निगम से भाजपा प्रत्याशी कोमल सैनी और वार्ड 26 के पार्षद प्रत्याशी कुसुम भट्ट के समर्थन मे आयोजित वार्ड 26 का डोर टू डोर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसी कड़ी में भाजपा जिलाध्यक्ष दुष्यंत भट्ट, जिला महामंत्री कृष्ण छोक्कर, सुभाष शर्मा, प्रमोद कुराड़िया, सुनीता गोयल विशेष रूप से उनके साथ मौजूद रहे। भाजपा जिलाध्यक्ष दुष्यंत ने कहा कि नगर निकायों चुनाव में भाजपा की लहर चल रही है कांग्रेस के कार्यकर्ता कही भी नजर नहीं आते। पानीपत की सभी 27 सीटों पर भाजपा का कमल खिलेगा। उन्होंने जनता से अपील की कि वह रविवार 9 मार्च को कमल के सामने का बटन दबाकर भाजपा उम्मीदवाओं को विजय बनाए।उन्होंने कहा कि भाजपा की केंद्र एवं प्रदेश सरकार ने अनेक विकास कार्य करवाए है और मोदी सरकार की विभिन्न नीतियों तथा राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रतिबद्धता के कारण देश को एक नई दिशा मिली है। भारत विश्व की चौथी आर्थिक शक्ति बन गया है।

## मतगणना के दृष्टिगत आदेश जारी किए

**पानीपत, (कमाल हुसैन )**

**जिलाधीश वीरेन्द्र** कुमार दहिया ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत 9 मार्च को होने वाले मतदान और 12 मार्च को होने वाली निगम चुनाव की मतगणना के दृष्टिगत आदेश जारी किए हैं।

आदेशानुसार मतदान के दिन मतदान केन्द्र में मतदाना के अतिरिक्त किसी अन्य व्यक्ति के खड़े होने पर पाबन्दी रहेगी। मतदान केन्द्र में अधिकृत व्यक्ति को छोडकर किसी अन्य व्यक्ति द्वारा मतदान केन्द्र और मतगणना केन्द्र के 100 मीटर के दायरे में किसी भी तरह के फोन/सेल्यूलर/मोबाईल, कोडलेस फोन, वायरलेस सेट इत्यादि लाने-लेजाने पर पाबन्दी रहेगी।

## बार एसो. में कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**खरखौदा/सोनीपत/हरियाणा/**
**सोमपाल सैनी**

**शुक्रवार को खरखौदा** बार एसोसिएशन के प्रांगण में नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर विक्रांत सिविल जज (सीनियर डिवीजन) खरखौदा, सूर्य करण चौधरी सिविल जज (जूनियर डिवीजन) खरखौदा , डॉ निर्मल नागर एसडीएम खरखौदा एवं इंदु चौहान असिस्टेंट डिस्ट्रिक्ट अटॉर्नी मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व बार प्रधान कमल शर्मा ने की। कमल शर्मा ने सबसे पहले नवनिर्वाचित कार्यकारिणी सदस्यों को चुनाव में विजयी होने पर शुभ कामनाएं दी और साथ ही अन्य




साथी जिन्होंने चुनाव में भाग लिया उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में सबसे पहले नवनिर्वाचित प्रधान आशुतोष सरोहा, उप प्रधान साहिल, सचिव अमित दहिया, सह सचिव मोहित दहिया, एवं कोषाध्यक्ष सुमित कुमार सिलाना को बार एसोसिएशन खरखौदा के संविधान की शपथ दिलाई गई। इसके बाद विधिवत नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को आर. ओ. अनिल धनखड़ एवं मुख्य अतिथियों ने जीत का सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। इसी के साथ बार एसोसिएशन खरखौदा के चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से करवाने के लिए आर. ओ. अनिल धनखड़ एवं ए.आर. ओ. संदीप कुमार को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि विक्रांत ने नव चयनित कार्यकारिणी को आगामी भविष्य के लिए शुभ कामनाएं दी एवं साथ ही बताया कि लोकतंत्र के अभिन्न अंग के तौर पर चुनाव का बड़ा ही महत्व है और वकील होने नाते हम सभी का दायित्व बनता है कि हम सभी लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए इस चुनाव रूपी त्यौहार में बढ़ चढ़कर भाग ले। लेकिन साथ ही इस बात का भी ध्यान रखे कि वकील का भाईचारा एवं परस्पर प्रेम कही भी खंडित न हो। सूर्य करण चौधरी सिविल जज जूनियर डिवीजन एवं निर्मल नागर, एसडीएम ने भी अपने भाषण के माध्यम से सारी कार्यकारिणी को शुभ कामनाएं दी।

## 'हर कार्य में संस्थाओं की भागीदारी रहती सराहनीय'

**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**

**धार्मिक संस्था** श्याम बाबा सेवा मंडल समालखा के पदाधिकारी ने शुक्रवार को जिला सचिवालय में उपायुक्त डॉक्टर वीरेंद्र कुमार दहिया का बुके व स्मृति चिन्ह देकर उनके जनहित में किए जा रहे कार्यों के लिए सम्मानित किया । उपाय इतनी संस्था के सदस्यों के साथ कई देर तक वार्ता की व इसके लिए उनका आभार जताया।

उपायुक्त ने संस्था के सदस्यों से उनके द्वारा किये जा रहे कार्यों की जानकारी ली व उसे निरंतर आगे जारी रखने के लिए कहा। विदित रहे की संस्था ने 25 फरवरी को समालखा में 11 गरीब कन्याओं का सामूहिक विवाह किया था। पिछली 16 वर्ष से संस्था सामूहिक कन्या विवाह करके इस दिशा में अहम भूमिका निभा रही है उपायुक्त ने संस्था के कार्य की प्रशंसा भी की थी व इस कार्य को आगे जारी रखने के लिए भी कहा था। संस्था के लोगों ने उपायुक्त को स्मृति चिन्ह बुके व शॉल देकर सचिवालय में सम्मानित किया। उपायुक्त ने कहा कि जिले की धार्मिक संस्थाएं सामाजिक क्षेत्र में काफी सराहनीय भूमिका निभा रही है। जो भी कार्यक्रम यहां पर आयोजित किए जाते हैं उनमें धार्मिक, सामाजिक संस्थाओं का बड़ा योगदान रहा है इसके लिए बधाई के पात्र है।

## आर्य पीजी कॉलेज में महिला दिवस के उपलक्ष्य में हुआ पोस्टर मैकिंग प्रतियोगिता

**टीम एक्शन इंडिया**

पानीपत , (कमाल हुसैन ) आर्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में महिला सशक्तिकरण के विषय पर महाविद्यालय की महिला प्रकोष्ठ द्वारा इंटर-कॉलेज भाषण एवं पोस्टर मैकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में 12 कॉलेज के विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में पहुँचने पर महिला प्रकोष्ठ की इंचार्ज डॉ. मीनल तालस ने महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता का



पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए कॉलेज प्राचार्य ने महिला प्रकोष्ठ की इंचार्ज डॉ. मीनल तालस को बधाई दी और विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक वर्ष 8 मार्च को पूरे विश्व में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि हमें प्रेरणा लेनी चाहिए कि बदलते परिवेश में महिलाओं ने पूरे विश्व में उन्नति व कामयाबी की एक नई मिसाल कायम की है। उन्होंने कहा कि अगर महिलाएं सशक्त होगी तो समाज और ज्यादा सशक्त होगा और राष्ट्र भी उन्नति करेगा। उन्होंने कहा कि महिलाओं का सम्मान हमेशा हमारे लिए सर्वोपरि होना चाहिए। साथ ही अपने वक्तव्य में कहा कि महिलाओं के विकास में सरकार अहम भूमिका निभा रही है और बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ जैसी योजनाएं इसकी परिचायक हैं। शिक्षा, व्यापार और राजनीतिक शोध में महिलाएं आज अहम भूमिका निभा रही है। आज समाज और देश के विकास में महिलाओं का अहम योगदान है। उक्त जानकारी देते हुए प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता ने बताया कि भाषण प्रतियोगिता में राजकीय महाविद्यालय मतलौडा से तन्नू ने प्रथम स्थान, राजकीय महाविद्यालय बहरामपुर से अंजू ने द्वितीय, आर्य पीजी कॉलेज से खुशी ने तृतीय स्थान हासिल किया।

## रिटायर्ड कॉलेज प्रिंसिपल्स एंड टीचर्स फेडरेशनकी आमसभा संपन्न

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**

**एस.डी. कॉलेज पानीपत** के प्रांगण में रिटायर्ड कॉलेज प्रिंसिपल्स एंड टीचर्स फेडरेशन हरियाणा के पानीपत जॉन की आमसभा संपन्न हुई । इस सभा में आगामी सत्र के लिए पदाधिकारी का चुनाव भी सर्वसम्मति से संपन्न हुओ जिसमें प्रधान, एस.पी मेहंदीरता, उपप्रधान, डॉ. आई.सी. गोयल, सचिव, मुकेश गुप्ता तथा वित्त सचिव की जिम्मेदारी डॉ. रामेश्वर दास को दी गई साथ ही फेडरेशन से जुड़ी मांगों पर चर्चा भी हुई जिनमें पेंशन ट्रेजरी के माध्यम से



निश्चित कराना, मेडिकल सुविधा प्राप्त करना तथा कुछ अन्य विसंगतियों का समाधान भी सरकार से मिलजुल कर कराना तय हुओ चुनाव में संरक्षक डॉ. एस.बी. दीक्षित, पूर्व प्राचार्य डी.ए.वी. कॉलेज करनाल, पर्यवेक्षक प्रोफेसर वशिष्ठ, हिंदू कॉलेज सोनीपत फेडरेशन के महासचिव डॉ. पी.आर. त्यागी, खालसा कॉलेज यमुनानगर ने फेडरेशन की अब तक की कार्यवाही पर विचार प्रकट किए।

## होटल प्रबंधन संस्थान में हुआ महिला दिवस पर विशेष कार्यक्रम

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**

**इंस्टीट्यूट ऑफ होटल** मैनेजमेंट, पानीपत में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिलाओं की उपलब्धियों और योगदान का सम्मान करते हुए अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस को बड़े उत्साह के साथ मनाया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सिटि मेजीस्ट्रेट श्रीमती टीनु पोसवाल, एचसीएस ने सिरकत की। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि के उद्घाटन भाषण से हुई, जिन्होंने लैंगिक समानता के महत्व और राष्ट्र के निर्माण में महिलाओं की भूमिका पर प्रकाश डाला। महिला स्वास्थ्य मुद्दों पर व्याख्यान दिया गया, जिसमें महिलाओं के स्वास्थ्य और स्वच्छता के बारे में जानकारी दी गई। इसके



बाद विशिष्ट अतिथि डॉ पूजा सिंघल, रेड क्रॉस सोसाइटी, पानीपत और श्रीमती गीता, गीता फैब्रिक्स, पानीपत व श्रीमती कुसुम बंसल, प्रिन्सिपल, गर्ल्स सीनियर सेकेन्डरी स्कूल, मॉडल टाउन, पानीपत ने संस्थान की छात्राओ के साथ अपने विचार साझा किए और महिला सशक्तिकरण और उनके अधिकारों के बारे में चर्चा की गई। इसके बाद, महिला सशक्तिकरण पर एक विशेष व्याख्यान दिया गया, जिसमें महिलाओं के अधिकारों और उनकी सुरक्षा के बारे में चर्चा की गई। कार्यक्रम में छात्राओ और शिक्षिकाओं ने भी भाग लिया और अपने विचार और अनुभव साझा किए। इस अवसर पर संस्थान के कार्यकारी प्राचार्य श्री चन्दन वशिष्ठ ने बताया की हर वर्ष 8 मार्च को विश्वभर में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है। यह दिवस महिलाओं के अधिकारों, उनकी सशक्तिकरण और उनके योगदान को मनाने के लिए समर्पित है और महिला सशक्तिकरण हमारे समाज के विकास के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। हमें महिलाओं के अधिकारों की रक्षा करनी चाहिए और उन्हें समाज में समान अवसर प्रदान करने चाहिए और उन्होने बताया की इस कार्यक्रम का उद्देश्य महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देना और महिलाओं के अधिकारों के बारे में जागरूकता फैलाना था और अंत में कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं दी गईं। इस अवसर पर संस्थान के नीलम रानी, सुदेश कुमारी, आशीष सिक्का, नौबल कौशिक एवं अन्य स्टाफ मौजूद रहे।

## प्रशासन द्वारा परीक्षा केंद्रों पर की गई है चाक चौबंद सुरक्षा

**सोनीपत। हरियाणा** विद्यालय शिक्षा बोर्ड की परीक्षाओं को नकल मुक्त आयोजित करवाने के लिए जिला प्रशासन पुख्ता रणनीति के साथ कार्य कर रहा है। इसी कड़ी में उपायुक्त डॉ० मनोज कुमार स्वयं भी अधिकारियों के साथ परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण कर रहे हैं। इसके साथ ही उपायुक्त के दिशा-निर्देशन में सभी एसडीएम व शिक्षा विभाग के दस्ते व शिक्षा अधिकारी भी फील्ड में सक्रिय हैं और परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण कर रहे हैं। शुक्रवार को 10वीं कक्षा की हिन्दी की परीक्षा के दौरान उपायुक्त डॉ० मनोज कुमार ने गांव माहरा, पुगथला तथा गन्नौर स्थित परीक्षा केन्द्रों को औचक निरीक्षण किया और वहां की गई सुरक्षा व्यवस्था



का बारीकी से जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि परीक्षाओं को पूरी तरह नकल मुक्त बनाना प्रशासन की प्राथमिकता है। इसके तहत परीक्षा केंद्रों की सुरक्षा को चाक-चौबंद किया गया है। एसडीएम फ्लाइंग दस्तों द्वारा परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण करते हुए एग्जाम सेंटरों पर परीक्षार्थियों की प्रवेश प्रक्रिया, निगरानी तंत्र और सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की जा रही है।

उन्होंने परीक्षा केंद्रों पर तैनात अधिकारियों और पुलिस कर्मियों को निर्देश दिए कि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि पर तुरंत कार्रवाई करें व ड्यूटी में किसी भी प्रकार की लापरवाही पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। सभी परीक्षा केंद्र अधीक्षकों को स्पष्ट निर्देश दिए कि वे परीक्षा प्रक्रिया को सुचारू रूप से संचालित करें और किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें। अगर किसी स्तर पर लापरवाही मिलती है तो संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर जिला शिक्षा अधिकारी नवीन गुलिया सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

**विद्यार्थियों को उपायुक्त डॉ0 मनोज कुमार का संदेशः-**

उपायुक्त डॉ0 मनोज कुमार ने विद्यार्थियों से अपील करते हुए कहा कि परीक्षा उनकी मेहनत और योग्यता का आकलन करने का माध्यम है। इसमें किसी भी प्रकार की अनुचित गतिविधि का कोई स्थान नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा, सच्ची मेहनत और ईमानदारी से दी गई परीक्षा ही भविष्य को उज्जवल बनाती है। जीवन में सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता। उन्होंने सभी विद्यार्थियों से निडर होकर और पूरी ईमानदारी के साथ परीक्षा देने की अपील की। इस दौरान उपायुक्त डॉ0 मनोज कुमार ने गांव पुगथला स्थित उप-स्वास्थ्य केन्द्र का भी औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने हाजिरी रजिस्टर, दवाई स्टॉक रजिस्टर तथा ओपीडी रजिस्टर की भी चैकिंग की। उन्होंने निर्देश दिए कि यहां ईलाज के लिए आने वाले लोगों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए और उन्हें अच्छी दवाई भी उपलब्ध करवाएं।

## नितिन गोयल प्रधान एवं राजेंदर सिंघल बने अग्रसेन पब्लिक स्कूल के महासचिव

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : धर्मनगरी के** नामचीन अग्रसेन पब्लिक स्कूल सेक्टर-13 (दी महाराजा अग्रसेन पब्लिक स्कूल सोसाइटी रजि.) के कार्यकारणी के चुनाव आगामी दो वर्षों के लिए सम्पन हो गए हुए। इन चुनावो में धर्मनगरी कुरुक्षेत्र के उद्योगपति नितिन गोयल को स्कूल मनेजमेंट कमेटी का प्रधान निर्विरोध चुना गया। उद्योगपति ईश्वर चन्द सिंगला को उप प्रधान, प्रसिद्ध समाजसेवी राजेंदर सिंघल को महासचिव, उद्योगपति रमेश बंसल को सहसचिव, उद्योगपति राजेश अग्रवाल को प्रबंधक, व्यवसाई प्रवेश कुमार गुप्ता



को कोषाध्यक्ष, समाजसेवी माणिक गोयल को पी. आर. ओ. एवं प्रसिद्ध चिक्त्सिक डॉ. के. सी अग्रवाल, डॉ आर. एन. बंसल एवं संजय गोयल को कार्यकारणी सदस्य चुना गया। प्रधान नितिन गोयल ने बताया कार्यकारणी समाज हित में पहले की तरह काम करेगी

` सभी पदाधिकारी एवं सदस्यों ने उन्हें जो जिम्मेदारी दी है उसे वो पूरी निष्ठा से काम करेंगे`मनेजमेंट में के चुनावो में में इन रोशन लाल गुप्ता, रविंदर कुमार अग्रवाल तथा अमित गोयल भी उपस्थित थे।

# भाजपा के प्रदेश सह मीडिया प्रभारी स्वदेश ठाकुर के पुत्र की शादी में शामिल हुए दिग्गज नेता

**शादी समारोह**

**▶▶पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा समेत कई बड़े नेता उनके घर पहुंचे।**



**टीम एक्शन इंडिया**
**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुरः** भाजपा के प्रदेश सह मीडिया प्रभारी स्वदेश ठाकुर के बेटे शिवम ठाकुर के शादी समारोह में कई बड़ी हस्तियों ने शिरकत की। उनके बेटे शिवम और पुत्रवधु नमिषा को आशीर्वाद और शुभकामनाएं देने के लिए पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा समेत कई बड़े नेता गत वीरवार शाम उनके घर पहुंचे। सभी मेहमानों का स्वदेश ठाकुर, उनकी धर्मपत्नी नीलम ठाकुर, पिता कृष्ण सिंह ठाकुर, माता प्रेमलता ठाकुर, भाई चमन ठाकुर व सुरेश ठाकुर, भाभी रीता व रानो, नवदंपती और छोटे बेटे निखिलेश ठाकुर समेत परिवार के अन्य सदस्यों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। मेहमानों को बिलासपुरी धाम परोसी गई। इससे पहले गत बुधवार को रिसेप्शन के साथ ही विवाह समारोह की अन्य रस्मों के दौरान हिमाचल हाईकोर्ट के न्यायाधीश विवेक ठाकुर तथा सुंदरनगर के विधायक राकेश जमवाल समेत कई नामी हस्तियों ने भी शिरकत की। बिलासपुर के निहाल सेक्टर निवासी स्वदेश ठाकुर के बेटे शिवम ठाकुर ऊना के अजोली की नमिषा के साथ परिणय सूत्र में बंधे हैं। वीवीआईपी मूवमेंट के चलते यह शादी समारोह बेहद खास रहा। हालांकि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा व्यस्तताओं के चलते गत बुधवार को रिसेप्शन में उपस्थिति दर्ज नहीं करवा पाए थे, लेकिन गत वीरवार को उन्होंने अपनी धर्मपत्नी डा. मल्लिका नड्डा के साथ उनके घर पहुंचकर वर.वधु को आशीर्वाद दिया। भाजपा के प्रदेश प्रभारी श्रीकांत शर्मा, पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल, प्रदेश सह प्रभारी संजय टंडन, राज्यसभा सांसद डा. सिकंदर कुमार, श्री नयना देवी जी के विधायक रणधीर शर्मा, झंडूता के विधायक जीतराम कटवाल, सदर के विधायक त्रिलोक जमवाल, पूर्व मंत्री राजेंद्र गर्ग, पूर्व सांसद सुरेश चंदेल, जिला भाजपा अध्यक्ष कृष्णलाल चंदेल व पूर्व जिला अध्यक्ष स्वतंत्र सांख्यान समेत पार्टी के कई नेताओं ने भी नवदंपती को शुभाशीर्वाद दिया।

# बसाल में 70 लाख से बनेगा लोनिवि कार्यालय और आवासीय भवन

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजन पुरी**

**ऊनाः** कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के बसाल गांव में शुक्रवार को विधायक विवेक शर्मा ने 70 लाख रुपये की लागत से बनने वाले लोक निर्माण विभाग के कार्यालय और आवासीय भवन का शिलान्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने क्षेत्र में विकास कार्यों की प्रगति और जनता की समस्याओं के समाधान के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि यह परियोजना क्षेत्र के प्रशासनिक कार्यों को सुगम बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। 70 लाख रुपये की लागत से बनने वाला यह भवन स्थानीय निवासियों को प्रशासनिक सेवाओं के लिए बेहतर सुविधाएं प्रदान करेगा। विवेक शर्मा ने कहा कि पिछले दस महीनों में कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र में करोड़ों रुपये के विकास कार्य प्रगति पर करवाए हैं। इन कार्यों में सडकों का निर्माण, पेयजल आपूर्ति, शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार शामिल है। इन परियोजनाओं का उद्देश्य क्षेत्र की बुनियादी संरचना को मजबूत करना और निवासियों के जीवन स्तर में सुधार लाना है। उन्होंने कहा कि नियमित जनसभाओं और संवाद कार्यक्रमों के माध्यम से वे लोगों की समस्याओं को सीधे सुनते हैं और संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश देते हैं। विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि हमने कुटलैहड़ विस क्षेत्र में पेयजल की समस्या को दूर करने के लिए नए जल आपूर्ति योजनाओं की शुरूआत की गई है।



## पांवटा साहिब में दो गुटों के बीच मामूली कहासुनी पर तनाव

**नाहन/टीम एक्शन इंडिया**

पांवटा साहिब की मेन बाजार स्थित जामा मस्जिद में वीरवार रात करीब साढ़े 10 बजे दो गुटों के बीच मामूली कहासुनी के बाद तनाव उत्पन्न हो गया, जब दोनों पक्षों में मारपीट शुरू हो गई। इस घटना के बाद मस्जिद के आसपास का माहौल तनावपूर्ण हो गया। बताया जा रहा है कि रमजान के महीने में मस्जिद में सैंकड़ों लोग नमाज अदा करने के लिए आते हैं।

इस दौरान मस्जिद में लगी टीनशैड को हटा दिया गया था, जिससे नमाज अदा करने में लोगों को असुविधा हो रही थी।

# 10वीं व 12वीं की परीक्षा के दौरान उडनदस्ता टीम ने 7 केंद्रों पर दबिश

**वार्षिक परीक्षाएं**

**▶▶हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला की 10वीं और 12वीं कक्षा की वार्षिक परीक्षाएं चल रही हैं**



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजन पुरी**

**ऊनाः** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला की 10वीं और 12वीं कक्षा की वार्षिक परीक्षाएं चल रही हैं। शक्रवार को 10वीं कक्षा के विद्यार्थियों ने अंग्रेजी विषय की परीक्षा दी। विद्यार्थियों की परीक्षा बोर्ड के दिशा निदेर्शों अनुसार सीसीटीवी कैमरों के ऑनलाईन मोड और अध्यापकों की कड़ी निगरानी में संपन्न हुई। हालांकि परीक्षा में निष्पक्षता के लिए शिक्षा विभाग की उड ?दस्ता टीमें भी सक्रिय रहीं। टीमों ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया।

बता दें उच्च शिक्षा उपनिदेशक अनिल कुमार तक्खी की अध्यक्षता में गठित टीम ने एसडी पब्लिक स्कूल संतोषगढ़, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक कन्या सकूल संतोषगढ़, पीएम श्री बाल स्कूल संतोषगढ़ और रजीएसएसएस सनौली परीक्षा केंद्र में दबिश दी। उड ?दस्ता टीम में शिक्षा उपनिदेशक के साथ जिला इंस्पायर नोडल अधिकारी पुस्पा रानी, अधिक्षक ग्रेड-एक अलोक कुमार, जिला सहायक शारीरिक शिक्षा अधिकारी जगजीत सिंह, नोडल अधिकारी सूचना एवं प्रद्यौगिकी नरेश कुमार मौजूद रहे। शिक्षा उपनिदेशक अनिल कुमार ने बताया कि परीक्षा केंद्रों में परीक्षा दे रहे विद्यार्थियों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। उन्होंने बताया कि विद्यार्थी अनुशासन में रहकर परीक्षा दे रहे हैं। परीक्षा की निष्पक्षता के लिए टीम ने सीसीटीबी कैमरों की फटेज की भी गहनता से जांच की। उन्होंने कहा कि निरीक्षण में परीक्षा केंद्रों में कोई अनियमतता नहीं पाई गई।

इस दौरान शिक्षा उपनिदेशक शिक्षा क्वालिटी कंट्रोल नीलम की अध्यक्षता में गठित फ्लाइंग स्क्वायड टीम में टीम में प्रवक्ता डॉ किशोरी लाल शर्मा, टीजीटी सुनीता एवं डीएम बोधराज ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों में अपनी दबिश दी। टीम ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चिन्तपूर्णी, धर्मशाला महंता और घांघरेट परीक्षा केंद्र की जांच की। उपनिदेशक गुणवत्ता नीलम कुमारी ने बताया कि टीम ने सीसीटीवी फुटेज को खंगाला। जिसमें पाया गया कि विद्यार्थी सुचारू रूप से परीक्षा दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि जहां कुछेक कमियां पाई गई, वहां परीक्षा समन्वयक को सुधार करने के निर्देश दिए गए।

## संक्षिप्त खबरें

### प्रदेश में कानून व्यवस्था का निकल चुका है जनाजा : बबलू

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजन पुरी**

**ऊनाः** हिमाचल प्रदेश में कानून व्यवस्था का जनाजा निकल चुका है। हत्याएं व लूट की बातें आम हो गई है। यह बात जिला भाजपा उपाध्यक्ष बलराम बबलू, डेरा बाबा रूद्रानंद अध्यक्ष राज कुमार वर्मा, गुरदियाल सिंह, निशा भुल्लर, शाम चंदेल, मनोहर लाल शर्मा, सुष्मा ठाकुर व संतोष सैणी ने शुक्रवार को जारी संयुक्त ब्यान में कही। भाजपा नेताओं ने कहा कि सुक्खू सरकार हर मोर्चे पर विफल हो चुकी है और जनता खुद को असुरक्षित महसूस कर रही है। बीते कुछ समय में प्रदेश में अपराध का ग्राफ तेजी से बढ़ा है, लेकिन प्रशासन इस पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर पा रहा है। उन्होंने कहा कि बीते छह महीनों से प्रदेश के हजारों वृद्धजनों को पेंशन नहीं मिली है। सरकार ने बुजुर्गों की अनदेखी की है, जिससे वे आर्थिक तंगी का सामना कर रहे हैं। वहीं आउटसोर्स कर्मचारियों को समय पर वेतन नहीं मिल रहा, जिससे उनके घरों में चूल्हे जलाने तक की नौबत आ गई है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के लाखों सरकारी और आउटसोर्स कर्मचारी वेतन के लिए दर-दर भटक रहे हैं, लेकिन सरकार इस पर कोई ध्यान नहीं दे रही। इससे साफ है कि मौजूदा सरकार कर्मचारियों के हितों की रक्षा करने में पूरी तरह असफल रही है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश की जनता जागरूक है और वह इस जंगल राज को बर्दाश्त नहीं करेगी। प्रदेश में कानून व्यवस्था बहाल करने, नशे और माफियाओं पर लगाम लगाने तथा आर्थिक कुप्रबंधन को रोकने के लिए भाजपा पूरी मजबूती से सरकार के खिलाफ मोर्चा खोलेगी।

### बंगाणा पशु अस्पताल में 20 कुत्तों की हुई नसबंदी

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजन पुरी**

**ऊनाः** पशुपालन विभाग के सौजन्य से उपमंडल बंगाणा मुख्यालय पर एक दिवसीय जागरूकता शिविर लगाया गया। जिसमें 50 किसानों ने हिस्सा लिया। शिविर का उद्देश्य पशुपालकों को सरकार की विभिन्न योजनाओं और पशु पालन से जुड़ी आधुनिक तकनीकों के बारे में जानकारी देना था। शिविर के दौरान 20 कुत्तों की नसबंदी और अन्य चिकित्सीय प्रक्रियाएं भी की गईं। जिला ऊना के सहायक निदेशक दिनेश कुमार ने किसानों को बेहतर नस्ल के पशुओं को पालने और सरकार द्वारा दी जाने वाली सब्सिडी एवं योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। डॉ. मनोज ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा किसान क्रेडिट कार्ड, दुग्ध उत्पादन प्रोत्साहन योजना, पशु बीमा योजना और नस्ल सुधार कार्यक्रम जैसी कई योजनाएं चलाई जा रही हैं। इसके अलावा पशुओं के बेहतर रखरखाव, उनके खान-पान, बीमारियों से बचाव और समय-समय पर टीकाकरण कराने की जरूरत पर भी जोर दिया गया। इस अवसर पर ऊना मुख्यालय से पहुंची टीम द्वारा पशु अस्पताल बंगाणा में 15 कुत्तों और 5 मादा कुत्ते की नसबंदी की गईं। डॉक्टरों की टीम ने कुत्तों की नसबंदी कर जनसंख्या नियंत्रण के महत्व पर जोर दिया। वरिष्ठ पशु चिकित्सक अधिकारी डॉ राजेश कुमार जंगा ने सभी किसानों को अच्छी नस्ल के पशु, भेड़ बकरी पालन योजना, किसानों के लिए शेड निर्माण एवं अन्य योजनाओं के बारे में जागरूक किया। उन्होंने पशुओं की देखभाल के लिए नियमित रूप से पशु चिकित्सकों से संपर्क करने की सलाह दी। इस शिविर के सफल आयोजन में पशुपालन विभाग, स्थानीय प्रशासन और स्वयंसेवी संगठनों का भी सहयोग रहा। इस मौके पर डॉ शिल्पा, डॉ हरीश, डॉ अमित, डॉ अभिनव राणा, डॉ दीपिका राणा, केशवानंद शर्मा सहित अन्य उपस्थित रहे।

### स्कूल शिक्षा बोर्ड का जमा दो का अंग्रेजी का पेपर रद्द

**धर्मशाला**

हिमाचल प्रदेश में आठ मार्च यानी शनिवार को होने वाली जमा दो की अंग्रेजी विषय की परीक्षा को प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने रद्द कर दिया है। जिला चंबा के चुवाड़ी में दसवीं कक्षा के अंग्रेजी विषय के प्रश्नपत्र के बंडल की जगह बारहवीं कक्षा का अंग्रेजी के प्रश्नपत्रों का बंडल गलती से खुलने के चलते बोर्ड प्रशासन ने यह निर्णय लिया है। रद्द की गई परीक्षा की अगली तिथि बोर्ड प्रशासन की ओर से बाद में जारी की जाएगी।

# मातृवंदना जागरण मासिक पत्रिका के विशेषांक एवं दिनदर्शिका का भव्य विमोचन समारोह संपन्न



**विमोचन समारोह**

**▶▶ इस अवसर पर जिला संघचालक सोहन सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।**

**टीम एक्शन इंडिया**
**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुरः** हिमाचल प्रदेश मातृवंदना संस्थान शिमला के तहत जिला बिलासपुर द्वारा मातृवंदना जागरण मासिक पत्रिका के विशेषांक एवं दिनदर्शिका का विमोचन समारोह सरस्वती विद्या मंदिर (बाल) रौड़ा सेक्टर बिलासपुर में भव्य रूप से आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिला संघचालक सोहन सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। जबकि हिमाचल शिक्षा समिति के प्रांत महामंत्री सुरेश कपिल एवं वरिष्ठ कार्यकर्ता इंद्र सिंह डोगरा विशिष्ट अतिथि के रूप में समारोह में शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता शांति स्वरूप ने की। जिन्होंने मातृवंदना पत्रिका के विशेषांक की विशेषताओं और उद्देश्य पर प्रकाश डाला। इस दौरान मुख्य अतिथि सोहन सिंह ने विशेषांक में प्रकाशित हिमाचल प्रदेश की संघ यात्रा की जानकारी सांझा करते हुए संघ के सामाजिक एवं सांस्कृतिक योगदान पर अपने विचार व्यक्त किए। समारोह में समाज के विभिन्न क्षेत्रों से आए गणमान्य व्यक्तियों एवं माता.भगिनियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में विशेष रूप से मनसा राम, बसंत राम, अधिवक्ता तुषार डोगरा, नीरज शर्मा, शिव नड्डा, मुनीश चंदेल, ओंकार, मंगल नाथ, प्रताप कंवर, तरुण टाडू, गुरविंदर सिंह, ओंकार, विकास, जय सिंह ठाकुर, नवीन, बिंदु, मीनाक्षी, बबली, प्रमिला, मोनिका, रीता, सुषमा, प्रद्युम्नए कशिश आदि ने भाग लिया।

## लाहुल स्पीति और पांगी में स्थगित परीक्षाएं 10 मार्च के बाद

**धर्मशाला**

प्रदेश में मार्च माह के पहले सप्ताह भारी बारिश और बर्फबारी के चलते जिला लाहौल-स्पिति के समस्त परीक्षा केंद्रों व जिला चंबा के पांगी में आठवीं, नौवीं, दसवीं, जमा एक व जमा दो तक कक्षाओं की पांच परीक्षाओं को चार से आठ मार्च तक स्थगित किया गया था। अब बोर्ड की ओर से लाहौल-स्पिति जिला में परीक्षा की सारी सामग्री पहुंचा दी गई है। लाहौल-स्पिति जिला में आठ मार्च के बाद 10 मार्च से होने वाली आगामी परीक्षाएं निर्धारित शैडयूल के तहत करवाई जाएंगी। वहीं जिला चंबा के अति जनजातीय क्षेत्र पांगी में शुक्रवार को हैलिकाप्टर की दो उड़ानों से परीक्षा सामग्री पहुंचाए जाने का प्रयास किया गया।

# जोगिंद्रनगर में सडक के किनारे अवैध कब्जों को हटाने के लिए एनएचएआई ने चलाया बुलडोजर

**टीम एक्शन इंडिया**
**संगराय**

**जोगिंद्रनगर :** जोगिंद्रनगर शहर में आज सडक के किनारे अवैध कब्जों को हटाने के लिए एन एच ए आई मैं आज बुलडोजर का उपयोग घर सडक किनारे अवैध कब्जों को हटाने के लिए मुहिम शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार 6 माह पूर्व एन एच ए आई के पालमपुर कार्यालय द्वारा गूगली पुल से लेकर गुरुद्वारा सहिब तक लगभग 16 17 कब्जों को अवैधघोषित किया था । इन कब्जों पर डिमार्केशन कर स्वयं इन कब्जों को हटाए जाने का अनुरोध दिया गया था। लेकिन कब्जों को हटाने पर किसी ने भी कोई कार्यवाही नहीं की जिसके चलते इन अवैध कब्जा धारकों को फिर से नोटिस जारी किए थे । आज पुनः एन एच ए आई द्वारा पुलिस वह प्रशासन की मौजूदगी में बुलडोजर का उपयोग करते हुए कुछ अवैध कब्जों को हटाए जाने की प्रक्रिया आज से शुरू की गई है। एन एच ए आई ने आज पुनः कुछ लोगों को निर्देश जारी कर शीघ्र अवैध कब्जों को हटाने की बात कही है।



# एडवोकेट्स एक्ट अमेंडमेंट पर चेहके अधिवक्ता, वापिस ली गई हड़ताल

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजन पुरी**

**ऊनाः**

\ केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तावित एडवोकेट्स एक्ट अमेंडमेंट वापिस लिए जाने पर अधिवक्ता वर्ग चहक उठा है। ऊना जिला मुख्यालय के कोर्ट परिसर में चल रही अधिवक्ताओं की हड़ताल शुक्रवार को इस प्रस्तावित संशोधन के वापस लिए जाने के साथ ही समाप्त हो गई। इस मौके पर जहां अधिवक्ताओं ने बार एसोसिएशन जिंदाबाद के नारे लगाए। वहीं दूसरी तरफ मिठाइयां बांटकर इस संशोधन के वापस लिए जाने की खुशी का इजहार किया।


बार एसोसिएशन ऊना के प्रधान संजीव फांडा का कहना है कि सरकार द्वारा प्रस्तावित संशोधन किसी के भी हक में नहीं था जिसके चलते इसका संयुक्त रूप से विरोध किया गया था। उन्होंने कहा कि इस मामले को लेकर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा से भी मुलाकात की गई और उन्होंने इस मामले पर त्वरित कार्रवाई करते हुए देश के कानून मंत्री को अधिवक्ताओं की आपत्ति से अवगत करवाया इसके बाद इस प्रस्तावित संशोधन को वापिस लेने की पुष्टि सरकार द्वारा की गई है। उन्होंने कहा कि इस प्रस्तावित संशोधन का वापिस लिया जाना समूह अधिवक्ता वर्ग के संघर्ष की बड़ी जीत है। हिमाचल प्रदेश भर के अधिवक्ताओं ने इस मामले में एकजुट होकर सरकार को अपना फैसला बदलने के लिए मजबूर किया है। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता वीरेंद्र मनकोटिया, वरिष्ठ अधिवक्ता वीरेंद्र धमार्णी, रणदीप ठाकुर, अमनदीप मनकोटिया, प्रियंक, अनिल ठाकुर, विनोद लाडी, प्रदीप भटोआ, केसी शर्मा, एनके पाठक, मिनाक्षी राणा, निखिल शर्मा, शोभित गौतम, एमएल शर्मा, हिमांशु विश्वामित्र, किंजल ठाकुर सहित अन्य उपस्थित रहे।



# युवा सुमित "राष्ट्रीय युवा पुरस्कार" से संसद भवन में होगा सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया**
**श्याम कुल्वी**

**कुल्लू :** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार, सामाजिक सेवा जनजागृति कार्यों को देखते हुए राष्ट्रीय युवा पुरस्कार से करने जा रही सम्मानित। हिमाचल प्रदेश के जिला कूल्लू के मनाली के शुरू गांव के सुमित ठाकुर प्रदेश के युवाओं के लिए प्रेरणा बनकर उभरे हैं,एक युथ आइकन के रुप में इनका उदय हुआ है। 15 वर्ष की आयु से ही जिस उम्र में युवा अपना अच्छा बुरा नहीं समझ पाते तबसे समाज के लिए कुछ करने के भाव ने सुमित को एक अलग पहचान प्रदान की है,अल्पआयु से ही समाजसेवा के प्रति गहरा भाव रखने वाले सुमित



18 वर्ष से पूर्व रक्तदान करने की इच्छा रखते थे मगर उम्र आड़े आती थी लेकिन 18 वर्ष के होते ही उस संकल्प को साकार करते हुए 21 बार रक्तदान कर दूसरों की जीवन में खुशियां ला चुके हैं। सुमित ठाकुर स्कूली समय से ही पर्यावरण संरक्षण के प्रति आयोजित रैलियों व कार्यक्रम में अग्रणी भूमिका अभिनित करते आए थे,जिसे उन्होंने कॉलेज में जाकर एक अलग दिशा प्रदान की।

इनके जनसेवा कार्यों के चलते इन्हें इससे पूर्व भी वर्ष 2020 में भारत सरकार द्वारा महामहिम राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविंद जी के हाथों भी राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। भारत सरकार द्वारा एनएसएस के लिए राष्ट्रपति पुरस्कार से नवाजना तथा केन्द्र व राज्य सरकार सहित जिला प्रशासन इनके समर्पित कार्यों को देखते हुए इन्हें पुरस्कृत कर चुकी है जो इनके कार्यों को प्रमाणिकता प्रदान करते हैं। ओर अब इसी कड़ी में यह राष्ट्रीय युवा पुरस्कार पहली बार भारत की नई संसद भवन में पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया जाएगा।


यह पुरस्कार भारत वर्ष में लगभग 10 के करीब युवाओं को मिल रहा है। जिस हेतु सुमित ठाकुर का चयन होना समस्त हिमाचल प्रदेश के लिए गौरवान्वित करने वाला पल है तथा युवाओं के लिए प्रेरणा का कार्य है।सुमित ठाकुर की शिक्षा वाणिज्य स्नातकोत्तर तक हुई है। समर्पण व समाज के लिए कुछ कर गुजरने का भाव मन में जागृत हो तो चुनौतियों के पहाड़ भी पार कर लिए जाते हैं। सेवा में सुमित का मन ऐसा लगा कि अपने शरीर के सभी अंग मरणोपरांत दान करने का भी दृढ़ फैसला सुमित ले चुके है।पर्यावरण संरक्षण के प्रति निरंतर अलख जगाते रहते है तथा स्वयं पौधारोपण कर जन-जन को प्रेरणा देने का कार्य करते है।

महाविद्यालयी शिक्षा के दौरान पर्यावरण संरक्षण में एक नया विचार लेकर आए जिसमें जिस व्यक्ति का जन्मदिन हो उस व्यक्ति को उपहार स्वरूप पौधा प्रदान कर रोपण किया जाता था तथा तीन वर्ष तक देख-रेख कर पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण योगदान सुनिश्चित किया जाता था। जन-जागरूकता शिविरों व रैलियों से एक अलग पहचान कायम करने वाले सुमित ने कोरोना काल में मिशन डिजिटल कोरोअवेयर के माध्यम से 200 दिन तक जन जागरूकता अभियान चलाकर आवश्यक चीजें दवाईयां,मास्क राशन इत्यादि वितरित कर जन-जन को सुरक्षित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका अभिनित की है।

# चोरी के दो मामलों में तीन महिलाओं सहित 5 गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**खेमचंद शास्त्री**

**मंडीः** शिवरात्रि मेले के दौरान द्वारा दो अलग-अलग चोरी की घटनाओं की रिपोर्ट सदर थाना में दर्ज कराई गई थी । पुलिस द्वारा दी जानकारी के अनुसार पहली घटना में एक महिला ने शिकायत की थी कि बस में चढ़ते समय उसके पर्स से 6,500/- रुपये की राशि चोरी हो गई। दूसरी शिकायत में इंदिरा मार्केट के ऊपर के स्टॉल मालिकों ने रात के दौरान 30,000/- रुपये की कीमत के सामान और 5,000/- रुपये की नकदी चोरी होने की शिकायत की थी। दोनों मामलों का संज्ञान लेते हुए पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की और दो लगातार एफआईआर आई पी सी की धारा 52/2025 धारा 303 (2), 3 (5) बीएनएस और 53/2025 धारा 305 (ए) के तहत पुलिस स्टेशन सदर जिला मंडी में पंजीकृत किए गए। जांच के दौरान मंडी पुलिस ने पहली एफआईआर में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है, जिनके नाम शालू, प्रिया और राधा हैं, जो सभी नागपुर महाराष्ट्र के निवासी हैं। पुलिस ने दूसरी एफआईआर में बंगाला बस्ती भिउली के निवासी रिंकू और रोहन नामक दो लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी गत रात की गई है और दोनों मामलों में अभी तक किसी भी सम्मान की बरामदगी नहीं हुई है। मामले की पुष्टि एस पी मंडी ने की है।



# अब समय आ गया है कि समाज सरकारी स्कूलों की तरफ रुख करे: कैलाश सैनी

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :आज जिला मौलिक** शिक्षा विभाग कुरुक्षेत्र तथा सामजिक संस्था लैंग्वेज लर्निंग फाउंडेशन के सहयोग से राजकीय मिडिल स्कूल अर्बन स्टेट सेक्टर 13 में जिला स्तरीय बालवाटिका खेल मेले का आयोजन किया जिसमें जिले के 100 से ज्यादा स्कूलों के शिक्षकों, विद्यार्थियों व अभिवावकों ने भाग लिया। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि जिला परिषद चेयरमैन कंवलजीत कौर और बतौर विशिष्ट अतिथि माननीय मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी जी के प्रतिनिधि कैलाश चंद्र सैनी ने




शिरकत की। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी विनोद कौशिक की अध्यक्षता में हुए इस कार्यक्रम में विभिन्न प्रदर्शनियों, खेलों और गतिविधियों के माध्यम से एफ एल एन और शिक्षा विभाग की बाल वाटिका में प्रयोग किए जाने वाले विभिन्न नवाचारों का प्रदर्शन किया गया। यहाँ बालवाटिका की सामग्री, उसकी तीन साल की सफल यात्रा एवं अप्रोच दिखाई गई। गौरतलब है राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत बुनियादी प्राथमिक शिक्षा की दिशा में सार्थक सुधारों और नए आयामों को अपनाने की बात हुई है। और इसी दिशा में हरियाणा इकलौता ऐसा राज्य है जिसमें बाल वाटिका का सफल कार्यन्वयन किया जा रहा है। उसमें भी कुरुक्षेत्र में संचालित मॉडल सफलतम रहा। ये एक ऐसा जांचा-परखा और स्थापित मॉडल है जिसके तहत बच्चा साढ़े चार वर्ष की उम्र से ही अपनी प्रारंभिक शिक्षा से पहले स्कूल आकर खेल-खेल में ही कई दक्षता हासिल कर लेता है। इस मौके पर कैलाश सैनी जी ने कहा कि सरकारी विद्यालय नए भारत की नई तस्वीर बना रहे हैं और आज प्रत्येक दिशा में सरकारी स्कूलों के विद्यार्थी अपनी विशिष्ट योग्यता और सहज सीखने के भाव से नए प्रतिमान बना रहे हैं। सरकारी स्कूल जिस प्रकार नए नवाचारों से नव परिवर्तन की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं उससे वह दिन दूर नहीं की भारत में सरकारी स्कूलों की संख्या, गुणवत्ता और इसकी दिलचस्प यात्रा विश्वभर में पब्लिक एजुकेशन की दिशा में नए मापदंड स्थापित करेगी।इस मौके पर मुख्य अतिथि कंवलजीत कौर ने बच्चों को देश का मजबूत भविष्य बताते हुए इस तरह के आयोजनों की सरहाना की और उन्होंने शिक्षित समाज, मजबूत राष्ट्र की संकल्पना के हित में ऐसी शिक्षा प्रणाली को कारगर बताया।

# आठ दिवसीय सिद्ध चक्र विधान का ध्वजारोहण करके शुभारम्भ किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत। पूर्व कैबिनेट** मंत्री कविता जैन एवं मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन ने सेक्टर 15 सिथत दिगंबर जैन मंदिर में नव निर्मित श्री 108 विद्यासागर संत भवन का लोकार्पण करके आठ दिवसीय सिद्ध चक्र विधान का ध्वजारोहण करके शुभारम्भ किया और जैन धर्मावलम्बियों को बधाई दी। शुक्रवार को विधान से पूर्व कलश यात्रा भी निकाली गई जिसमे आगे-आगे पार्श्वनाथ भगवन की प्रतिमा उठाये जैन श्रद्धालु नाचते गाते चल रहे थे। इस अवसर पर कविता जैन ने कहा कि जैन धर्म एवं वैज्ञानिक धर्म है जिसके नियमों का पालन करने से तन मन स्वस्थ रहता है और भक्ति मार्ग पर चलने कि शक्ति मिलती है। मंदिर



प्रधान सुरेश जैन ने बताया कि मंदिर को यह प्लाट 1990 में आबंटित हुआ था परन्तु कब्जा एवं रजिस्ट्री नहीं हुई थी, इस कार्य को 30 वर्षों बाद कविता जैन के मंत्री काल में सिरे चढ़ाया गया और जमीन की रजिस्ट्री की राशि भी कविता जैन ने अपने मंत्री कोटे से प्रदान की जिसके लिए पूरा समाज आभार व्यक्त करता है। उन्होंने आगे कहा कि सिद्ध चक्र विधान में भाग लेने वाले शधार्लुओं के जीवन का कल्याण होता है। कार्यक्रम में अधिवक्ता एवं प्रधान सुरेश जैन, पियूष जैन, राजेश जैन, टीनू जैन, सौरभ, उषा जैन, रश्मि जैन, राजेश जैन, प्रवीन जैन, संजीव, अंजू जैन, पवन जैन, डॉक्टर आकांक्षा, डॉक्टर अनिल जैन, सारिका जैन, संजय जैन आदि सैंकड़ो धर्मप्रेमी उपस्थित रहे।

## न्यूज फ्लैश

### सडक दुर्घटना में लेफ्टिनेंट कर्नल घायल

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। कैथल रोड पर** देर रात एक हादसा हो गया, जिसमें एक आर्मी के लेफ्टिनेंट कर्नल की गाड़ी ट्रक के नीचे जा घुसी। हादसा इतना भीषण था कि गाड़ी पूरी तरह चकनाचूर हो गई और उसमें सवार अफसर बुरी तरह घायल हो गए। जानकारी के अनुसार पुलिस लाइन के पास एक ट्रक कैथल की ओर जा रहा था और स्पीड ब्रेकर पर उसने अचानक ब्रेक लगा दिए। पीछे से तेज रफ्तार में आ रही कार समय पर ब्रेक नहीं लगा पाई और सीधे ट्रक में जा घुसी। कार में लेफ्टिनेंट कर्नल अश्विनी पाठक सवार थे, जो कुरुक्षेत्र के रहने वाले बताए जा रहे हैं। टक्कर के बाद वह गाड़ी में फंस गए और काफी देर तक बाहर नहीं निकल सके। इसी दौरान करनाल एसटीएफ की गाड़ी मौके पर पहुंची और टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद घायल अफसर को बाहर निकाला। उन्हें तुरंत इलाज के लिए नागरिक अस्पताल ले जाया गया, जहां से उनकी गंभीर हालत को देखते हुए कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज से दिल्ली इलाज के लिए रवाना हो गए।रामनगर थाना के जांच अधिकारी प्रदीप कुमार ने बताया कि घायल की ओर से अभी तक कोई बयान नहीं आया है और बयान मिलने के बाद ही आगे की कार्रवाई होगी।

### एडवोकेट रितेश शर्मा, पूर्व अध्यक्ष, पानीपत जिला बार एसोशियेशन ने कोमल सैनी को दिया जीत का आशीर्वाद

**पानीपत , ( कमाल हुसैन ) जिला** बार एसोसयेशन द्वारा एक प्रोग्राम आयोजित किया गया,जिसमे भाजपा मेयर पद उम्मीदवार कोमल सैनी व अन्य भाजपा कार्येकर्ता इस प्रोग्राम मे मौजूद रहे,प्रोग्राम मे भाजपा मेयर पद उम्मीदवार कोमल सैनी ने अपने प्रचार अभियान के तहत वोट की अपील की,इस मोके पर एडवोकेट रितेश शर्मा, पूर्व अध्यक्ष, पानीपत जिला बार एसोसियेशन द्वारा मेयर पद उम्मीदवार को कोमल सैनी को आशीर्वाद दे कर जितवाने की बात की गयी, वरिष्ठ अधिवक्ता रितेश शर्मा ने कोमल सैनी को आशीर्वाद देते हुए कहा कि वे भारी मतो से विजयी होगी ओर पानीपत विकास की रह पर खरा उतरेगा।वरिष्ठ अधिवक्ता रितेश शर्मा जो कि एक धार्मिक प्रवृत्ति ओर सनातन धर्म को निभाने वाले समाज सेवी भी है उन्होंने कहा कि आज देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दिखाई राह पर चल विश्व गुरु बन रहा है,अधिवक्ता रितेश शर्मा ने पानीपत वासियो से भाजपा मेयर पद उम्मीदवार कोमल सैनी को भारी मतो से जितवाने की अपील की।

### हर कार्य में संस्थाओं की भागीदारी रहती सराहनीय: उपायुक्त डॉक्टर वीरेंद्र कुमार दहिया

**पानीपत, ( कमाल हुसैन ) धार्मिक** संस्था श्याम बाबा सेवा मंडल के पदाधिकारी ने शुक्रवार को जिला सचिवालय में उपायुक्त डॉक्टर वीरेंद्र कुमार दहिया का बुके व स्मृति चिन्ह देकर उनके जनहित में किए जा रहे कार्यों के लिए सम्मानित किया। उपाय इतनी संस्था के सदस्यों के साथ कई देर तक वार्ता की व इसके लिए उनका आभार जताया। उपायुक्त ने संस्था के सदस्यों से उनके द्वारा किये जा रहे कार्यों की जानकारी ली व उसे निरंतर आगे जारी रखने के लिए कहा। संस्था के लोगों ने उपायुक्त को स्मृति चिन्ह बुके व शॉल देकर सचिवालय में सम्मानित किया।

### राजकीय बहु तकनीकी संस्थान जाटल के 63 विधार्थियो का विख्यात कंपनियों ने किया चयन

**पानीपत , ( कमाल हुसैन ) राजकीय** बहुतकनीकी जाटल के प्रधानाचार्य राजीव नरवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि संस्थान के 63 छात्रों का याजा की इंडिया प्राइवेट लिमिटेड और फीम इंडस्ट्रीज लिमिटेड और कॉन्टिनेंटल प्राइवेट लिमिटेड में नौकरी के लिये चयन हुआ। राजकीय बहुतकनीकी संस्थान जाटल के 63 छात्रो का चयन याजाकी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, फीम इंडस्ट्रीज लिमिटेड और कॉन्टिनेंटल प्राइवेट लिमिटेड द्वारा किया गया। इस ड्राइव में केमिकल, इलेक्ट्रिकल और मेकेनिकल इंजीनियरिंग के छात्रो ने भाग लिया। कम्पनी ने चयनित छात्रों को 2 लाख 16 हजार का पैकेज दिया गया है।

# प्रतिबंधित नशीली गोलियां रखने का आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र : पुलिस अधीक्षक** वरुण सिंगला के कुशल मार्ग-निर्देश में जिला पुलिस का नशा तस्करों पर शिकंजा जारी है। थाना शाहबाद पुलिस की टीम ने नशा तस्करों पर शिकंजा कसते हुए प्रतिबंधित नशीली गोलियां रखने के आरोप में राजन कुमार गुप्ता वासी शाहबाद को गिरफ्तार करके उसके कब्जा से 326 नशीली गोलियां बरामद करने में सफलता हासिल की है। जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 6 मार्च को थाना शाहबाद के अंतर्गत शहर चौंकी शाहबाद के सहायक उप निरीक्षक संदीप कुमार, मुख्य



सिपाही गुरमेल सिंह व होमगार्ड कमल कुमार की टीम चौंकी में मौजूद थी । पुलिस टीम को गुप्त सूचना मिली कि राजन कुमार गुप्ता वासी शाहबाद कुरुक्षेत्र मैडीकल स्टोर में दवाई की आड़ में नशीली गोलियां बेचने का काम करता है। जो आज भी राजन आर्य समाज मंदिर के पास मैडीकल स्टोर में चलते-फिरते नशेडियों को नशीली गोलियां बेच रहा है। यदि राजन के मैडीकल स्टोर पहुंचकर उसके मैडीकल स्टोर की तलाशी ली जाए तो उसके कब्जा से (प्रतिबंधित दवाईयाँ) नशीली गोलियां बरामद हो सकती हैं। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने राजन के मैडीकल स्टोर पहुंचकर वहां मैडीकल स्टोर के अंदर मौजूद व्यक्ति से उसका नामपता पूछने पर उसने अपना नाम राजन कुमार गुप्ता वासी शाहबाद बताया। आरोपी के मैडीकल स्टोर की तलाशी लेने पर उसके कब्जा से 326 नशीली गोलियां बरामद हुई। आरोपी के खिलाफ थाना शाहबाद में नशीला पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज करके सहायक उप निरीक्षक संदीप कुमार ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को माननीय अदालत में पेश करके अदालत के आदेश से 2 दिन की पुलिस रिमांड पर लिया गया ।

# ऑस्ट्रेलिया से छोटे भाई ने 10 लाख में किया बुक

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। जिले में** दूल्हा अपनी दुल्हन को लेने हेलिकॉप्टर से पहुंचा। यह सपना दूल्हे के ऑस्ट्रेलिया में रहने वाले छोटे भाई का था। उसने ही बारात के लिए हेलिकॉप्टर का बंदोबस्त भी किया। हेलिकॉप्टर से बारात पहुंची तो इसे देखने भीड़ उमड़ पड़ी। दूल्हा गले में डॉलर का हार पहनकर पहुंचा। इसे देखने के लिए भी लोगों की भीड़ लगी रही। दूल्हा साहिल कुरुक्षेत्र के गांव मथाना का रहने वाला है। उसकी शादी करनाल के गांव बजीदा जाटान की निकिता से हुई है। शादी समारोह घोघड़ीपुर स्थित एक मैरिज गार्डन में हुआ। गांव मथाना निवासी साहिल का छोटा भाई विकास और बहन ईशू ऑस्ट्रेलिया में सैटल हैं। उसके पिता सुखबीर सिंह और मां भी ऑस्ट्रेलिया में पीआर (स्थायी निवासी) हैं। विकास तीन साल पहले ऑस्ट्रेलिया गया था। विकास के जीजा और बहन ईशू ऑस्ट्रेलिया के सिडनी में रहते हैं। पूरे परिवार का ट्रांसपोर्ट का काम है। विकास भी उनके साथ ही काम करता है। दूल्हा साहिल गांव में ही रहता है और खेतीबाड़ी का काम देखता है। दूल्हे के भाई विकास ने बताया कि उनका सपना था कि बड़े भाई की बारात हेलिकॉप्टर से जाए।

# अधिकारी लोगों की बेहतर जीवन शैली के लिए करें कायः डॉ. विरेन्द्र

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन )**
**हरियाणा के मुख्यमंत्री** के मार्ग दर्शन में प्रदेश की दिशा व दशा बदल रही है। हर तरफ विकास की गंगा बह रही है। यह सब मुख्यमंत्री के द्वारा कम समय में किये गये विकास कार्यो के कारण ही संभव हो पाया है। प्रदेश की स्थिति बदले में मुख्यमंत्री के ठोस निर्णय अहम भूमिका निभा रहे हैं। शुक्रवार को जिला सचिवालय सभागार में जन समस्याओं की सुनवाई करते हुए उपायुक्त डॉ.विरेन्द्र कुमार दहिया ने कहा कि अधिकारी लोगों की बेहतर जीवन शैली के लिए कार्य करें। अपने सुख को तिलांजली देकर ही हम सही मायने में जन सेवा कर सकते हैं। समाधान शिविर भी जन सेवा का एक सशक्त माध्यम है। अधिकारियों को गहरी रूचि लेनी होगी। उपायुक्त ने कहा कि अधिकारी मन में विषमताओं को शाश्वत रूप से दूर करके जनता समाधान शिविर में आने वाली समस्याओं का समाधान कर सकते हैं। अधिकारियों को विवेक व धैर्य से कार्य करके जनता की समस्याओं का निदान करना होगा।

उपायुक्त ने कहा कि अधिकारियों में जब तक काम का नशा नहीं होगा जनता समाधान शिविर की समस्याओं का समाधान तीव्रता से नहीं होगा।

# मोटिवेशनल स्पीकर ने बच्चों को दिए सफलता के गुर

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा( कुलदीप सिंह )**
**ब्राइट कैरियर हाई** स्कूल के सौजन्य से जौरासी रोड स्थित भारत माता विद्या मंदिर के प्रांगण मे फ्रांस की राजधानी पेरिस से आए अंतरराष्ट्रीय मोटिवेशनल स्पीकर बी के मिशेल ने स्कूली बच्चो को जीवन मे सफल होने के गुर सिखाए। अंतरराष्ट्रीय मोटिवेशनल स्पीकर बी के मिशेल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि नैतिक मूल्य आदर्श का एक संग्रह है, जो हर इंसान के लिए अपने कार्यों के लिए जिम्मेदारी की भावना रखने के लिए जरूरी है। यह सिद्धांत किसी व्यक्ति को सही और गलत के बीच भेदभाव करने की क्षमता में



सहायता करता है,उन्होने कहा कि नैतिकता व्यक्ति के विकास में एक सीढ़ी के समान है, जिसके सहारे हम जीवन में आगे बढ़ते हैं और उनके विचार अनुसार जो हम हैं, हमें उसमें ही खुश रहना चाहिए। उन्होंने बच्चों को सलाह दी की प्रातः काल जल्दी उठकर सिंद्धासन मुद्रा में बैठकर हमें भगवान का धन्यवाद करना चाहिए कि आपने हमें जो कुछ दिया उससे हम संतुष्ट हैं हमें स्वयं आत्मनिर्भर बनना चाहिए और स्वयं आत्मसम्मान भी करना चाहिए और वि?द्यार्थियों को विद्यार्थी जीवन में ही एक विषय पर ध्यान केंद्रित कर लेना चाहिए। वंडर गर्ल जाह्नवी पवार ने अपने जीवन की सफलता के विषय में बताते हुए कहा कि मैंने इसी स्कूल से शिक्षा प्राप्त की और अपनी जिंदगी का जो उ?द्देश्य था उसको वि?द्यार्थी जीवन में ही निश्चय किया और उसको पाने के लिए कड़ी मेहनत की और अपने लक्ष्य को प्राप्त किया। वंडर गर्ल ने बच्चो को आगे बढ़ने की सलाह और जीवन सफल करने का मूल मंत्र भी बताएं । इससे पहले स्कूल निदेशक देवेंद्र गाहल्याण,प्रबंधक नीरज आर्या, नरेश गाहल्याण व मुख्याध्यापिका सुदेश गर्ग ने मोटिवेशन स्पीकर बी के मिशेल, वंडर गर्ल जाह्नवी, ब्रह्माकुमारी आश्रम से आई प्रवीन व सोनिया दीदी का बुके देकर स्वागत किया। इस मौके पर भाजपा नेता सुभाष सिंगला भी उपस्थित रहे।

# दो दिवसीय अध्यापक कार्यशाला का किया आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा ( कुलदीप सिंह )**
**हरे कृष्णा इंटरनेशनल** स्कूल, गढ़ी छाजू रोड, समालखा में सीबीएसई के तत्वाधान में दो दिवसीय अध्यापक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का मुख्य विषय विद्यार्थियों के स्वास्थ्य और कल्याण संबंधी रहा। कार्यशाला का उद्देश्य शिक्षकों को नवीन शिक्षण विधियों सहित स्वास्थ्य संबंधी नई तकनीक से अवगत कराना रहा। कार्यशाला का शुभारंभ सरस्वती पूजन से हुआ। तत्पश्चात शिक्षाविदों का फूलों का गुलदस्ता भेंट करके स्वागत किया गया। इस दौरान प्रशिक्षण कार्यक्रम अनुभवात्मक शिक्षण तकनीक पर



आधारित रहा। जो विद्यार्थियों के लिए आकर्षक एवं रुचिपूर्ण शिक्षक अनुभव बनाने के लिए डिजाइन किया गया। कार्यशाला में सीबीएसई द्वारा मनोनीत प्रशिक्षकों के रूप में बाल मनोविज्ञान विशेषज्ञ डॉ. सोनाक्षी शर्मा और पूजा वालिया मान रहे। मुख्य प्रशिक्षकों ने अपनी विशेषता पर विचार सांझा किए और शिक्षकों को व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया। कार्यशाला में विद्यार्थियों में हाल ही में आए बदलाव, शिक्षण प्रक्रिया में सामने आने वाली चुनौतियों, विद्यार्थियों के शारीरिक एवं मानसिक तनाव संबंधी गतिविधियों पर विचार-विमर्श किया। कार्यशाला में सभी अध्यापकों को विषय-आधारित समूह में विभाजित किया गया। प्रत्येक समूह से एक-एक करके प्रतिनिधि को अपने समूह की अपेक्षित गतिविधियों का प्रदर्शन करने को आमंत्रित किया गया। कार्यशाला के दौरान समय-समय पर आने वाली विद्यार्थियों संबंधी समस्याओं एवं बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु विचार विमर्श किया गया। कार्यक्रम के अंत में स्कूल प्रधानाचार्या पुष्प ठाकुर ने मुख्य वक्ताओं का आभार व्यक्त किया और कहा कि स्कूल में अध्यापकों के प्रशिक्षण हेतु इस प्रकार के कार्यक्रम समय-समय पर आयोजित किए जाते हैं। जिससे अध्यापकों का मनोबल बढ़ता है और उन्हें बच्चों से संबंधित समस्याओं का समाधान प्राप्त होता है।

# छात्रा कृतिका ने आर्य कॉलेज में हुई प्रतियोगिता मे पाया प्रथम स्थान

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
**आर्य कॉलेज में आयोजित** प्रतियोगिताओं में महिला प्रकोष्ठ संयोजिका डॉ. सीमा के निर्देशन में आई. बी. महाविद्यालय की छात्रा कृतिका ने पोस्टर मेकिंग में प्रथम स्थान प्राप्त कर कॉलेज का नाम गौरवान्वित किया । प्रबन्ध समिति ने छात्रा को बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की । प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि प्रतिस्पर्धा के दौर में केवल किताबी ज्ञान ही काफी नही है बल्कि सम्पूर्ण विकास के लिए विद्यार्थियों को सभी प्रकार की प्रतियोगिता में



हिस्सा लेना चाहिए । प्रतिस्पर्धा मनुष्य को आगे बढ़ने, औरों से कुछ अलग करने करने का लक्ष्य प्राप्त करने एवं स्वयं का मूल्यांकन करने के लिए आवश्यक है । यह छात्रों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित तो करती ही है साथ ही उनमें सफलता प्राप्त करने का जज्बा भी प्राप्त करती है। विजेता छात्रा कृतिका को स्मृति चिह्न व प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया ।

# सौर ऊर्जा में सराहनीय कार्य करने पर मिलेगा 1 करोड़ का ईनाम:सोनू

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र : अतिरिक्त उपायुक्त** सोनू भट्टद्द ने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्या घर मुफ्त बिजली योजना के तहत कुरुक्षेत्र में 21 गांवों को मॉडल विलेज के लिए चयनित किया गया है। इन 21 मॉडल विलेज में सौर ऊर्जा के लिए सर्वश्रेष्ठद्द कार्य करने वाले गांवों को केन्द्र सरकार की तरफ से 1 करोड़ रुपए का ईनाम दिया जाएगा। इन 21 गावों में सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए रूफ टॉप व लाईटिंग पर कार्य करना होगा। अहम पहलु यह है कि जिला स्तरीय कमेटी सर्वश्रेष्ठद्द गांव का चयन करेगी। एडीसी सोनू भट्टद्द ने आज यहां बातचीत करते हुए कहा कि




केन्द्र और राज्य सरकार की तरफ से सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए पीएम सूर्या घर मुफ्त बिजली जैसी योजना को अमलीजामा पहनाया जा रहा है। इस योजना के तहत कुरुक्षेत्र में हर घर व हर जन तक लाभ पहुंचाने के लिए कार्य किया जा रहा है। सरकार की इस योजना के तहत कुरुक्षेत्र में मॉडल विलेज स्कीम तैयार की गई है। इस स्कीम के तहत 21 गांव का चयन किया गया है। इन सभी गांव की आबादी 5 हजार से ज्यादा की है और इन गांव में सौर ऊर्जा को लेकर कार्य किया जाएगा। जिसमें घरों की छतों पर सौर ऊर्जा के प्लांट और गांव में लाईटिंग का कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मॉडल विलेज स्कीम के तहत गांव के लोग वित्तिय सहयोग के लिए बैंकों की सहायता ले सकते है और हरेडा एजेंसी भी इस योजना के तहत गांव का हर संभव सहयोग करेगी। इन 21 में से सर्वश्रेष्ठद्द गांव का चयन जिला स्तरीय कमेटी द्वारा किया जाएगा। यह कमेटी सभी गांव का 6 माह तक आंकलन करेगी और इसके बाद सौर ऊर्जा के क्षेत्र में सबसे अच्छा काम करने वाले गांव का नाम चयनित किया जाएगा और इस गांव के नाम को 1 करोड़ रुपए के ईनाम के लिए केन्द्र सरकार के पास भेजा जाएगा। इस योजना के तहत 2 किलोवॉट की यूनिट पर 60 प्रतिशत सबसिडी, 2 से 3 किलोवाट पर 40 प्रतिशत सबसिडी दी जा रही है,1 किलोवाट पर 30 हजार रुपए की सबसिडी तक देने का प्रावधान है।

**21 गांव को मॉडल विलेज स्कीम के तहत किया चयन**

एडीसी सोनू भट्टद्द ने कहा कि पीएम सूर्या घर मुफ्त बिजली योजना के तहत कुरुक्षेत्र जिले में 5 हजार से ज्यादा आबादी वाले 21 गांवों को मॉडल विलेज स्कीम के लिए चयनित किया गया है। इसमें अजराना कलां,अमीन, बारना, ज्योतिसर, किरमच, लुखी,मिजार्पुर, खरींडवा, बाबैन, भौरख, दिवाना, गुमथला गढ़ुद्दु, सारसा, स्याणा सैंयदा, थाना, झांसा, ठोल, बीड पिपली, मथाना, पिपली, उमरी गांव शामिल है।

# नारी मात्रा शब्द नहीं बल्कि संपूर्ण सृष्टि का है आधार: उपायुक्त डॉक्टर विरेन्द्र

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , (कमाल हुसैन )**
**शुक्रवार को जिला** सचिवालय सभागार में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम में उपायुक्त डॉक्टर वीरेंद्र कुमार दहिया ने बतौर मुख्य अतिथि भाग लिया। उपायुक्त ने इस मौके पर महिलाओं को महिला दिवस की बधाई दी। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं को शॉल भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में पहुंचने पर उपायुक्त का बुके देकर अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में



महिलाओं ने अपनी निजी लाइफ से जुड़े अनुभव रखे। उपायुक्त डॉ वीरेंद्र कुमार दहिया ने अपने प्रेरणादायी संबोधन में कहा कि यह दिन महिला सशक्ति करण और समानता की दिशा में एक बड़ा कदम है इसका उद्देश्य महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना और उन्हें सम्मान देना है । उपायुक्त ने कहा की नारी मात्र शब्द नहीं बल्कि संपूर्ण सृष्टि का आधार है।

# दिल्ली में प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना को लागू करेगी सरकारः रेखा गुप्ता






**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने जन औषधि दिवस के अवसर पर अशोक विहार स्थित जन औषधि केंद्र का दौरा किया। इस अवसर पर रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली सरकार पूरे शहर में प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना (पीएमबीजेपी) को लागू करेगी।
साथ ही उसके तहत पूरी दिल्ली में जन औषधि केंद्र खोले जाएंगे। इस पहल का मुख्य उद्देश्य दिल्ली के लोगों को सस्ती दवाइयां उपलब्ध कराना है। इस अवसर पर पत्रकारों को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया कि आज जन औषधि दिवस के अवसर पर हमने दिल्ली में अशोक विहार में स्थित प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र का दौरा कर व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि पिछली सरकार के कारण दिल्ली में हम प्रधानमंत्री जन औषधि योजना को लागू नहीं कर पाए लेकिन हमारी सरकार इस लाभकारी योजना को दिल्ली में लागू करेगी ताकि दिल्ली के लोगों को उच्च गुणवत्ता वाली दवाएं और चिकित्सा सम्बन्धी सामग्री काफी कम कीमतों पर उपलब्ध कराई जा सके। इस योजना से आम जनता, विशेष रूप से गरीब लोगों को लाभ मिलता है और कैंसर, शुगर जैसी बीमारियों की दवाइयां काफी कम कीमत में उपलब्ध होती हैं। साथ ही महिलाओं के लिए इन केन्द्रों में सेनेटरी नैपकिन मात्र एक रुपये में उपलब्ध हैं ताकि महिलाओं को एक स्वच्छ और स्वस्थ जीवन मिल सके। मुख्यमंत्री ने बताया कि हमारी सरकार दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेशानुसार राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के सभी सरकारी अस्पताल के 500 मीटर के दायरे में कम से कम एक जन औषधि केंद्र स्थापित करेगी, ताकि मरीजों को अच्छी और सस्ती दवाइयां उपलब्ध की जा सकें। ये जन औषधि केंद्र ब्रांडेड दवाओं की तुलना में 50-70 फीसद कम कीमत पर जनता को डब्ल्यूएचओ प्रमाणित दवाइयां और चिकित्सा सम्बन्धी वस्तुएं उपलब्ध कराती हैं। बहुत सारी दवाइयां 90 फीसद तक कम कीमत पर उपलब्ध हैं। इसके अतिरिक्त वे जरूरत पड़ने पर आपातकालीन स्थिति में स्थानीय दवा खरीद की सुविधा देकर सरकारी अस्पतालों की सहायता भी करेंगे। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का धन्यवाद करते हुए बताया कि दिल्ली सरकार के अस्पतालों में प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना (पीएमबीजेपी) का कार्यान्वयन सभी नागरिकों के लिए सस्ती स्वास्थ्य सेवा सुलभ बनाने और रोगियों पर वित्तीय बोझ को कम करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।
इस मौके पर चांदनी चौक से सांसद प्रवीन खंडेलवाल, केंद्र संचालक अरुणोदय गुप्ता, सतीश गर्ग, जिला अध्यक्ष वीरेंद्र गोयल, विधायक पूनम शर्मा भारद्वाज, पूर्व विधायक महेंद्र नागपाल, जोन चेयरमैन योगेश वर्मा, सुरेश भारद्वाज, राज सिंह चौहान, अशोक भारद्वाज, संजीव शर्मा, पूर्व निगम पार्षद गरिमा गुप्ता, अशोक जैन, मनीष अग्रवाल, स्थानीय कई पदाधिकारी व अनेक लाभार्थी बंधु उपस्थित रहे।

# दिल्ली विधानसभा डिजिटल परिवर्तन की ओर अग्रसर, 'नेवा' होगा लागू



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः दिल्ली विधानसभा** अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने संसदीय कार्य मंत्रालय के अधिकारियों के साथ बैठक करके विधानसभा में नेशनल ई-विधान एप्लिकेशन (नेवा) को लागू करने पर विस्तृत चर्चा की। इस अवसर पर नेवा टीम का नेतृत्व अतिरिक्त सचिव एवं मिशन लीडर (नेवा) डॉ. सत्य प्रकाश ने किया। बैठक के दौरान नेवा टीम ने एप्लिकेशन की प्रमुख विशेषताओं पर विस्तृत प्रस्तुति दी। नेवा एक एकीकृत डिजिटल मंच के रूप में कार्य करेगा, जो सभी विधायी कार्यों को कागज रहित और डिजिटल रूप से संपन्न बनाएगा। इसके अंतर्गत सूचनाओं का प्रस्तुतीकरण, मंत्रीगत उत्तर, विधायी कार्यवाही, चचाएं, समिति रिपोर्ट और डिजिटल लाइब्रेरी तक पहुंच जैसी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। यह पहल एक आधुनिक, पारदर्शी और प्रभावी विधायी प्रणाली की दिशा में एक बड़ा कदम है। परियोजना की त्वरित प्रगति पर बल देते हुए अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने इसके 100 दिनों के भीतर सफल क्रियान्वयन का निर्देश दिया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'वन इंडिया, वन एप्लिकेशन' दृष्टिकोण को दोहराते हुए कहा कि सभी विधानसभाओं में डिजिटल गवर्नेंस को बढ़ावा दिया जाना चाहिए, जिससे कार्यों की सुगमता, पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित हो सके। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि पिछले प्रशासन की उदासीनता और निजी परामर्शदाताओं तथा विक्रेताओं से जुड़ी असफलताओं के कारण ई-विधान परियोजना पिछले एक दशक से लंबित थी। दिल्ली विधानसभा अब पूरी प्रतिबद्धता के साथ इस परियोजना को तेजी से पूरा करने की दिशा में अग्रसर है।

# यासिन मलिक के खिलाफ तिहाड़ जेल की कोर्ट में सुनवाई करने की मांग पर 4 अप्रैल को होगी सुनवाई



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः सुप्रीम कोर्ट** के जस्टिस एएस ओका की अध्यक्षता वाली बेंच जम्मू कश्मीर के अलगाववादी नेता यासिन मलिक के खिलाफ ट्रायल को जम्मू के बजाय तिहाड़ जेल में मौजूद कोर्ट में ट्रांसफर करने की सीबीआई की मांग पर 4 अप्रैल को सुनवाई करेगी। आज सुनवाई के दौरान सीबीआई की ओर सुनवाई टालने की मांग करते हुए कहा गया कि सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता उपलब्ध नहीं है। कोर्ट ने यासिन मलिक को वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये कोर्ट में पेश होने का निर्देश दिया। सीबीआई ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर जम्मू कश्मीर के अलगाववादी नेता यासिन मलिक के खिलाफ ट्रायल को जम्मू की बजाय तिहाड़ जेल में मौजूद कोर्ट में ट्रांसफर करने की मांग की है। सीबीआई का कहना है कि तिहाड़ जेल में वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये सुनवाई की पूरी सुविधा उपलब्ध है। तिहाड़ में लगने वाले कोर्ट में पहले भी कई मामले की सुनवाई होती रही है। यासिन मलिक जम्मू कश्मीर में इंडियन एयर फोर्स के चार जवानों की हत्या और रुबिया सईद के अपहरण के मामले में वहां की निचली अदालत में मुकदमे का सामना कर रहा है। जम्मू कश्मीर में टाडा कोर्ट ने मलिक को व्यक्तिगत पेशी के लिए समन जारी किया था।
यासिन मलिक भी जम्मू-कश्मीर में निचली अदालत में पेश होकर अपनी पैरवी करना चाहता है। सीबीआई ने निचली अदालत के आदेश को चुनौती दी है। सीबीआई का कहना है कि यासिन मलिक कोई आम आतंकवादी नहीं है। वो लगातार पाकिस्तान जाता रहा है।

# 'आप नेताओं की ब्यानबाजी उनकी राजनीतिक हताशा का परिणाम'

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है की महिला सम्मान योजना को लेकर आतिशी मालेर्ना सहित अन्य आम आदमी पार्टी नेताओं की दैनिक ब्यानबाजी उनकी राजनीतिक हताशा का परिणाम है।
श्री सचदेवा ने कहा है की "आप" नेता भलीभांति जानते हैं की जो दो सी.ए.जी. की रिपोर्ट सामने आई हैं वह अरविंद केजरीवाल एवं उनके प्रमुख साथियों की लम्बी जेल यात्रा सुनिश्चित करने के लिए काफी है और ऐसे में अपने भ्रष्टाचार से जुड़ी सी.ए.जी. रिपोर्टों से जनता का ध्यान भटकाने के लियें आम आदमी पार्टी नेता रोजाना महिला सम्मान योजना पर नौटंकी ब्यानबाजी कर रहे हैं।
वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है कि आतिशी मालेर्ना का महिला सम्मान योजना को लेकर पत्राचार केवल राजनीतिक दिखावा है, यदि मालेर्ना को महिलाओं की सच्ची चिंता है तो वह बतायें की उनकी अपनी पार्टी की पंजाब सरकार 37 माह से सत्ता में है पर आज तक वहां घोषित महिला सम्मान राशि क्यों नहीं दी गई।
दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा है की भाजपा महिला शस्त्रीकरण एवं महिला सम्मान योजना दोनों के प्रति कृतसंकल्प है।

# डुप्लिकेट ईपीआईसी नंबरों की समस्या का तीन महीने में करेंगे समाधानः चुनाव आयोग




**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः चुनाव आयोग** ने शुक्रवार को कहा कि वह दशकों पुरानी डुप्लिकेट मतदाता पहचान पत्र (ईपीआईसी) नंबरों की समस्या को तीन महीने में हल कर लेगा। चुनाव आयोग ने एक बयान में कहा कि भारत के चुनावी रजिस्टर दुनिया का सबसे बड़ा मतदाता डेटाबेस है, जिसमें 99 करोड़ से अधिक मतदाता पंजीकृत हैं। बयान में कहा गया है कि चुनाव आयोग मतदाता सूचियों को अपडेट के लिए हर साल वार्षिक विशेष सारांश संशोधन (एसएसआर) अभ्यास आयोजित करता है, जो हर साल अक्टूबर-दिसंबर की अवधि के दौरान होता है और अगले महीने जनवरी में अंतिम रोल प्रकाशित किए जाते हैं। चुनाव वाले राज्यों एवंकेंद्रशासित प्रदेशों के लिए चुनाव से पहले एसएसआर भी आयोजित किया जाता है। हाल ही में संपन्न एसएसआर 2025 के लिए 07 अगस्त, 2024 को अनुसूची जारी की गई थी और अंतिम रोल 06-10 जनवरी, 2025 के दौरान प्रकाशित किए गए थे। आयोग ने इसकी पारदर्शी प्रक्रिया को समझाते हुए कहा कि प्रत्येक बूथ पर राज्य सरकार के अधिकारियों के बीच निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी द्वारा एक बूथ स्तरीय अधिकारी नियुक्त किया जाता है। प्रत्येक बूथ पर राजनीतिक दलों को बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) नियुक्त करने का भी अधिकार है। सभी बीएलए को संबंधित बूथ की मतदाता सूची को सत्यापित करने और विसंगति होने पर शिकायत दर्ज करने का अधिकार है। घर-घर जाकर क्षेत्र सत्यापन करने के बाद संबंधित बीएलओ संबंधित ईआरओ को सिफारिशें प्रस्तुत करता है। उपरोक्त तथ्यों को संज्ञान में लेने के बाद ईआरओ मतदाता सूची के अद्यतनीकरण के लिए प्रत्येक मतदाता के विवरण का सत्यापन करता है। तैयार किए गए ड्राफ्ट मतदाता सूची को वेबसाइट पर प्रकाशित किया जाता है और राजनीतिक दलों और जनता को भी उपलब्ध कराया जाता है। ड्राफ्ट मतदाता सूची के सत्यापन और एक महीने की अवधि के दौरान प्राप्त किसी भी दावे और आपत्तियों के निपटारे के बाद ही अंतिम सूची प्रकाशित की जाती है। यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति है, तो उसके पास जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 की धारा 24(ए) के तहत डीएम/जिला कलेक्टर/कार्यकारी मजिस्ट्रेट के समक्ष प्रथम अपील दायर करने का विकल्प है। उल्लेखनीय है कि तृणमूल कांग्रेस ने कई राज्यों में डुप्लिकेट ईपीआईसी नंबरों का मुद्दा उठाया और चुनाव आयोग पर कवर-अप का आरोप भी लगाया था।

# 'मोहल्ला क्लीनिक के लिए किराये का भवन और मरीजों की जांच तक में हुआ घोटाला'





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः दिल्ली भाजपा** के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि मोहल्ला क्लीनिक के लिए जगह किराए पर लेने और मरीज की जांच व टेस्ट तक हर काम में घोटाला हुआ है। उन्होंने कहा कि आज देखकर अच्छा लगा कि दिल्ली के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन जो कहते थे कि उनकी याददाश्त चली गई है, वो आज सामने आए। जैन ने अपने कार्यकाल के सबसे बड़े घोटाले मोहल्ला क्लीनिक को खोलने के लिए सरकारी जगहों को छोड़ कर किराए की जगह लेने के अपनी सरकार के घोटाले का विफल बचाव करने का प्रयास किया। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि हम आशा करते हैं कि जिस तरह आज सत्येंद्र जैन की याददाश्त मोहल्ला क्लीनिक के बचाव के लिए लौटी, उसी प्रकार उन आर्थिक घोटालों का सच कबूलने के लिए भी लौटेगी। केजरीवाल सरकार से पहले भी दिल्ली में लगभग 400 सरकारी डिस्पेंसरी थीं। उनमें से अधिकांश को केजरीवाल ने बंद कर मोहल्ला क्लीनिक खोले और बड़ा भ्रष्टाचार किया। मंत्रियों एवं विधायकों से जुड़े आआपा समर्थकों के परिसरों में मोहल्ला क्लीनिक खोले गए और उन्हें बाजार दाम से कहीं अधिक किराए देकर किक बैक लिए गए। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि अब जब सत्येंद्र जैन की याददाश्त लौट ही रही है तो वह बताएं कि आखिर क्यों मोहल्ला क्लीनिक खोलते हुए उपलब्ध सरकारी डिस्पेंसरी एवं अन्य परिसरों की उपेक्षा की गई।

# जीएसटीए ने किया होली मंगल मिलन समारोह का आयोजन




**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** राजकीय विद्यालय शिक्षक संघ दिल्ली की साउथ वेस्ट बी जिले की जिला कार्यकारिणी द्वारा होली मंगल मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस आयोजन की अध्यक्षता उप-निदेशक शिक्षा, जिला साउथ वेस्ट बी राजवीर सिंह ने कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में नवनिर्वाचित स्थानीय विधायक नीलम कृष्ण पहलवान उपस्थित रहीं।
कार्यक्रम में राजकीय विद्यालय शिक्षक संघ के महासचिव अजय वीर यादव को विशिष्ट अतिथि के रूप उपस्थित रहे। इस अवसर पर विधायक नीलम कृष्ण पहलवान ने शिक्षकों के सम्मान पर बल देते हुए अपने संबोधन की शुरूआत गुरु गोविंद दोऊ खड़े, काके लागू पाय... श्लोक के माध्यम से की। उन्होंने कहा कि अब शिक्षकों का सम्मान सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। उन्होंने विशेष रूप से नजफगढ़ जैसे क्षेत्र में शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि शिक्षकों ने हमेशा समाज को दिशा देने का कार्य किया है और वह स्वयं भी उनके समर्थन से निर्वाचित हुई हैं। इस अवसर पर महासचिव अजय वीर यादव ने कहा कि दिल्ली में नई सरकार बनने के बाद शिक्षा के क्षेत्र में एक सकारात्मक बदलाव की शुरूआत हो चुकी है। उन्होंने कहा कि झूठे शिक्षा मॉडल को ध्वस्त कर भाजपा सरकार एक ऐसा शिक्षा मॉडल प्रस्तुत करेगी जिसमें संस्कार और नैतिक मूल्यों से युक्त शिक्षा को प्राथमिकता दी जाएगी।
उन्होंने यह भी कहा कि दिल्ली के स्कूलों में पुनः गुरु वंदन, छात्र अभिनंदन की परंपरा को बहाल किया जाएगा ताकि शिक्षकों को उनका उचित सम्मान मिले और छात्रों में नैतिकता और चरित्र निर्माण के गुण विकसित किए जा सकें।
शिक्षा उप-निदेशक राजवीर सिंह ने शिक्षकों को आश्वस्त किया कि उनके जिले में शिक्षकों से जुड़े सभी कार्य प्राथमिकता से पूरे किए जाएंगे और कोई भी कार्य लंबित नहीं रहेगा। उन्होंने कहा कि "मैं पहले एक शिक्षक हूं और मेरी सभी नीतियां शिक्षकों के हित को ध्यान में रखकर बनाई जाएंगी। समारोह के समापन पर डीडीई के ओएसडी उमेश शर्मा एवं जिला सचिव हरिसिंह फलसवल ने सभी आगंतुकों, अतिथियों और सैकड़ों शिक्षकों का आभार व्यक्त किया। होली मंगल मिलन समारोह के अवसर पर शिक्षकों ने फूलों की होली खेली, जलपान और होली के विशेष पकवानों का आनंद लिया। इस आयोजन ने दिल्ली के शिक्षा जगत में एक नई ऊर्जा और संदेश दिया कि शिक्षक अब तनाव रहित होकर पूरे समर्पण के साथ छात्रों के उज्ज्वल भविष्य का निर्माण करेंगे।

# बाबू जगजीवन राम अस्पताल की समस्याओं को लेकर पूनम बागड़ी मुख्यमंत्री से मिली

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** बाबू जगजीवन राम अस्पताल की समस्याओं को लेकर जहांगीरपुरी से पूर्व निगम पार्षद पूनम अश्विनी बागड़ी दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता व बादली क्षेत्र के विधायक दीपक चौधरी से मुलाकात कर उन्हें पत्र सौंपा। इस अवसर पर पूनम बागड़ी ने बताया कि बाबू जगजीवन राम अस्पताल में पिछले 5 वर्षों से अल्ट्रासाउंड की मशीन बंद पड़ी है, मेडिसिन सर्जन, आंखों के डॉक्टर, रेडियोलॉजी और हड्डियों के डॉक्टर व आंख नाक कान के डॉक्टर नहीं है तथा इस अस्पताल में प्रत्येक दिन करीब 350 जच्चा बच्चा के ऑपरेशन होते हैं परंतु यहां पर सिर्फ दो ही डॉक्टर हैं जिससे महिलाओं को बहुत ही दिक्कत का सामना करना पड़ता है तथा इस अस्पताल पैरामेडिकल स्टाफ व डॉक्टर वैदिक ग्रुप के कर्मचारी की 50 प्रतिशत की कमी है। इस अस्पताल में पर्याप्त मात्रा में दवाई भी नहीं है, जबकि आज से 10 वर्ष पूर्व जगजीवन राम अस्पताल के बिस्तर की संख्या बढ़ाने हेतु एक नई बिल्डिंग बनाने की योजना थी जिसमें ट्रॉमा सेंटर ब्लड बैंक आदि सुविधाएं देने का प्रावधान था, परंतु दिल्ली में केजरीवाल की सरकार इस फाइल को दबा दिया। यह जनता के साथ एक बहुत बड़ा खिलवाड़ है। श्रीमती बागड़ी ने बताया कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता एवं विधायक दीपक चौधरी काफी जल्दी अस्पताल का दौरा कर अस्पताल में सभी सुविधाएं जल्द से जल्द महैया करायेगें।

# डिजिटल इंडिया का आदर्श मॉडल बने सहकारिता विभागः रविंद्र

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** समाज कल्याण, एससी/एसटी कल्याण, चुनाव और सहकारिता मंत्री रविंद्र इंद्राज सिंह ने संसद मार्ग स्थित रजिस्ट्रार कोऑपरेटिव सोसायटीज के कार्यालय का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सहकारिता विभाग डिजिटल इंडिया का आदर्श मॉडल बने।
उन्होंने कहा कि वर्ष 2025 अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। कोऑपरेटिव विभाग को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मंशा के अनुरूप डिजिटल इंडिया का आदर्श मॉडल बनाने के लिए सुविधाओं के डिजिटलीकरण पर जोर दें। साथ ही आवेदनों का तय समय में निराकरण हो।
रविंद्र ने विभागीय अभिलेखों की जांच की। निरीक्षण के दौरान प्रशासनिक कार्यप्रणाली, सहकारी समितियों के पंजीकरण, उनकी कार्यप्रणाली और लंबित मामलों की भी समीक्षा की गई। संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने कार्यों का निष्पादन पूर्ण कर्तव्यनिष्ठा और पारदर्शिता के साथ करें। सहकारी समितियों से जुड़ी प्रक्रियाओं को सुगम बनाने और आम जनता को समयबद्ध सेवाएं उपलब्ध कराने पर विशेष बल देने के भी निर्देश दिए गए।

# ब्रज में होली महोत्सवरू आनंद और भक्ति का दिव्य संगम

लोकेश चौधरी

**मथुरा।** ब्रज की होली अपने अनोखे अंदाज और लंबे समय तक चलने वाले उत्सवों के लिए प्रसिद्ध है। ब्रजमंडल, जिसे भगवान श्रीकृष्ण और राधारानी की लीलाभूमि माना जाता है, में होली महोत्सव एक दिन का नहीं बल्कि लगभग 40 दिनों तक चलता है। बसंत पंचमी के बाद से ही यहां के मंदिरों और गलियों में होली का रंग चढ़ना शुरू हो जाता है। ब्रज के हर मंदिर, हर गली और हर चौक में इस उत्सव की छटा देखने को मिलती है। ब्रज की होली को खास बनाने वाला तत्व सिर्फ रंग और गुलाल नहीं, बल्कि इसमें शामिल भक्ति, प्रेम, श्रद्धा और माधुर्य भी है। यह उत्सव सिर्फ एक सामाजिक आयोजन नहीं बल्कि एक आध्यात्मिक यात्रा भी है, जहां भक्तगण भगवान श्रीकृष्ण और राधारानी की लीलाओं का आनंद लेते हैं और उनके प्रेमरस



में सराबोर हो जाते हैं। ब्रज की होली को अलग-अलग मंदिरों में अलग-अलग अंदाज में मनाया जाता है। इनमें से एक महत्वपूर्ण स्थान है ठाकुर श्री राधा स्नेह बिहारी जी मंदिर, जहां हर साल होली महोत्सव बहुत भव्य तरीके से मनाया जाता है। यहां के मंदिर सेवायत करन कृष्ण गोस्वामी जी के नेतृत्व में भक्तों के साथ यह आयोजन अत्यंत हर्षोल्लास के साथ संपन्न होता है। मंदिर में होली महोत्सव रंगभरी एकादशी से शुरू होकर धूलैहरी तक धूमधाम से चलता है। इस दौरान ठाकुर जी अपने भक्तों के साथ विभिन्न प्रकार की होली खेलते हैं, जिनमें फूलों की होली, लड्डू होली, जलेबी होली और फुलडोल होली जैसी अनूठी परंपराएं शामिल हैं।

## बलदेव के दाऊजी मंदिर में हो रही गुलाल की बरसात



**मथुरा।** बलदेव में ब्रजराज श्री दाऊजी महाराज मंदिर में भी होली का उल्लास जारी है। गुलाल की वर्षा से श्रद्धालु सराबोर होकर आनंदित हो रहे हैं। सुबह विशेष अभिषेक श्रृंगार के बाद श्री दाऊजी महाराज को गुलाल लगते हैं, इसके बाद गुलाल की वर्षा श्रद्धालुओं पर प्रतिदिन हो रही हैं। मंदिर में समाज गायन प्रतिदिन सुबह शाम हो रहे हैं। समाज गायन में होली के विभिन्न पदों बलराम कुमार होरी खेलें सखीन सहित रेवती विराजै बलराम होरी खेलें, एरी सखी निकसे हैं दाऊदयाल, खेलन ब्रज में फाग री एरंग हो हो होरियां आदि पदों का गायन उत्साह के साथ हो रहा है।

# महानिरीक्षक मुनिराज ने एसएसपी के साथ परेड का निरीक्षण किया

**भ्रमण किया**

▶▶ सलामी के पश्चात पीआरवी वाहनों, थाना मोबाईल आदि को चेक कर पुलिस लाइन्स का भ्रमण किया



**मुरादाबाद।** मुरादाबाद परिक्षेत्र के पुलिस उप महानिरीक्षक मुनिराज ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के साथ शुक्रवार को परेड का निरीक्षण एवं सलामी के पश्चात पीआरवी वाहनों, थाना मोबाईल आदि को चेक कर पुलिस लाइन्स का भ्रमण किया। पुलिस उप महानिरीक्षक ने परेड सलामी के पश्चात परेड में सम्मिलित अधिकारी एवं कर्मचारियों का टर्न आउट चेक किया। पुलिसकर्मियों का फिटनेस परीक्षण रिजर्व पुलिस लाइन्स ग्राउन्ड में लिया गया। इसके पश्चात पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, पुलिस अधीक्षक यातायात व क्षेत्राधिकारी कटघर, कांठ के साथ पीआरवी वाहनों, थाना मोबाईल, जीप, लैपर्ड आदि को वाहन में मौजूद दंगा नियंत्रण उपकरणों आदि सहित चेक किया। तत्पश्चात क्वार्टर गार्द सलामी के पश्चात क्वार्टर गार्द का निरीक्षण किया गया तथा सम्बंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये । इसके पश्चात रिजर्व पुलिस लाइन्स का भ्रमण करते हुए मेस, बैरक, आवासीय परिसर (फैमिली लाइन्स), निमार्णाधीन कार्यों व कार्यालयों का निरीक्षण कर, साफ-सफाई आदि को देखा।

## संक्षिप्त खबरें

### दिल्ली के दिल में बसे ओमैक्स चौक पर लक्जरी आईवियर का मुकाम बनी सन-डेज कंपनी

**नई दिल्ली।** अत्यंत उत्साह और जोश के साथ सन-डेज कंपनी यह घोषणा करती है कि उन्होंने अपने सबसे नए शोरूम की शुरुआत चांदनी चौक के ओमैक्स चौक में की है, जो की लग्जरी और स्टाइल का बेहतरीन मिश्रण है। 60 से भी ज्यादा प्रतिष्ठित ग्लोबल ब्रांड्स की चुनिंदा और खास पेशकश के साथ सन-डेज कंपनी लाया है चश्मों की एक अद्भुत रेंज जिसमें रे-बैन, प्राडा और गूची जैसे सर्वकालिक ब्रांड्स तो हैं ही, साथ ही आज के समय के ब्रांड्स कूबोरॉम और फिलिप प्लेन भी शामिल हैं। ये नया स्थान उन सभी चश्मा पसंद करने वालों के लिए एक ऐसी जगह है जहां शालीनता और बेहतरीन डिजाइन के बीच समन्वय देखने मिलेगा। दिल्ली के दिल में बसे ओमैक्स चौक में सन-डेज कंपनी को मिला है अपने लिए एक ऐसा ठिकाना, जहां हमे देखने मिलती है विलासिता और सुसभ्यता। ओमैक्स चौक सिर्फ एक शॉपिंग केंद्र नहीं है, यह एक अनुभव है, जो कि विश्वस्तरीय वातावरण और बेहतरीन सेवाएं देने के लिए बना है। इस मॉल की आधुनिक डिजाइन, बेहतरीन स्थापत्य कला और शानदार ब्रांड का चुनाव, आज के समय के फैशन जागरूक ग्राहकों को देता है एक खास शॉपिंग का अनुभव, जो कि सन-डेज कंपनी के बेहतरीन चश्मों के पेशकश से मेल खाता है। इसके शुभारंभ के अवसर पर सन-डेज कंपनी ने एक खास कार्यक्रम आयोजित किया, जिसमें टीवी और फिल्मों में अपने काम के लिए जानी जाने वाली सेलिब्रिटी गरिमा जैन उपस्थित रही । यह कार्यक्रम भी ग्राहकों को एक अविस्मरणीय अनुभव देगा, जिसमें फैशन-पसंद ग्राहकों को आरामदायक और विश्राम की अनुभूति देने वाले वातावरण में भविष्य की तकनीक को दशार्ते चश्में देखने मिलेंगे। सन-डेज कंपनी के पीछे की सोच हिमालय ऑप्टिकल के चौथी पीढ़ी के निदेशक देवांश बिनानी की है, एक ऐसी कंपनी जो पिछले 85 सालों से इस उद्योग में है। उनके नेतृत्व में सन-डेज कंपनी ने अपनी समृद्ध विरासत को आज के समय की आधुनिक चश्मों की टेक्नोलॉजी के साथ जोड़ा है, जिससे वे दिल्ली को दे पाए हैं अतुलनीय लग्जरी और स्टाइल का उपहार। हाई फैशन गॉगल्स के अलावा सन-डेज कंपनी नजर के चश्में भी बनाती है, जो सहूलियत और बेहतरीन स्टाइल का समागम हैं। इस स्टोर पर स्पोर्ट्स सनग्लासेस की भी एक विस्तृत रेंज है, जिसमें माउई जिम और ओकले जैसे ब्रांड शामिल हैं, जो खिलाड़ियों और आउटडोर रोमांचकारियों की आँखों को बचाव देने के साथ ही, बेहतर प्रदर्शन करने में भी मदद करते हैं।
आइए सन-डेज कंपनी के चांदी चौक के ओमैक्स चौक स्थित इस शोरूम पर और खो जाइए एक ऐसी दुनिया में जहां आपको मिलेंगे लक्जरी चश्में और एक अविस्मरणीय शॉपिंग का अनुभव। सन-डेज कंपनी की इस दुनिया में कदम रखिये और खास आपके लिए बने बेजोड़ और शानदार चश्मे को पसदं कीजिये।

### हरियाणा में फर्टिलिटी केयर को आगे बढ़ाते हुए, बिरला फर्टिलिटी एंड आईवीएफ के रेवाड़ी सेंटर ने सेलिब्रेट किये दो सफल साल

**रेवाड़ी ।** बिरला फर्टिलिटी एंड आईवीएफ के रेवाड़ी सेंटर ने हरियाणा में एडवांस्ड फर्टिलिटी केयर देने के दो सफल वर्ष पूरे किए हैं। पिछले दो वर्षों में, रेवाड़ी सेंटर ने बड़ी संख्या में जरूरतमंदों को हाई क्वालिटी फर्टिलिटी ट्रीटमेंट्स आसानी से प्राप्त करने में मदद की है। बिरला फर्टिलिटी एंड आईवीएफ रेवाड़ी सेंटर लेगों की जरूरतों के अनुसार क्लीनिकल तौर पर प्रमाणित सॉल्यूशंस प्रदान करता है ताकि वे संतान सुख प्राप्त कर सकें। बिरला फर्टिलिटी एंड आईवीएफ, भारत का तीसरा सबसे बड़ा आईवीएफ नेटवर्क है और 3 बिलियन अमेरिकी डॉलर वाले सी के बिरला ग्रुप का हिस्सा है। इस उपलब्धि के जश्न के मौके पर, सेंटर ने एक स्पेशल कार्यक्रम आयोजित किया, जिसमें सेंटर में ट्रीटमेंट्स के माध्यम से पेरेंट्स बने परिवार फिर से मिलें। सभी ने माता-पिता बनने में रेवाड़ी सेंटर के सफल सहयोग को खुले दिल से सराहा। इस कार्यक्रम में बिरला फर्टिलिटी एंड आईवीएफ की बेहतरीन क्लीनिकल एक्सीलेंस, पेशेंट-केंद्रित केयर और क्षेत्र में फर्टिलिटी सर्विसेज के विस्तार के प्रति समर्पण को भी व्यक्त किया।2023 में अपनी स्थापना के बाद से, रेवाड़ी सेंटर आईवीएफ और आईयूआई सहित एडवांस्ड फर्टिलिटी ट्रीटमेंट्स की एक विस्तृत सीरीज की पेशकश कर रहा है। यह फर्टिलिटी को लेकर अलग-अलग चुनौतियों का सामना कर रहे रेवाड़ी और आस-पास के क्षेत्रों के दंपत्तियों के लिए हाई-क्वालिटी, प्रमाणों पर आधारित केयर सुनिश्चित करता है।हरियाणा में रेवाड़ी सेंटर की सफलता को लेकर बात करते हुए, अभिषेक अग्रवाल, सीईओ, बिरला फर्टिलिटी एंड आईवीएफ ने बताया कि हमारे रेवाड़ी सेंटर की दूसरी वर्षगांठ भारत में फर्टिलिटी केयर को नए सिरे से उपलब्ध करवाने की हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

## बहराइच : युवती का सिर कटा शव मिला, पुलिस जांच में जुटी

**बहराइच।** जिले के ग्राम जगन्नाथपुर में शुक्रवार की सुबह नहर के पास एक युवती का सिर कटा शव मिला। सूचना मिलने पर कोतवाली नानपारा पुलिस व फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल की जांच की। पुलिस ने साक्ष्य जुटाए और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। ग्राम पंचायत जगन्नाथपुर के मजरा पूरे बेचई में सरयू नहर के पास कुछ लोगों ने एक युवती का सिर कटा शव देखा। घटना की सूचना मिलने पर नानपारा थाना प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार सिंह पुलिस बल व फोरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर छानबीन की।

# भड़काऊ भाषण या धार्मिक उन्माद फैलाने का दुस्साहस न करे कोई

**बिजनौर :** जिलाधिकारी जसजीत कौर ने कहा कि जिला प्रशासन ने सौहार्दपूर्ण और शांतिपूर्ण वातावरण में होली एवं ईद उल फितर त्यौहार को सम्पन्न कराने के लिए पूर्व की तरह सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। उन्होंने अपेक्षा करते हुए कहा कि ये पावन त्यौहार पूर्ण संयम, समन्वय एवं आम नागरिकों की भावनाओं को दृष्टिगत रखते हुए मनाये जाएंगे और ऐसा कोई भी कार्य नहीं किया जाएगा, जिससे दूसरे सम्प्रदायों की भावनाओं को ठेस पहुंचे। उन्होंने सचेत करते हुए कहा कि कोई भी व्यक्ति धार्मिक रूप से कोई अपशब्द, भड़काऊ भाषण अथवा धार्मिक उन्माद फैलाने जैसे किसी भी कार्य का दुस्साहस न करे और न ही सोशल



मीडिया आदि पर किसी भी प्रकार की आपत्तिजनक टिप्पणी या पोस्ट न करे, जिससे शांति एंव कानून व्यवस्था की स्थिति पर कोई आंच आए। उन्होनें स्पष्ट करते हुए कहा कि जिले में शांति एंव कानून व्यवस्था की स्थिति से खिलवाड़ करने वाले शरारती एवं असामाजिक तत्वों पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी।
जिलाधिकारी शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में होली, रमजान तथा ईद उल फितर आदि त्यौहारों पर बिजली, पानी और साफ सफाई, कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए निर्देश दे रहीं थी। उन्होंने सभी धर्मगुरूओं एवं संभ्रांत लोगों का आहवान किया कि यदि उनके संज्ञान में कानून व्यवस्था की स्थिति को प्रभावित करने अथवा सांप्रदायिक भावना को भड़काने आदि संबंधी कोई सूचना प्राप्त होती है तो स्वयं हस्तक्षेप न करते हुए तत्काल प्रशासन को सूचित करें, ताकि तत्काल सक्षम अधिकारियों को मौके पर भेजकर समस्या का समाधान किया जा सके। उन्होंने प्रतिबद्वता व्यक्त करते हुए कहा कि जिला प्रशासन होली, रमजान, ईद उल फितर सहित सभी त्यौहारों को पूर्ण सौहार्द, परम्परागत और शांतिपूर्वक रूप से सम्पन्न कराने के लिए कटिबद्व है। उन्होंने जन सामान्य का आवाहन किया कि किसी भी अवस्था में ऐसा कोई कार्य न करें जो अपरम्परागत हो या जिससे साम्प्रदायिक वातावरण अथवा शांति एवं कानून व्यवस्था प्रभावित हो। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि सभी नगर पालिका एवं नगर पंचायतों को विशेष सफाई, प्रकाश एवं पानी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गए हैं।




लखनऊ में बड़े इमामबाड़े की आसिफी मस्जिद के बाहर वक़्फ बिल के विरोध में शिया समुदाय ने जुमे की नमाज के बाद कल्बे जवाद के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन किया

## नागरिक से धोखाधडी करने वाला दबोचा गया

**मथुरा।** थाना वृन्दावन पुलिस ने विदेशी नागरिक के साथ धोखाधडी कर 2386420 रुपये हडपने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। प्रभारी निरीक्षक थाना वृन्दावन रवि त्यागी ने बताया कि वांछित चल रहे अभियुक्त स्वरूपदास उर्फ मिथुर चन्द्रपाल पुत्र मौहम्मद अब्दुल रहमान निवासी ग्राम नाथपुर पोस्ट भुजताला सर्व थाना कालारोआ जिला सातखीरा सबडिवीजन जुलना बांग्लादेश हालपता आरती अपार्टमेन्ट नावापल्ली कस्वा व थाना वारासत जिला नोर्थ 24 परगना पश्चिमी बंगाल को को उसके घर से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त के विरूद्ध आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की गयी।

# ब्रज में छाया होली का उल्लास, मस्ती में सराबोर हुरियो



लोकेश चौधरी

**मथुरा।** ब्रज में होली का उल्लास चहुंओर छाया हुआ है। मथुरा। ब्रज की अनूठी होली में लड्डू होली से लेकर लट्ठमार होली तक सब कुछ पौराणिक घटनाओं की साक्षी लीलाएं हैं। हर लीला यानी होली का अपना महत्व है। कान्हा और राधा जी से जुडी इन लीलाओं को देख कर श्रद्धालु आनंदित हो जाते हैं। तभी तो किसी ने कहा है सब जग होरी या ब्रज होरा। लगातार प्रचार प्रसार के बाद अब ब्रज की होली को देखने के लिए हर साल भीड बढती जा रही है। लोग ब्रज की होली का साक्षी बनने की लालसा लिए खिंचे चले आते हैं। जिसमें 7 मार्च को बरसाना की लड्डू होली, 8 मार्च को बरसाना की लट्ठमार होली, 9 मार्च को नंदगांव की लट्ठमार होली व गांव रावल की रंग लट्ठमार होली, 10 मार्च को श्री कृष्ण जन्मस्थान व श्री बांके बिहारी जी मंदिर की फूल होली, 11 मार्च को श्री द्वारिकाधीश मंदिर की होली व गोकुल की छड़ीमार होली, 13 मार्च को चतुर्वेदी समाज का डोला व गांव फालैन की होलिका दहन,

**आनंदित**

▶▶ कान्हा और राधा जी से जुडी इन लीलाओं को देख कर श्रद्धालु आनंदित हो जाते हैं

14 मार्च को धुलेंडी, 15 मार्च को दाऊजी का हुरंगा, नंदगांव का हुरंगा, ग्राम जाब का हुरंगा, मुखराई का चरकुला, 16 मार्च को बठैन का हुरंगा, गिडोह का हुरंगा, 21 मार्च को महावन में छड़ीमार होली तथा 22 मार्च को वृंदावन में श्री रंग जी मंदिर की होली होनी है। मंदिरों में नित्य प्रतिदिन होली खेली जा रही है। भक्तों पर मंदिरों में अबीर गुलाल उडाया जा रहा है। अबीर गुलाल में सराबोर होकर निकलने वाले श्रद्धालु खुद को धन्य मान रहे हैं। होली की खुमारी दिन प्रतिदिन ब्रज में गहरी होती जा रही है। ऐसे में किसी भी श्रद्धालु को कोई परेशानी न हो जिला प्रशासन की ओर से पूरे प्रबंध किये जा रहे हैं।

# बदमाशों ने दूल्हे के पिता का रुपयों से भरा बैग छीना

टीम एक्शन इंडिया

**जौनपुर।** शाहगंज कोतवाली थाना अंतर्गत गुरुवार के देर रात बारात निकलने के दौरान बाइक सवार तीन की संख्या में बदमाशों ने दूल्हे के पिता का बैग लूटकर फरार हो गए। पीड़ित के मुताबिक घटना में चार लाख रुपये से अधिक की लूट बताई गई है। सूचना के डेढ़ घंटे बाद पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुटी रही। लेकिन बदमाशों का कोई सुराग नहीं लगा। पुलिस पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है। आजमगढ़ जिले के सरायमीर थाना क्षेत्र के बस्ती निवासी शीतला प्रसाद जायसवाल की बेटी अर्चना के विवाह का कार्यक्रम



नगर के आजमगढ़ मार्ग स्थित एक मैरिज हाल से होना था। मैरिज से कुछ ही दूरी पर नई सब्जी मंडी के पास से ज्ञानचंद जायसवाल अपने बेटे राम आशीष की बारात निकाल कर शादी घर की तरफ आ रहे थे। सब्जी मंडी के सामने बारात पहुंची जिसमें लोग डीजे की धुन पर थिरकते हुए आगे बढ़ रहे थे, इसी दौरान एक बाइक पर सवार तीन की संख्या में पहुंचे बदमाशों ने दूल्हे आशीष के पिता ज्ञान चंद को धमकाते हुए रुपयों से भरा बैग लूटकर आजमगढ़ की ओर भाग निकले। बदमाशों के जाने के बाद पीड़ित द्वारा बाराती और रिश्तेदारों को घटना की जानकारी दी तो बारात में अफरातफरी का महौल बन गया। पीड़ित द्वारा घटना की सूचना डायल 112 पर की गई। सूचना पर पहुंची पीआरवी और कोतवाली पुलिस मामले की जांच में जुटी रही। पीड़ित के मुताबिक बैग में पांच लाख रुपये लेकर आया था, जिसमें कुछ रुपए खर्च हुए थे। चार लाख रुपए से अधिक बैग में थे। वही इस संबंध में शुक्रवार को जानकारी देते हुए क्षेत्राधिकारी
शाहगंज अजीत सिंह चौहान ने बताया कि कल रात शाहगंज कोतवाली थाना क्षेत्र के शाहगंज पैलेस में सरायमीर से एक बारात आई थी जिसमें बारात में शामिल व्यक्ति ज्ञानचंद जायसवाल के रुपए से भरा बैग छीन कर बदमाश अपने साथियों के साथ फरार हो गए।

# जंगल में शिक्षक का शव मिलने से बवाल, अपहरण और हत्या का आरोप

टीम एक्शन इंडिया

**जालौन।** जालौन से हमीरपुर जिले में परीक्षा में ड्यूटी करने निकला शिक्षक अचानक कहीं लापता हो गया। वहीं परिजनों ने इसे लेकर गुमशुदगी दर्ज कराई थी, लेकिन 3 दिन बाद कोटरा थाना क्षेत्र के सैदनगर के जंगल में शिक्षक का शव मिला। मृतक के परिजनों ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर हत्या और अपहरण का आरोप लगाते हुए डीएम को शिकायती पत्र सौंपा है। बता दें कि उरई कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला शांति नगर निवासी श्यामकरन का 35 पुत्र जितेंद्र हमीरपुर जिले के गलिया मऊ में प्राइमरी स्कूल में अध्यापक थे। इस समय उसकी ड्यूटी हाईस्कूल परीक्षा में हीरानंद



इंटर कालेज बिंवार में लगी थी। बीती एक मार्च को उसने अपनी परीक्षा ड्यूटी पूरी की और बाइक से बीआरसी मुस्करा हमीरपुर में डाक जमा करने के बाद घर जा रहा था। वह घर नहीं पहुंचा था। इस पर परिजनों ने उसकी खोजबीन शुरू की थी। कहीं पता न चलने पर परिजनों ने दो मार्च को हमीरपुर जिले के बिंवार थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। गुरुवार को उसका शव कोटरा थाना क्षेत्र के सैदनगर गांव के पास खेत में पड़ा मिला। इसी को लेकर मृतक के पिता ने कलेक्ट्रेट परिसर पहुंचकर इस घटना की खुलासे की मांग की है। वहीं, हत्या और अपहरण की आशंका जताते हुए दोषियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। इस बारे में कोटरा थानाध्यक्ष विमलेश कुमार ने बताया कि शव की हालत से अंदाजा लगाया जा रहा है किउसकी मौत तीन-चार दिन पहले हो गई है।

**जांच जारी**

▶▶ शुक्रवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर हत्या और अपहरण का आरोप लगाते हुए डीएम को शिकायती पत्र सौंपा

# महानगर की समस्या नहीं हैं उत्पाती बंदर, ग्रामीण भी परेशान

लोकेश चौधरी

**मथुरा।** उत्पाती बंदर महानगर की समस्या नहीं है। उत्पाती बंदरों से ग्रामीण भी परेशान है। नगर निगम प्रशासन ने श्रद्धालुओं और महानगर की जनता को उत्पाती बंदरों से राहत दिलाने के लिए एक निजी संस्था को लगाया हुआ है। संस्था ने अब तक हजारों की संख्या में मथुरा वृंदावन से बंदरों को पकड़ कर कहीं छोड़ दिया है। प्रदेश प्रवक्ता भाकियू चढूनी एवं मंडल अध्यक्ष आगरा रामवीर सिंह तोमर ने मांग की है कि बंदरों को पकड़ कर छोड़ने से पहले प्रशासन को बंदरों के पुनर्वास के लिए ठोस योजना पर काम करना चाहिए। इस तरह छोड़ने से भूखे बंदर आस पास के ग्रामीण क्षेत्रों में घुस सकते हैं जो पहले से ही उत्पाती बंदरों से परेशान ग्रामीणों के साथ गंभीर समस्या खड़ी हो जाएगी। आंगई के मेहताब सिंह सिकरवार, सोहन सिंह, जादौपुर के सोरन सिंह, पंचम सिंह, बरौली के श्याम सिंह, हरिपाल सिंह, हथकौली के डा रमेश चंद्र सिकरवार, केदारी प्रधान, दघेंटा के रामप्रकाश ,ओमवीर सिंह सैदपुर के गुड्डू सरपंच सहित तमाम गांव के लोगों ने कहा है कि महानगर से पकड़े बंदरों को ग्रामीण इलाकों से दूर छोड़ा जाना चाहिए। उत्पाती बंदरों ने बुजुर्ग महिला पुरुषों और बच्चों का छत पर पहले से ही निकलना दूभर कर दिया है। अकेले बुजुर्ग,महिला, बच्चों पर हमला कर देते हैं।

**परेशानी का सबब**

▶▶ उत्पाती बंदरों ने बुजुर्ग महिला पुरुषों और बच्चों का छत पर पहले से ही निकलना दूभर कर दिया है

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 08 मार्च 2025 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

फास्ट न्यूज

## चार भाइयों को मारकर सिंहासन पर बैठा औरंगजेब: बघेल

**फिरोजाबाद।** केंद्रीय मंत्री प्रो. एस पी सिंह बघेल ने शुक्रवार को सपा विधायक द्वारा औरंगजेब को महान बताने के बयान पर कहा है कि जो व्यक्ति अपने चार भाइयों को मारकर सिंहासन पर बैठा हो, जिसने अपने पिता को जेल में कैद कर दिया हो वह महान कैसे हो सकता है। केंद्रीय मंत्री प्रो. एस पी सिंह बघेल शुक्रवार को टूंडला के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट का उद्घाटन करने पहुंचे थे। इस दौरान वह मीडिया से भी रूबरू हुए। उन्होंने सपा विधायक अबू आजमी के द्वारा औरंगजेब को महान बताने के बयान को लेकर कहा कि औरंगजेब कट्टर सुन्नी था। उसने तलवार की नोक पर लाखों हिन्दुओं को मुसलमान बनाया। औरंगजेब के शासन काल में ही जजिया कर लगाया गया। औरंगजेब ने अपने पिता शाहजहां को जेल में कैद कर दिया था। यही नहीं उनको थोड़ा सा पानी भेजता था तब शाहजहां ने अपने पुत्र के लिए लिखा था कि तुझसे तो अच्छे हिंदू धर्म में बेटे होते है जो मृत्यु के बाद भी अपने पिता के लिए तर्पण करते हैं।

## दिल्ली की आबोहवा फिर खराब, ग्रैप चरण एक की पाबंदियां लागू

**नई दिल्ली।** देश की राजधानी दिल्ली में पिछले कई दिनों से साफ आबोहवा एक बार फिर खराब हो गई है। शुक्रवार को दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक(एक्यूआई) 202 दर्ज किया गया। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने आपात बैठक बुलाकर स्थिति की समीक्षा की और वायु प्रदूषण को कम करने के लिए ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान (ग्रैप) चरण एक की पाबंदियां लागू कर दी हैं।

# काशी और अयोध्या के बाद अब मथुरा की बारी: योगी

## बरसाना में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 'रंगोत्सव 2025' का किया शुभारंभ

**टीम एक्शन इंडिया**

**मथुराः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने एक दिवसीय दौरे पर मथुरा के बरसाना में 'रंगोत्सव 2025' का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि काशी और अयोध्या के कायाकल्प के बाद अब मथुरा और ब्रज भूमि के विकास का समय आ गया है। बरसाना में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने श्री लाडली जी महाराज मंदिर में दर्शन-पूजन किया और फूलों व लड्डूमार होली के जरिए रंगोत्सव की शुरूआत की। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि 5 हजार साल से भारत की सनातन संस्कृति को ऊर्जा देने वाली यह ब्रज भूमि श्रद्धा और आस्था की धरा है। इसके कण-कण में श्री राधा और श्री कृष्ण के दर्शन होते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश का सौभाग्य है कि यहां काशी, अयोध्या और मथुरा, ये तीनों तीर्थ स्थल सनातन एकता के



प्रतीक के रूप में मौजूद हैं। उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विरासत और विकास की नई परंपरा स्थापित हुई है, जिसका परिणाम हाल ही में संपन्न प्रयागराज महाकुम्भ के भव्य आयोजन के रूप में देखने को मिला। उन्होंने कहा कि जो जितना सनातन धर्म के खिलाफ बोलता था, अफवाह फैलाता था और तर्कहीन बातें करता था, उन्हें सनातन धर्मावलम्बियों ने महाकुम्भ के जरिए करारा जवाब दिया है। महाकुम्भ सनातन धर्म का दुर्लभतम क्षण बन गया है।

**होली एकता और सद्भाव का त्योहार**

सीएम योगी ने होली को एकता का सूत्र बताते हुए कहा कि होली आपसी सद्भाव और दूरियों को मिटाने का त्योहार है। महाकुम्भ ने जहां दुनिया को एकता का संदेश दिया, वहीं होली इसे और मजबूत करती है। उन्होंने बरसाना की विश्व प्रसिद्ध लठ्ठमार होली और लड्डूमार होली का जिक्र करते हुए सनातन धर्म की अद्भुत परंपराओं की सराहना की।

**एकता का सूत्र**

**▸▸ ब्रज भूमि श्रद्धा की भूमि, होली का त्यौहार एकता का सूत्र, प्रयागराज महाकुम्भ सनातन धर्म का दुर्लभतम क्षण : योगी**

**श्रीराधारानी के श्रीचरणों में ब्रज भूमि के विकास का निवेदन**

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बार के बजट में ब्रज भूमि के विकास के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि करोड़ों की योजनाओं के साथ बरसाना को विकास से जोड़ा जा रहा है। पहली बार बरसाना में रोपवे की सुविधा शुरू हुई है। उन्होंने कहा कि महाकुम्भ सकुशल सम्पन्न होने के बाद अब फुरसत मिली है। काशी, अयोध्या, प्रयागराज, मां विंध्यवासिनी धाम के विकास के उपरांत अब बारी इसी पुण्य भूमि की है। सीएम ने आश्वस्त किया कि मथुरा, बरसाना, ब्रजभूमि के विकास के लिए कोई सीमा नहीं है। उन्होंने कहा कि वह होली के अवसर पर श्री राधारानी जी के श्रीचरणों में इसी निवेदन के साथ पहुंचे हैं। उन्होंने दिल्ली में रामभक्तों की सरकार आने का जिक्र करते हुए यमुना के संरक्षण का वादा दोहराया। सीएम ने कहा कि अब यमुना मइया भी गंगा मां की तरह निर्मल और अविरल होंगी।

**बरसाना ब्रह्मा, नंदगांव शिव और गोवर्धन विष्णु जी का प्रतीक**

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने संतों का सम्मान किया और देश-दुनिया से आए लोगों को होली व रंगोत्सव की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि बरसाना ब्रह्मा, नंदगांव शिव और गोवर्धन विष्णु जी का प्रतीक है। यह ब्रज भूमि हर सनातन धर्मावलंबी के लिए आशीर्वाद का केंद्र है। मुख्यमंत्री ने कहा कि डबल इंजन की सरकार सुरक्षा, विकास और समृद्धि की गारंटी है।



सीएम योगी आदित्यनाथ मथुरा में पूजा-अर्चना करते हुए।

# इस बार उमंग के अनूठे रंग में सराबोर होगी वृंदावन की होली

**टीम एक्शन इंडिया**

लखनऊ। उल्लास-उमंग और रंगों का पर्व होली इस बार वृंदावन में एक अलग आभा मे सराबोर दिखेगा। मथुरा-वृंदावन की होली तो वैसे भी जगत प्रसिद्ध है, मगर इस बार यहां की होली केवल आनंद ही नहीं सामाजिक सौहार्द, सांस्कृतिक समरसता तथा सामाजिक परिवर्तन के सम्मानित क्षण बनकर विश्व रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज कराने जा रही है। योगी सरकार के प्रयासों से यहां 2000 से अधिक विधवाएं एक साथ होली खेलकर एक अनूठा रिकॉर्ड बनाने जा रही हैं। इस क्रम में, वृंदावन के सामाजिक संगठनों के साथ मिलकर उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग होली पर विधवाओं की होली-2025 के तौर पर एक यूनीक इवेंट का आयोजन कर गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने की दिशा में प्रयास करेगी। ऐसे में, इस बार होली का त्योहार न केवल विधवाओं की बेरंग जिंदगी में खुशियों का रंग घोलने का माध्यम बनेगा बल्कि इतिहास व विश्व रिकॉर्ड में दर्ज होने के साथ ही समाज में सशक्त संदेश देने का माध्यम भी बनेगा।

**ऐतिहासिक**

**▸▸ 2000 से अधिक विधवाएं होली खेलकर 'गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड' व इतिहास में दर्ज कराएंगी नाम**

**पुरानी वर्जनाओं को तोड़ने का माध्यम है विधवाओं की होली**

विधवाओं की होली एक अनूठा सांस्कृतिक उत्सव है। परंपरागत रूप से, भारत में विधवाओं से होली जैसे त्योहारों सहित संसारिक सुखों को त्यागने की अपेक्षा की जाती थी, लेकिन भगवान कृष्ण के दिव्य प्रेम से जुड़े शहर वृंदावन में यह एक क्रांतिकारी बदलाव के तौर पर देखा जाता है। वृंदावन में विधवाओं की होली एक सांस्कृतिक और सामाजिक आयोजन है जो सदियों पुरानी वर्जनाओं को तोड़ता है।

## पंचकूला में भारतीय वायु सेना का लड़ाकू विमान जगुआर क्रैश, पायलट सुरक्षित

**चंडीगढ़।** भारतीय वायु सेना का लड़ाकू विमान जगुआर शुक्रवार को अंबाला से उड़ान भरने के बाद पंचकूला जिले में क्रैश हो गया। दुर्घटनाग्रस्त विमान मोरनी क्षेत्र के खेतों में गिरने के कारण बड़ा हादसा टल गया। विमान में केवल एक पायलट था, जो हादसे के समय सुरक्षित निकल गया, लेकिन उसे मामूली चोटें आई हैं। वायु सेना ने पूरे घटनाक्रम की जांच के आदेश दे दिए हैं।

# योगी सरकार प्रदेश के 59 शहरों का करेगी जीआईएस बेस्ड विकास

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊः** योगी सरकार ने प्रदेश के विका स को नई दिशा देने के लिए जीआईएस (ज्योग्राफिकल इंफॉर्मेशन सिस्टम) बेस्ड महायोजना का खाका तैयार किया है। इसके तहत प्रदेश के 59 शहरों का उन्नत तकनीक और हाईटेक सुविधाओं से विकास किया जाएगा। योगी सरकार के फैसले से प्रदश के विभिन्न शहरों को शहरीकरण की सही दिशा मिलेगी और शहरों के बुनियादी ढांचे को और अधिक मजबूत किया जाएगा। सीएम योगी ने महायोजना के तहत 35 शहरों को आधुनिकीकरण के लिए मंजूरी दे दी है। वहीं शेष को जल्द ही हरी झंडी दे दी जाएगी। इन शहरों में अयोध्या, अलीगढ़, सहारनपुर, देवरिया, गोरखपुर, वाराणसी, मेरठ, मथुरा, आजमगढ़, प्रयागराज, बरेली, गाजीपुर, रामनगर, मुरादाबाद, फिरोजाबाद, शाहजहांपुर और मुजफ्फरनगर सहित अन्य शहर शामिल हैं। इन शहरों में उन्नत तकनीकी विकास और आधारभूत संरचनाओं को मजबूत करने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। योगी सरकार जीआईएस तकनीक का उपयोग करके शहरों को वैज्ञानिक और डेटा-आधारित बनाएगी। इसके जरिये शहरों की सड़कों, जल निकासी प्रणाली, ग्रीन स्पेस, ट्रैफिक मैनेजमेंट, सार्वजनिक सुविधाओं और पर्यावरणीय मामलों को ध्यान में रखते हुए योजनाएं तैयार की जाएंगी।

**शहरीकरण**

**▸▸ योगी सरकार के फैसले से प्रदश के विभिन्न शहरों को शहरीकरण की सही दिशा मिलेगी**

# राज्यपाल ने जैसलमेर में आंतरिक सुरक्षा पर बैठक की

**टीम एक्शन इंडिया**

**जैसलमेर।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने शुक्रवार को जैसलमेर में आंतरिक सुरक्षा समन्वय की बैठक की और सीमावर्ती ग्रामीणों से संवाद किया। बैठक का आयोजन तनोट माता मंदिर परिसर स्थित सीमा सुरक्षा बल के सभागार में किया गया, जिसमें जिला प्रशासन और बीएसएफ के उच्च अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक के दौरान राज्यपाल ने आंतरिक सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने, सीमावर्ती क्षेत्रों में सड़क, पेयजल और अन्य मूलभूत सुविधाओं के विकास पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सीमाओं



की सुरक्षा जितनी महत्वपूर्ण है, उतना ही आवश्यक है कि आंतरिक सुरक्षा व्यवस्था भी प्रभावी बनी रहे। राज्यपाल ने बैठक में पाक विस्थापितों की स्थिति, मादक पदार्थों की तस्करी की रोकथाम, साइबर अपराधों के विरुद्ध अभियान और अन्य सुरक्षा संबंधी विषयों पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने अधिकारियों को अवैध तस्करी पर सख्त कार्रवाई करने और युवाओं में बढ़ रही नशे की प्रवृत्ति को रोकने के लिए ठोस कदम उठाने के निर्देश दिए।

**चर्चा की**

**▸▸ बैठक का आयोजन तनोट माता मंदिर परिसर स्थित सीमा सुरक्षा बल के सभागार में किया गया**

इसके बाद राज्यपाल ने सीमावर्ती गांव रणाऊ के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में ग्रामीणों से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि राजस्थान की धरती सदैव वीरता की प्रतीक रही है और सीमावर्ती क्षेत्रों के निवासियों ने सदैव देश की सुरक्षा में सहयोग दिया है।

# कर्मचारी चयन बोर्ड ने भर्ती परीक्षाओं का संशोधित कैलेंडर जारी किया

**टीम एक्शन इंडिया**

**जयपुर। राजस्थान** कर्मचारी चयन बोर्ड ने मार्च 2025 से सितंबर 2026 तक होने वाली 44 भर्ती परीक्षाओं का संशोधित कैलेंडर जारी किया है। इसमें परीक्षाओं की संभावित तिथियों के साथ-साथ परिणाम घोषित होने की अनुमानित तारीखें भी शामिल हैं। यह कैलेंडर शुक्रवार दोपहर को बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर प्रकाशित किया गया। बोर्ड के अनुसार, 2025 में मार्च से दिसंबर तक 35



भर्ती परीक्षाएं आयोजित की जाएंगी, जबकि 2026 में नौ परीक्षाओं का आयोजन निर्धारित किया गया है। संशोधित कैलेंडर के तहत, शीघ्र लिपिक और निजी सहायक ग्रेड सेकेंड भर्ती परीक्षा 19 से 23 मार्च 2025 के बीच आयोजित होगी, जिसका परिणाम 20 जून 2025 को जारी किया जाएगा।

**प्रकाशित**

**▸▸ यह कैलेंडर शुक्रवार दोपहर को बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर प्रकाशित किया गया**

## सांसद ने मेडिकल कॉलेज अस्पताल का किया निरीक्षण

**हजारीबाग।** हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल ने शुक्रवार को हजारीबाग मेडिकल कॉलेज अस्पताल की व्यवस्था सुदृढ़ करने को लेकर औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण की सूचना मिलते ही वहां अफरा- तफरी मच गई। प्रबंधन, चिकित्सक, चिकित्साकर्मी सभी अलर्ट मोड में दिखे। सांसद मनीष जायसवाल सीधे ट्रामा सेंटर पहुंचे जहां पर्ची काउंटर में घंटों से पर्ची के इंतजार में खड़े लोगों के समस्याओं से रूबरू हुए और फि र यहां इमरजेंसी ओपीडी, ड्रेसिंग रूम, प्लास्टर रूम का निरीक्षण करने के बाद सीधे अधीक्षक डॉ.अनुकरण पूर्ति के कार्यालय कक्ष में पहुंचे।

**सशक्तिकरण** योगी सरकार ने महिलाओं के कल्याण, सुरक्षा और सशक्तीकरण के लिए पिछले आठ वर्षों में की हैं अनेक पहल

# महिलाओं के प्रति समर्पण की मिसाल पेश कर रही योगी सरकार

**टीम एक्शन इंडिया**

लखनऊः उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने महिलाओं के कल्याण, सुरक्षा और सशक्तीकरण के लिए पिछले आठ वर्षों में अनेक पहल की हैं। विगत वर्षों में शुरू की गई विभिन्न योजनाओं और अभियानों के माध्यम से राज्य सरकार ने आधी आबादी को न केवल सम्मान और सुरक्षा प्रदान की, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने की दिशा में भी ऐतिहासिक कदम उठाए हैं। इन प्रयासों की झलक बजट 2025-26 में भी देखने को मिली, जिसमें महिलाओं की शिक्षा, स्वास्थ्य और आजीविका के लिए



कई नई घोषणाएं की गई हैं। महिलाओं के प्रति यह समर्पण न केवल उत्तर प्रदेश के विकास को गति दे रहा है, बल्कि देश के सामने एक मिसाल भी पेश कर रहा है।

**स्वच्छता और सुरक्षा में क्रांतिकारी कदम**

योगी सरकार ने स्वच्छ भारत मिशन (नगरीय) के तहत लगभग 09 लाख व्यक्तिगत और 69 हजार से अधिक सामुदायिक एवं सार्वजनिक शौचालयों का निर्माण कर सभी नगरीय निकायों को खुले में शौच से मुक्त घोषित करने में सफलता हासिल की है। खास तौर पर महिलाओं की सुरक्षा और सुविधा को ध्यान में रखते हुए 1,100 ब्लॉकों में पिंक शौचालयों का निर्माण कराया गया है। यह कदम महिलाओं के सम्मान और उनकी गरिमा को सुनिश्चित करने की दिशा में एक बड़ा प्रयास है।

**शिक्षा और आर्थिक सशक्तिकरण की मजबूत नींव**

कमजोर वर्ग की बालिकाओं को शिक्षा का अधिकार सुनिश्चित करने के लिए 680 कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों को उच्चीकृत किया गया है, जहां कक्षा 12 तक मुफ्त आवासीय शिक्षा उपलब्ध कराई जा रही है।

